

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 328 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 06 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 14 मूल्य 05 रुपया


# बच्चों को नशे से बचाने की अपील, स्कूलों के आसपास शराब की दुकानें क्यों?

## शिक्षक छात्रों को नशे से दूर रखें, लेकिन स्कूलों के आसपास शराब की दुकानें खोलने की अनुमति क्यों? 'समाज जागरण' का सवाल—क्या शराबबंदी पर गंभीरता से विचार नहीं कर सकतीं सरकारें?



समाज जागरण/रमन कुमार झा

नई दिल्ली। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के शिक्षकों से छात्रों को नशे की बुराई से बचाने, उनके व्यवहार में होने वाले बदलाव पर नजर रखने और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करने की अपील की है। प्रधानमंत्री की यह चिंता निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन इसी के साथ एक बड़ा सवाल भी खड़ा होता है—जब सरकारें युवाओं को नशे से दूर रखने की जिम्मेदारी शिक्षकों और प रिवारों पर डाल रही हैं, तो फिर स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के आसपास शराब की दुकानें खोलने की अनुमति क्यों दी जाती है?

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से बातचीत के दौरान कहा कि शिक्षकों को छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ उनके व्यवहार और रोजमर्रा के जीवन पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने नशे की समस्या का उल्लेख करते हुए शिक्षकों से जागरूकता फैलाने तथा बच्चों के व्यवहार में बदलाव दिखाई देने पर सतर्क रहने की अपील की।

प्रधानमंत्री की इस अपील का उद्देश्य स्पष्ट है—देश के बच्चों और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना। लेकिन जमीनी हकीकत कई जगह इससे बिल्कुल अलग दिखाई देती है। कई स्थानों पर स्कूल-कॉलेजों के आसपास ही शराब की दुकानें संचालित होती दिखाई देती हैं। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि जिस बच्चे को शिक्षक नशे से बचाने के लिए समझा रहे हैं, उसके आसपास नशीले पदार्थों की उपलब्धता को रोकने की जिम्मेदारी किसकी है?

### सरकारें शराब से राजस्व कमाएं या पीढ़ियों को नशे से बचाएं?

देश के कई राज्यों के बजट में शराब से मिलने वाला आबकारी राजस्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सरकारों के सामने राजस्व और सामाजिक हित के बीच संतुलन की चुनौती रहती है। लेकिन क्या इस चुनौती का समाधान शराब की दुकानों की संख्या और उपलब्धता बढ़ाना ही है?

'समाज जागरण' का सवाल सरकारों से है—क्या शराब से मिलने वाले राजस्व के विकल्प तलाशकर शराबबंदी की दिशा में गंभीरता से विचार नहीं किया जा सकता?

यदि सरकारें मानती हैं कि नशा समाज के लिए गंभीर समस्या है, तो नशे के खिलाफ केवल जागरूकता अभियान क्यों? स्कूलों और कॉलेजों के आसपास नशे की उपलब्धता को पूरी तरह रोकने, बिक्री व्यवस्था की कड़ाई से निगरानी करने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए कठोर नीतिगत कदम क्यों नहीं उठाए जाने चाहिए?

### स्कूल से 100 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान, सवालों के घेरे में व्यवस्था

'समाज जागरण' सरकार और प्रशासन से सीधा सवाल पूछना चाहता है—जो छात्र पढ़ने के लिए 5 से 10 किलोमीटर दूर स्कूल या कॉलेज तक पहुंच सकता है, क्या वह शराब खरीदने के लिए 100 मीटर की दूरी तय नहीं कर सकता?

बच्चे को नशे से बचाने के लिए शिक्षक लगातार जागरूकता अभियान चलाएं, अभिभावक अपने बच्चों पर नजर रखें और समाज उन्हें संस्कार तथा सही दिशा देने का प्रयास करे, यह जरूरी है। लेकिन दूसरी तरफ यदि उसी बच्चे के आसपास शराब आसानी से उपलब्ध हो, तो केवल शिक्षक और प रिवार से ही पूरी जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा कितनी व्यावहारिक है?

***यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं है। यह प रिवार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है।***

### शिक्षक अकेले नहीं बचा सकते बच्चों का भविष्य

शिक्षक बच्चे को समझा सकते हैं, अभिभावक उसकी निगरानी कर सकते हैं और समाज उसे सही संस्कार दे सकता है। लेकिन यदि आसपास का वातावरण ही नशे को आसानी से उपलब्ध कराता रहे तो इन प्रयासों की प्रभावशीलता सीमित हो सकती है।

इसलिए प्रधानमंत्री की अपील को केवल शिक्षक दिवस का संदेश मानकर आगे बढ़ जाने के बजाय इसे नीति और व्यवस्था में बदलाव की शुरूआत बनाया जाना चाहिए।

बच्चों से नशे से दूर रहने की अपील जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि समाज उनसे यह सवाल न पूछे कि वे नशे के पास क्यों गए—बल्कि व्यवस्था यह सुनिश्चित करे कि नशा बच्चों के आसपास पहुंचे ही नहीं।

अब सवाल सिर्फ यह नहीं कि शिक्षक छात्रों को नशे से कैसे बचाएं। बड़ा सवाल यह है कि सरकारें ऐसा माहौल कब बनाएंगी, जहां बच्चों को नशे से बचाने के लिए हर दिन संघर्ष ही न करना पड़े?

### छात्र पिए या कोई वयस्क, नुकसान पूरे परिवार का

शराब का प्रभाव केवल उस व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता जो उसका सेवन करता है। नशे की आदत से परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो सकती है, घरेलू विवाद बढ़ सकते हैं, स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है और बच्चों के मानसिक एवं सामाजिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

यही वजह है कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल स्कूलों में भाषण और जागरूकता कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रह सकती। नशे की उपलब्धता, बिक्री, प्रचार और सामाजिक स्वीकार्यता—इन सभी पहलुओं पर एक साथ काम करना होगा।

प्रधानमंत्री ने शिक्षकों से बच्चों का बचपन जीवंत बनाए रखने की अपील की है। यह जिम्मेदारी निश्चित रूप से शि क्षकों की है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या बच्चों का बचपन सुरक्षित रखना केवल शिक्षकों का दायित्व है?

## ट्रंप के दामाद कुशनर और विटकॉफ रूस पहुंचे,

*पुतिन ने तीन दिन के लिए कीव पर हमले रोकने का आदेश दिया*

मॉस्को। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच शनिवार को बड़ा कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जेरेड कुशनर शांति वार्ता के प्रयासों के तहत मॉस्को पहुंच गए। इसी बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तीन दिनों के लिए कीव पर हवाई हमले रोकने का आदेश दिया है।

रॉयटर्स के अनुसार, अमेरिकी प्रतिनिधियों के मॉस्को पहुंचने पर रूसी राष्ट्रपति के विशेष दूत किरिल दिमित्रिएव ने उनका स्वागत किया। इसके बाद विटकॉफ, कुशनर और दिमित्रिएव का काफिला सरकारी हवाई अड्डे से मॉस्को की ओर रवाना हुआ। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि पुतिन शनिवार को दोनों अमेरिकी प्रतिनिधियों से मुलाकात कर सकते हैं।

### तीन दिन तक कीव पर हमले रोकने का फैसला

अमेरिकी प्रतिनिधियों की यात्रा के बीच पुतिन ने कीव पर तीन दिनों तक हमले नहीं करने का निर्देश दिया है। दूसरी ओर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी अमेरिकी प्रतिनिधियों की बातचीत के दौरान हवाई हमले रोकने की सहमति जताई है। रिपोर्टों के अनुसार यह व्यवस्था दोनों देशों की राजधानियों पर हवाई हमलों तक सीमित है और इसे व्यापक युद्धविराम नहीं माना जा रहा है।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर सवर्ण आर्मी का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर में जिलाधिकारी कार्यालय पर जुटे कार्यकर्ता, जातिगत आरक्षण के बजाय आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग**

समाज जागरण

बलरामपुर। सवर्ण आर्मी के तत्वावधान में शनिवार को जनपद बलरामपुर में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। संगठन के अनुसार प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

संगठन की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक उसकी प्रमुख मांगों में आरक्षण को जातिगत आधार के बजाय आर्थिक आधार पर किए जाने, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों को वापस लेने, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को समाप्त करने तथा सवर्ण समाज के हितों के लिए सवर्ण आयोग के गठन की मांग शामिल है। प्रदर्शन के दौरान संगठन के जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।





कार्यकताओं ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की और सरकार से इन पर गंभीरता से विचार करने की मांग की।

### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

सवर्ण आर्मी ने कहा कि यदि उ सकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो संगठन बड़े आंदोलन की दिशा में आगे बढ़ेगा। संगठन ने सरकार से सवर्ण समाज से जुड़े मुद्दों पर नीतिगत स्तर पर निर्णय लेने की मांग की।

### आरक्षण नीति पर उठाया सवाल

प्रदर्शनकारियों ने आरक्षण व्यवस्था को लेकर आर्थिक आधार को प्राथमिकता देने की मांग दोहराई। उनका कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को उनकी आर्थिक स्थिति के आधार पर अवसर और सहायता मिलनी चाहिए।

वहीं, एससी-एसटी अधिनियम को लेकर संगठन की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। इस मुद्दे पर संगठन ने कानून को समाप्त करने की मांग की है।

सवर्ण आर्मी ने सवर्ण समाज से संबंधित शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए अलग आयोग गठित किए जाने की मांग भी रखी। अब संगठन की नजर सरकार की ओर से इन मांगों पर होने वाली कार्रवाई पर है। (स्रोतः संगठन द्वारा जारी जानकारी)

# मुंबई में दही हांडी की धूम, हजारों गोविंदाओं ने लगाए जयकारे

**लालबाग-दादर से ठाणे और नवी मुंबई तक गूंजे ढोल-नगाड़े, मानव पिरामिड बनाकर गोविंदाओं ने फोड़ी मटकी**

समाज जागरण

मुंबई। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को मुंबई और आसपास के इलाकों में दही हांडी उत्सव की धूम रही। महानगर के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित कार्यक्रमों में हजारों गोविंदाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। लालबाग और दादर की संकरी गलियों से लेकर ठाणे के बड़े आयोजन स्थलों तक दिनभर ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई देती रही।

दही हांडी के लिए महीनों से अभ्यास कर रही युवक-युवतियों की गोविंदा टोलियां सुबह से ही रंग-बिरंगी पोशाकों में खुले ट्रकों और टेंपो में सवार होकर विभिन्न आयोजन स्थलों की ओर रवाना हुईं। जगह-जगह फूलों और गुब्बारों से सजी हांडियां कई मीटर की ऊंचाई पर लटकाई गईं। गोविंदाओं ने कई स्तर वाले मानव पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर पहुंचने और दही से भरी मटकी फोड़ने का प्रयास किया।

मुंबई के परेल, लालबाग, वर्ली, दादर, भांडुप, मुलुंड, जोगेश्वरी और अंधेरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्सव का माहौल बना रहा। पड़ोसी



ठाणे और नवी मुंबई में भी बड़े स्तर पर दही हांडी कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन स्थलों पर लोकप्रिय हिंदी और मराठी गीतों के साथ ढोल की थाप ने माहौल को और जोशीला बना दिया।

### लाखों रुपये के इनाम पर नजर

मुंबई और आसपास के इलाकों में विभिन्न संगठनों और नेताओं की ओर से आयोजित दही हांडी प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। कई आयोजनों में गोविंदा टीमों के लिए लाखों रुपये तक के पुरस्कार रखे गए। इन पुरस्कारों को जीतने के लिए टीमों ने ऊंचे मानव पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ने का प्रयास किया।

### सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर विशेष जोर

दही हांडी के दौरान ऊंचाई से गिरने अथवा अन्य कारणों से चोट लगने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत रखा। पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किया और प्रमुख आयोजन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने भी संभावित रूप से घायल होने वाले गोविंदाओं के उपचार के लिए अस्पतालों में विशेष इंतजाम किए। महानगरपालिका के अनुसार उसके 16 उपनगरीय अस्पतालों के अलावा सायन स्थित लोकमान्य तिलक महानगरपालिका सामान्य अस्पताल, परेल स्थित केईएम अस्पताल और मुंबई सेंट्रल स्थित नायर अस्पताल में 100 से अधिक बिस्तर तैयार रखे गए। आपात चिकित्सा दलों को भी तैयार रखा गया।

दही हांडी उत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप और उनकी लीलाओं की झलक देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने उत्साह और उमंग के साथ जन्माष्टमी का पर्व मनाया।

इनपुट-पीटीआई-भाषा

## एससी-एसटी एक्ट मजबूत कानून, दुरुपयोग का हथियार नहीं: हरि मांझी



नई दिल्ली। पूर्व सांसद हरि मांझी ने कहा है कि एससी/एसटी एक्ट एक मजबूत कानून है, लेकिन इसे किसी व्यक्ति को झूठे मुकदमे में फंसाने का हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग जानबूझकर कानून का दुरुपयोग करते हैं, उनके खिलाफ भी कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब एससी/एसटी एक्ट के प्रावधानों और कथित दुरुपयोग को लेकर बहस जारी है।

**धर्मांतरण के मुकदमे में पांच आरोपियों को थाने से छोड़ने का आरोप**

आजमगढ़। रौनापार थाने में धर्मांतरण के मामले में पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें उसी दिन थाने से छोड़ दिए जाने का आरोप सामने आया है। अधिवक्ता कल्पना श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए आजमगढ़ पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए मामले में स्पष्टीकरण की मांग की है।

# होर्मुज के पास अमेरिका का बड़ा हमला, तीन ईरानी तेल टैंकरों को बनाया निशाना

**ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स के अमेरिकी युद्धपोतों पर मिसाइल हमले के बाद जवाबी कार्रवाई; खार्ग द्वीप और ओमान की खाड़ी के पास हुई कार्रवाई**

समाज जागरण

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य तनाव शनिवार को एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार अमेरिकी सेना ने ईरान के तीन कच्चे तेल ले जाने वाले टैंकरों को निशाना बनाया। यह कार्रवाई ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स द्वारा क्षेत्र में गश्त कर रहे दो अमेरिकी नौसैनिक युद्धपोतों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागे जाने के बाद की गई।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि एक अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर ने ईरानी हमलों को सफलतापूर्वक टाल दिया। अमेरिकी पक्ष के मुताबिक इस हमले में किसी अमेरिकी सैनिक को चोट नहीं आई। इस्के बाद अमेरिकी सेना ने तीन ईरानी क्रूड ऑयल कैरियर को निशाना बनाया।

### खार्ग द्वीप के पास दो टैंकरों पर कार्रवाई

CENTCOM के अनुसार दो ईरानी तेल टैंकरों को खार्ग द्वीप और जास्क बंदरगाह के आसपास निशाना बनाया गया। खार्ग द्वीप ईरान के लिए बेहद महत्वपूर्ण तेल निर्यात केंद्र है। अमेरिकी सेना ने इन जहाजों को स्थायी रूप से निष्क्रिय किए जाने की बात कही है।

तीसरे टैंकर को ओमान की खाड़ी में निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना के अनुसार इस जहाज के चालक दल को पहले जहाज छोड़ने का निर्देश दिया गया था और उसके बाद जहाज को पूरी तरह निष्क्रिय कर दिया गया।

### अमेरिका ने बताया जवाबी कार्रवाई

अमेरिकी कमांड ने कार्रवाई को ईरानी हमले की प्रतिक्रिया बताया है। CENTCOM के मुताबिक जिन टैंकरों को निशाना बनाया गया, वे कथित तौर पर ऐसे नेटवर्क का हिस्सा थे जिससे ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों को आर्थिक मदद मिलती है।

अमेरिकी कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने ईरानी हमलों को लेकर कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अमेरिकी जहाजों पर हमला करने की स्थिति में ईरान को आर्थिक और सैन्य कीमत चुकानी पड़ेगी।

### होर्मुज पर बढ़ा खतरा

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते टकराव का सबसे बड़ा असर फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा पर पड़ सकता है। यह क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। यहां सैन्य तनाव बढ़ने से तेल की आवाजाही, जहाजरानी और अंतरराष्ट्रीय बाजार पर दबाव बढ़ने की आशंका है।

ईरान की ओर से अमेरिकी कार्रवाई पर तत्काल विस्तृत सैन्य प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन ईरानी मीडिया ने खार्ग द्वीप के पास एक तेल टैंकर को अमेरिकी हमले में निशाना बनाए जाने की खबर दी है। कुछ रिपोर्टों में टैंकर के चालक दल को सुरक्षित निकाले जाने

# वर्तमान दौर की सबसे बड़ी महामारी – संस्कारहीन रिश्ते

## रिश्तों को बड़े शब्द नहीं, छोटे संस्कार बचाते हैं
## एक साथ रहते हुए भी कितने अकेले हो गए हम

वर्तमान समय की सबसे भयावह महामारी अस्पतालों में नहीं, घरों के भीतर पल रही है। इसका न कोई परीक्षण है, न तापमान, न कोई चिकित्सकीय रिपोर्ट। यह चुपचाप रिश्तों में उतरती है और उनकी धड़कनें धीमी कर देती



है। इसका नाम है–संस्कारहीन रिश्ते। समाचारों की सुर्खियाँ हत्या, तलाक, पारिवारिक कलह और टूटते घर दिखाती हैं, पर उन घटनाओं के पीछे पसरा वह सन्नाटा नहीं दिखातीं, जहाँ कभी अपनापन साँस लेता था। असली त्रासदी तब होती है, जब अपने ही लोग एक-दूसरे के लिए अजनबी बन जाते हैं। संस्कार रिश्तों की रखवाली छोड़ दें तो मकान तो खड़े रहते हैं, कमरे भी भरे रहते हैं–बस घर भीतर से वीरान हो जाता है।

कभी रिश्ते मिट्टी जैसे थे–नरम, लचीले, एक-दूसरे में घुले हुए। संस्कार वह पानी थे, जो बिखरे कणों को जोड़कर परिवार गढ़ते थे। आज वही मिट्टी सूख रही है। अहंकार की एक चुभन, स्वार्थ की एक परत और सुविधा की एक आँधी रिश्तों में दरार डाल देती है। हमने संबंधों को भावनाओं से नहीं, फायदे से तौलना शुरू कर दिया है–सुविधा रही तो रिश्ता रहा, सुविधा गई तो अपनापन भी गया। अदालतों के पारिवारिक विवाद और रोज की सुर्खियाँ इसी बिखराव के कण हैं। सवाल यह नहीं कि रिश्ते क्यों टूट रहे हैं; सवाल यह है कि उन्हें बाँधने वाला संस्कारों का पानी हमारी हथेलियों से कब रिस गया।

आज परिवार एक छत के नीचे रहता है, पर एक-दूसरे के भीतर नहीं उतरता। खाने की मेज पर थालियाँ साथ होती हैं, मोबाइल भी–बस संवाद नहीं होता। बच्चे सवाल लेकर बड़ों तक पहुँचने के बजाय स्क्रीन पर उत्तर खोजते हैं और बुजुर्ग घर में रहकर भी बातचीत से बाहर हो जाते हैं। संस्कार अब व्यवहार में कम, किताबों, भाषणों और त्योहारों की तस्वीरों में अधिक दिखाई देते हैं। फिर किसी दिन खबर आती है–किसी वृद्ध की मृत्यु का पता कई दिनों बाद चला। सुर्खी कुछ पल ठहरती है, मगर उसके पीछे वर्षों का अकेलापन, दरवाजे पर टिकी आँखें और अपनों के स्पर्श को तरसते हाथ छूट जाते हैं। संस्कार जीवित होते तो बुजुर्ग खबर नहीं बनते–घर की सबसे सुरक्षित छाँव बने रहते।

प्रेम अब अपनापन कम, अपेक्षाओं का हिसाब अधिक बनता जा रहा है। इच्छा पूरी हुई तो मुस्कान, टूटी तो शिकायत; अपेक्षा टूटी तो रिश्ता भी डगमगा गया। कभी एक माफी वर्षों का साथ बचा लेती थी, आज एक संदेश, ब्लॉक या अनफॉलो वर्षों की निकटता मिटा देता है। मतभेद समस्या नहीं, संवाद का इम्तिहान हैं; दुख यह है कि हमने मतभेद के बाद बात करना छोड़ दिया। गलती मानना कमजोरी नहीं, रिश्ते की ताकत है; माफी माँगना हार नहीं, प्रेम का साहस। इसीलिए पहला तूफान आते ही रिश्ते की छत उड़ जाती है–उसे थामने वाली संस्कारों की कड़ियाँ पहले ही टूट चुकी होती हैं।

शहरों की चमक हमें उस आँगन से दूर ले गई, जहाँ कभी परिवार साथ बैठता था। दादा-दादी की कहानियाँ किस्से नहीं, धैर्य, क्षमा, त्याग और सम्मान की पाठशाला थीं। आज आँगन की जगह बालकनी, कहानियों की जगह रील्स और साथ की जगह अलग-अलग स्क्रीन हैं। बच्चे तेज भागना सीख रहे हैं, ठहरकर सुनना नहीं। माता-पिता सुविधाएँ जुटाने की दौड़ में बच्चों की आँखों की थकान और मन की चुप्पी पढ़ना भूल रहे हैं। फिर वही बच्चे बड़े होकर माता-पिता को वृद्धाश्रम छोड़ देते हैं और यह एक खबर बन जाती है। पर वृद्धाश्रम की राह उस दिन नहीं बनती–उसकी पहली ईंट बहुत पहले घर के भीतर रखी जा चुकी होती है।

इस महामारी का सबसे खतरनाक लक्षण है–उसका दिखाई न देना। न बुखार, न खाँसी, न कोई रिपोर्ट; फिर भी परिवार भीतर से बीमार हो जाता है। आवाजों से अपनापन घटता है, बातचीत औपचारिक होती है और एक ही छत के नीचे लोग अपने-अपने एकांत में सिमट जाते हैं। साथ रहते हुए भी अकेलापन बढ़ता जाता है। समाचार चैनल घटना दिखा सकते हैं, आँकड़े गिना सकते हैं, बहस कर सकते हैं; मगर उस संस्कारहीनता को नहीं पकड़ सकते, जो टूटते रिश्तों की जड़ में पलती है। शायद इसलिए हम सुर्खियों से आगे देखना नहीं चाहते–क्योंकि वहाँ किसी और की कहानी नहीं, हमारा अपना आईना खड़ा है।

फिर भी इस बीमारी का इलाज संभव है, क्योंकि संस्कार कोई पुरानी चीज नहीं, बल्कि रोजमर्रा के छोटे-छोटे व्यवहार हैं। इलाज बाहर से नहीं, भीतर से शुरू होगा। बिना कारण मुस्कुरा देना, किसी की बात बीच में न काटकर सुन लेना, गलती पर माफी माँग लेना, बुजुर्ग के हाथ छूकर आशीर्वाद लेना, बच्चे के सवाल को महत्व देना और क्रोध के क्षण में कठोर शब्द रोक लेना–यही रिश्तों की असली वैक्सीन हैं। रिश्तों की सूखी मिट्टी को फिर से गीला करना होगा। संस्कारों को उपदेशों की दीवार से उतारकर व्यवहार की जमीन पर लाना होगा। घर में थोड़ा समय, थोड़ा धैर्य और थोड़ा अपनापन लौट आए, तो बहुत-से रिश्ते टूटने से पहले ही बच सकते हैं।

शायद अब समय है कि हम सुर्खियों से बाहर निकलकर अपने ही घर को देखें। रिश्ते क्यों टूट रहे हैं, यह पूछने से पहले यह देखना होगा कि उन्हें बचाने के लिए हम अपने भीतर क्या बदल सकते हैं। न्यूज की सुर्खि याँ बदलती रहेंगी, घटनाएँ गुजर जाएँगी; मगर टूटा विश्वास, अकेला बुजुर्ग और भीतर से बुझा रिश्ता खबर बदलने से वापस नहीं आएगा। शुरूआत किसी बड़े अभियान से नहीं, घर की छोटी-सी संवेदना से होगी–किसी अपने को सुन लेने से, रूठे को मना लेने से, बुजुर्ग के पास बैठ जाने से, बच्चे के मन को समझ लेने से और अपनी गलती पर झुक जाने से। क्योंकि रिश्ते बड़े शब्दों से नहीं, छोटे संस्कारों से बचते हैं। सुर्खियों से आगे देखिए–शायद आपके अपने घर में अभी भी एक रिश्ता आपकी प्रतीक्षा कर रहा है।

**कृति आरके जैन**
**शिक्षाविद्**
**बड़वानी (मप्र)**

# लंबित मामले और सर्वोच्च न्यायालय की ऐतिहासिक पहल

महेन्द्र तिवारी

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्वतंत्र न्यायपालिका मानी जाती है। संविधान ने प्रत्येक नागरिक को समान न्याय का अधिकार दिया है, लेकिन आज वास्तविक चुनौती न्याय के अधिकार से अधिक समय पर न्याय मिलने की है। देश की जिला और अधीनस्थ अदालतों में 5.18 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। यह केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि उन करोड़ों परिवारों की पीड़ा है जो वर्षों तक अदालतों के चक्कर लगाते हुए अपनी आशा, समय और धन गंवाते रहते हैं। न्यायशास्त्र की प्रसिद्ध उक्ति है कि न्याय में देरी वास्तव में न्याय से वंचित करने के समान है। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने जिला न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है, जिसका उद्देश्य अनुभवी न्यायाधीशों को न्याय व्यवस्था में बनाए रखना और मुकदमों के निपटारे की गति बढ़ाना है।

सर्वोच्च न्यायालय की विशेष पीठ ने सात राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे दो महीने के भीतर अपने सेवा नियमों में संशोधन कर जिला न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करें। इन राज्यों में छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, सिक्किम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। यह निर्णय स्वतः सभी अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। प्रत्येक न्यायिक अधिकारी की कार्यक्षमता, ईमानदारी और सेवा अभिलेख का मूल्यांकन संबंधित उच्च न्यायालय करेगा। केवल वही अधिकारी अतिरिक्त दो वर्ष की सेवा के पात्र होंगे जिनका प्रदर्शन उत्कृष्ट पाया जाएगा। इस प्रकार न्यायालय ने अनुभव और गुणवत्ता दोनों के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया है।

इस निर्णय का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष उन न्यायिक अधिकारियों से जुड़ा है जो 31 मार्च 2026 या उसके बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें पुनः सेवा में लौटने का अवसर देने का मार्ग भी प्रशस्त किया है, बशर्ते उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद कोई अन्य लाभकारी पद स्वीकार न किया हो। इसका अर्थ यह है कि हाल ही में सेवा छोड़ चुके अनेक अनुभवी न्यायाधीश फिर से अदालतों में न्याय वितरण की प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। न्यायपालिका के लिए यह अनुभव की वापसी है और आम नागरिक के लिए त्वरित न्याय की नई आशा।

भारत की न्यायिक व्यवस्था में जिला अदालतों का महत्व अत्यंत व्यापक है। देश के अधिकांश नागरिकों का पहला संपर्क इन्हीं अदालतों से होता है। हत्या, बलात्कार, संपत्ति विवाद, पारिवारिक मुकदमे, उत्तराधिकार, व्यापारिक अनुबंध और भूमि संबंधी अधिकांश मामलों की सुनवाई जिला स्तर से प्रारंभ



होती है। जब कोई न्यायाधीश लगभग तीन दशकों तक न्यायिक सेवा देता है, तब उसके पास केवल कानून का ज्ञान ही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक परिस्थितियों और जटिल साक्ष्यों को समझने की अद्भुत क्षमता भी विकसित हो जाती है। ऐसे अधिकारी को 60 वर्ष की आयु में अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर देना न्यायपालिका के लिए अनुभव की बड़ी क्षति माना गया है।

वर्तमान व्यवस्था में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश 65 वर्ष तथा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 62 वर्ष तक सेवा देते हैं। इसके विपरीत अधिकांश राज्यों में जिला न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष रही है। यह अंतर लंबे समय से बहस का विषय था। सर्वोच्च न्यायालय का मत है कि जब जिला न्यायपालिका ही न्यायिक व्यवस्था की नींव है, तब उसके अनुभवी अधिकारियों को भी उच्च न्यायालय के समान 62 वर्ष तक सेवा देने का अवसर मिलना चाहिए। यह कदम न्यायिक पदानुक्रम की गरिमा बनाए रखते हुए व्यावहारिक आवश्यकता को स्वीकार करता है।

हालांकि इस सुधार पर सभी राज्यों की सहमति नहीं बन सकी है। कई राज्यों ने वित्तीय बोझ और प्रशासनिक समानता का तर्क प्रस्तुत किया है। उनका कहना है कि यदि न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाई जाती है, तो अन्य सरकारी कर्मचारी भी समान मांग करेंगे, जिससे राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा। यह तर्क पहली दृष्टि में उचित प्रतीत हो सकता है, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने इसका विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए इसे स्वीकार नहीं किया।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि न्यायिक अधिकारी सामान्य सरकारी कर्मचारियों की श्रेणी में नहीं आते। एक न्यायिक अधिकारी बनने से पहले व्यक्ति को विधि की शिक्षा, अधिवक्ता के रूप में वर्षों का अभ्यास और कठिन चयन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। परिणामस्वरूप उसकी न्यायिक सेवा अपेक्षाकृत अधिक आयु में प्रारंभ होती है। इसलिए अन्य विभागों के कर्मचारियों के साथ उसकी सीधी तुलना करना उचित नहीं है। न्यायालय ने यह भी कहा कि न्यायिक सेवा की प्रकृति विशिष्ट है और उसकी आवश्यकताओं के अनुसार अलग नीति बनाना संविधान के अनुरूप है।

वित्तीय दृष्टि से भी सर्वोच्च न्यायालय का तर्क अत्यंत व्यावहारिक है। यदि किसी न्यायाधीश को 60 वर्ष में सेवानिवृत्त किया जाता है, तो राज्य सरकार को तत्काल उसकी पेंशन का भुगतान प्रारंभ करना पड़ता है। उसी समय रिक्त पद पर नियुक्त नए अधिकारी को पूरा वेतन भी देना होता है। अर्थात एक ही पद पर दोहरी वित्तीय देनदारी उत्पन्न हो जाती है। इसके विपरीत यदि वही अधिकारी 62 वर्ष तक सेवा में बना रहता है, तो पेंशन का भुगतान दो वर्ष बाद प्रारंभ होगा और राज्य को तत्काल दोहरा खर्च नहीं उठाना पड़ेगा। इस प्रकार सेवानिवृत्ति आयु में वृद्धि वास्तव में वित्तीय राहत भी प्रदान कर सकती है।

न्याय में देरी का प्रभाव केवल अदालतों की फाइलों तक सीमित नहीं रहता। इसका सीधा असर समाज, अर्थव्यवस्था और मानवाधिकारों पर पड़ता है। देश की जेलों में बड़ी संख्या में विचाराधीन कैदी ऐसे हैं जिनके मुकदमे वर्षों से लंबित हैं। अनेक मामलों में आरोपी अपनी संभावित अधिकतम सजा से भी अधिक समय जेल में बिता देते हैं। यह स्थिति संविधान द्वारा प्रदत्त व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। दूसरी ओर पारिवारिक विवाद वर्षों तक चलने से संबंध टूट जाते हैं, भूमि विवाद पीढ़ियों तक विरासत बन जाते हैं और व्यापारिक मुकदमों के कारण उद्योगों का विकास प्रभावित होता है।
आर्थिक दृष्टि से भी त्वरित न्याय अत्यंत आवश्यक है। कोई भी निवेशक ऐसे वातावरण में निवेश करने से हिचकता है जहां अनुबंध संबंधी विवादों का समाधान वर्षों तक न हो। न्यायिक दक्षता किसी भी विकसित अर्थव्यवस्था की आधारशिला होती है। यदि जिला अदालतों में अनुभवी न्यायाधीशों की संख्या बढ़ेगी और रिक्त पद कम होंगे, तो व्यापारिक विश्वास, निवेश और आर्थिक गतिविधियों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए यह सुधार केवल न्यायपालिका तक सीमित नहीं, बल्कि व्यापक आर्थिक विकास से भी जुड़ा हुआ है।

फिर भी यह स्वीकार करना आवश्यक है कि केवल सेवानिवृत्ति आयु बढ़ा देने से 5.18 करोड़ लंबित मामलों की समस्या समाप्त नहीं होगी। न्यायपालिका के सामने अनेक अन्य चुनौतियां भी हैं। हजारों स्वीकृत पद आज भी रिक्त हैं। अनेक जिला अदालतों में पर्याप्त न्यायालय भवन, आधुनिक अभिलेख व्यवस्था, डिजिटल सुविधाएं और प्रशिक्षित सहायक कर्मियों का अभाव है। कई मुकदमों में बार बार स्थगन, कमजोर जांच और लंबी प्रक्रिया भी देरी के प्रमुख कारण हैं। इसलिए यह निर्णय एक महत्वपूर्ण शुरूआत अवश्य है, लेकिन व्यापक न्यायिक सुधारों का विकल्प नहीं बन सकता।

भविष्य की न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई समानांतर कदम आवश्यक होंगे। न्यायाधीशों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति, अदालतों का डिजिटल आधुनिकीकरण, ग्राम स्तर पर वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा, प्रक्रियात्मक कानूनों का सरलीकरण और न्यायिक प्रशिक्षण की निरंतर व्यवस्था ऐसे उपाय हैं जो इस पहल को वास्तविक सफलता दिला सकते हैं। अनुभवी न्यायाधीशों का ज्ञान तभी अधिक उपयोगी होगा जब उन्हें आधुनिक संसाधनों और पर्याप्त संस्थागत सहयोग का साथ मिले।

सर्वोच्च न्यायालय ने शेष राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भी अपने रुख पर पुनर्विचार करने के लिए समयबद्ध निर्देश दिए हैं। यह संकेत स्पष्ट है कि न्यायालय पूरे देश में एक समान और सुदृढ़ न्यायिक नीति विकसित करना चाहता है। यदि विभिन्न राज्यों में अलग अलग आयु सीमा बनी रहती है, तो न्यायिक व्यवस्था में अनावश्यक असमानता उत्पन्न होगी। इसलिए आने वाले समय में इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक सहमति बनने की संभावना है।

भारतीय लोकतंत्र की सफलता केवल कानून बनाने में नहीं, बल्कि समय पर न्याय देने में निहित है। जिला न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करने की पहल अनुभव, दक्षता और न्यायिक निरंतरता को महत्व देने वाला दूरदर्शी निर्णय है। यह कोई जादुई समाधान नहीं, किंतु न्याय की दिशा में एक ठोस और व्यावहारिक कदम अवश्य है। यदि कार्यपालिका और न्यायपालिका मिलकर आधारभूत संरचना, तकनीक और मानव संसाधन के क्षेत्र में समान गति से सुधार करें, तो वह दिन दूर नहीं जब न्याय वास्तव में प्रत्येक नागरिक के लिए सुलभ, सस्ता और त्वरित बन सकेगा।

### गुरु का सम्मान

# भारतीय संस्कृति का प्राण, संस्कार और जीवन का सच्चा मार्गदर्शक

लेखकः- जर्नलिस्ट वेद प्रकाश

भारतीय सनातन संस्कृति और जीवन-मूल्यों में 'गुरु' शब्द केवल एक संज्ञा या उपाधि मात्र नहीं है, बल्कि यह वह महान ऊर्जा और प्रकाशपुंज है जो मनुष्य को अज्ञान के गहन अंधकार से निकालकर ज्ञान, विवेक और सत्य के प्रकाश की ओर ले जाता है। हमारे शास्त्रों और लोकजीवन में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर यानी साक्षात ईश्वर के समान दर्जा दिया गया है।
तुलसीदास जी से लेकर कबीर दास तक, हर संत और विचारक ने गुरु की महिमा का बखान किया है। प्रसिद्ध दोहा "गुरु गोविंद दोउ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरु आपने जिन गोविंद दियो बताय।" इस बात का सबसे बड़ा जीवंत प्रमाण है कि भारतीय विद्वानों व विचारकों ने ईश्वर से भी ऊँचा स्थान गुरु को दिया है। इसका कारण यह है कि ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग और उस विराट शक्ति को पहचानने की दृष्टि हमें केवल एक गुरु ही प्रदान करता है।

'गुरु' शब्द दो मूल अक्षरों से मिलकर बना है। पहला 'गु' और दूसरा 'रु'। संस्कृत व्याकरण और दर्शन के अनुसार, 'गु' शब्द का अर्थ है 'अंधकार' या 'अज्ञान', और 'रु' शब्द का अर्थ है 'उस अंधकार को दूर करने वाला' या 'प्रकाश फैलाने वाला'। इस प्रकार, शाब्दिक अर्थ के रूप में गुरु वह है जो हमारे भीतर और बाहर फैले अज्ञान के अंधकार को अपने ज्ञान रूपी प्रकाश से मिटा देता है।
प्राचीन काल से ही हमारी संस्कृति में 'गुरु-शिष्य परंपरा' का एक अत्यंत पवित्र और गरिमामयी इतिहास रहा है। महर्षि वेदव्यास, गुरु कृपाचार्य, गुरु परशुराम, गुरु द्रोणाचार्य और आधुनिक युग में स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस जैसे महान व्यक्तित्वों ने इस परंपरा को सींचा है। इन गुरुओं ने न केवल अपने शिष्यों को शास्त्रों का ज्ञान



दिया, बल्कि उन्हें जीवन के विकट संघर्षों से लड़ने की मानसिक और नैतिक शक्ति भी प्रदान की है। जीवन निर्माण में गुरु की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मानव जीवन के विकास में गुरु की भूमिका को अलग-अलग चरणों और आयामों में स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है। एक शिशु जब इस दुनिया में कदम रखता है, तो उसकी सबसे पहली गुरु उसकी माता होती है, जो उसे बोलना, चलना और संसार का बोध कराना सिखाती है। वही औपचारिक शिक्षा के रूप में विद्यालय और महाविद्यालय के शिक्षक उसके बौद्धिक विकास की नींव रखते हैं। केवल किताबी ज्ञान दे देना ही शिक्षा नहीं है। एक सच्चा गुरु छात्र के भीतर अच्छा आचरण, अनुशासन, सत्यनिष्ठा, परोपकार और बड़ों के प्रति आदर जैसे मानवीय गुणों का बीजारोपण करता है। वही जब कोई व्यक्ति जीवन के किसी मोड़ पर असफलताओं से घिर जाता है, अवसादग्रस्त होता है या दिशाहीन महसूस करता है, तब एक गुरु का सान्निध्य और उसका एक सकारात्मक वाक्य मनुष्य को नई ऊर्जा और दिशा देता है। आज के इस भौतिकवादी, तकनीकी और तेज रफ्तार युग में शिक्षा का स्वरूप और उसका उद्देश्य काफी हद तक बदल चुका है। आधुनिक युग में शिक्षा एक बड़े उद्योग या व्यवसाय का रूप ले चुकी है, जहाँ शिक्षक और छात्र का संबंध अक्सर 'कोचिंग', 'फीस' और 'कमर्शियल डील्स' तक सीमित होता जा रहा है। आज इंटरनेट, गूगल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में सूचनाओ का अंबार एक क्लिक पर उपलब्ध है। लेकिन सूचना मिलना और 'ज्ञान' प्राप्त करना दोनों में जमीन-आसमान का अंतर है। इंटरनेट आपको तथ्य दे सकता है, किंतु चरित्र, विवेक, धैर्य और नैतिक मूल्य केवल एक जीवंत और संवेदनशील गुरु ही दे सकता है। भौतिकता की अंधी दौड़ के कारण आज समाज में शिक्षकों के प्रति आदर और सम्मान की भावना में कमी आई है। कई बार छात्र अपने शिक्षकों को केवल एक सेवा प्रदाता के रूप में देखते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत के खिलाफ है, बल्कि एक स्वस्थ समाज के भविष्य के लिए भी खतरनाक है।

गुरु का सम्मान केवल एक औपचारिकता या वर्ष में एक बार आने वाले 'शिक्षक दिवस' अर्थात 5 सितंबर के दिन शुभकामना संदेश भेजने तक सीमित नहीं होना चाहिए। गुरु के प्रति सच्चा सम्मान और कृतज्ञता तभी प्रकट होती है जब हम अपने आचरण में उनके उपकारों को उतारते हैं। गुरु के आदेशों को पालन करते हुए उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग, उनके अनुशासन और नैतिक सीखों का अपने दैनिक जीवन में पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए। जीवन के किसी भी ऊंचे मुकाम पर पहुँच जाने के बाद भी अपने शुरू आती और वर्तमान गुरुओं को न भूलना और उनके प्रति आदर भाव बनाए रखना चाहिए। एक छात्र जब समाज में एक ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और सफल इंसान बनकर उभरता है, तो वह अपने गुरु के नाम को सबसे बड़ा सम्मान देता है। गुरु का सबसे बड़ा पुरस्कार उनके शिष्य की सफलता और उसका अच्छा चरित्र होता है।गुरु उस मजबूत नींव के समान है, जिस पर किसी भी राष्ट्र, समाज और व्यक्ति के भविष्य की भव्य इमारत टिकी होती है। जिस समाज में गुरुओं का अपमान होता है या उनकी उपेक्षा की जाती है, वह समाज धीरे-धीरे अपने सांस्कृतिक मूल्यों और दिशा से भटक जाता है।

आज के समय की सबसे बड़ी मांग यह है कि हम अपनी प्राचीन और गौरवशाली गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा को पुनः जीवित करें। अपने शिक्षकों के प्रति मन, वचन और कर्म से आदर का भाव रखें। एक सम्मानित, संतुष्ट और सम्मानित गुरु ही राष्ट्र को एक सुसंस्कृत, सक्षम, नैतिक और सशक्त युवा पीढ़ी प्रदान कर सकता है, जो देश के विकास में अपना अभूतपूर्व योगदान दे सके।

**मित्रों! ये है अपना "इसरो"**

अंधेरे को चीर निकली, रोशनी की एक नई किरण,
आसमान की ऊँचाइयों पे, लिखीं एक नई दास्तान।
श्रीहरिकोटा की धरती से, जब रॉकेट ने भरी उड़ान,
गर्व से ऊँचा हुआ तिरंगा, गूँजता भारत का सम्मान।
जीएसएलवी की गर्जना में, सपनों ने आकार लिया,
'ईओएस-05' कक्षा में पहुँचा, देश ने इतिहास रचा।
अब धरती की हलचल पर, नजर रखेगा यह उपग्रह,
कृषि, मौसम और आपदा में, देश का प्रहरी हमराह।
2 हजार 3 सौ किलो का, वजन लेकर 'नभ' में गया,
सटीक कक्षा में पहुँचाकर, फिर दुनिया से कह गया।
हम केवल सपने नहीं देखते, सपनों को सच करते हैं,
जहाँ दुनिया पग रोकती, वहाँ से हम उड़ान भरते हैं।
हाँ, अंधेरे से उजियारे तक, ये यात्रा यूँ ही चलती रहे,
विज्ञान के पंखों पे भारत, हर आकाश को छूता रहे।
मित्रों! ये है अपना इसरो, हिंदुस्तान का अभिमान है,
धरती से लेकर अंतरिक्ष तक, हमारी यह पहचान है।
(संदर्भ - ईओएस-05 को उस की कक्षा मे पहुंचाया।)

संजय एम तराणेकर
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)**
**मो. 98260 25986**

**स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200**

# एफएलसी कार्यों का जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 5 सितंबर। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वेयरहाउस में चल रहे फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) कार्यों का जिला निर्वाचन अधिकारी ने शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने एफएलसी प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों और प्रोटोकॉल के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत ब्रीफिंग भी हुई। अधिकारियों ने प्रतिनिधियों को मशीनों की जांच सहित एफएलसी प्रक्रिया के विभिन्न चरणों और निर्धारित व्यवस्थाओं की जानकारी दी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एफएलसी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाए और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि एफएलसी का कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए, जिससे आगामी निर्वाचन संबंधी तैयारियां समय से पूरी हो सकें।

इस अवसर पर भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष अश्वनी गोयल, बूथ अध्यक्ष मानिक चंद शर्मा, सपा के उपाध्यक्ष कपिल सैफी, बसपा के जिला सचिव डॉ. रविन्द्र तोमर, जिला कोषाध्यक्ष इंसाद अली, अनील कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# सभी एओए के नोटिस बोर्ड पर चस्पा होगा हाईकोर्ट का आदेश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 5 सितंबर। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों एवं अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन (एओए) के मुख्य नोटिस बोर्ड पर न्यायालय के आदेश की प्रति चस्पा करनी होगी। डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, गाजियाबाद निखलेश राजन ने इस संबंध में सभी संबंधित एओए को निर्देश जारी किए हैं।

यह आदेश रिट याचिका-सी संख्या 31784/2026, एल्डिको आमन्त्रण अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में 12 अगस्त 2026 को पारित किया गया है। आदेश चस्पा किए जाने का उद्देश्य अपार्टमेंट स्वामियों, निर्वाचित सदस्यों और प्रबंधन बोर्ड सहित संबंधित पक्षों को न्यायालय में विचाराधीन मुद्दों से अवगत कराना है, ताकि इच्छुक व्यक्ति या संगठन अपने सुझाव एवं टिप्पणियां प्रस्तुत कर सकें।

निर्देशों के अनुसार आदेश की प्रति नोटिस बोर्ड पर लगाने के साथ सोसायटी के अपार्टमेंट स्वामियों, निर्वाचित सदस्यों एवं प्रबंधन बोर्ड को भी इसकी जानकारी देनी होगी। इसके बाद नोटिस बोर्ड पर चस्पा आदेश की फोटो सहित अनुपालन आख्या सात कार्य दिवस के भीतर डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय में जमा करनी होगी।

डिप्टी रजिस्ट्रार ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट के निर्देशों का निर्धारित समयसीमा में पालन जरूरी है। लापरवाही की स्थिति में न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित एसोसिएशन की प्रबंधन समिति की होगी।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, 102 पव्वे बरामद

नोएडा, 5 सितंबर। अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और थाना सेक्टर-39 पुलिस की संयुक्त टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान विकास गौड़ पुत्र संजय गौड़ के रूप में हुई है। संयुक्त टीम ने आरोपी के कब्जे से हरियाणा मार्का 102 पव्वे देशी शराब बरामद की। प्रत्येक पव्वे में 180 मिलीलीटर शराब थी। बरामद शराब की कुल मात्रा 18.36 बल्क लीटर बताई गई है।

# तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस, 189 शिकायतें दर्ज

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 5 सितंबर। जिले की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं। कुल 189 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 12 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।



तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पांच शिकायतें मिलीं, जिनमें तीन का मौके पर निस्तारण हुआ। दादरी तहसील में उप जिलाधिकारी अभिनेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 102 शिकायतें प्राप्त हुईं और सात का समाधान किया गया। वहीं, जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी दुर्गेश सिंह की अध्यक्षता में 82 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें दो का मौके पर निस्तारण किया गया।

अधिकारियों ने लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, 10 दोपहिया वाहन बरामद

नोएडा, 5 सितंबर। थाना फेस-3 पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 9 मोटरसाइकिल, एक स्कूटी, एक तमंचा और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। पुलिस ने दो बाल अपचारियों को भी संरक्षण में लिया है।

पुलिस के अनुसार 4 सितंबर को बीट पुलिसिंग और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वंश पुत्र प्रमोद निवासी बिजनौर, वर्तमान निवासी ममूरा, सेक्टर-66 को सेक्टर-71 स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली-एनसीआर में सुनसान स्थानों की रेकी कर मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी करता था। चोरी किए गए वाहनों को सुनसान स्थानों पर छिपाने के बाद राह चलते लोगों को सस्ते दामों में बेच देता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी आम लोगों को डराने-धमकाने के लिए अपने पास अवैध हथियार भी रखता था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना फेस-3 में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से भी एनडीपीएस एक्ट, लूट, चोरी, अवैध हथियार और आबकारी अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में 12 मुकदमे दर्ज हैं।

# मोबाइल चोर गिरोह का पदार्फाश, चार गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 5 सितंबर। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 चोरी के मोबाइल फोन, एक चोरी की मोटरसाइकिल, दो हजार रुपये नकद और अवैध हथियार बरामद किए हैं।



पुलिस के अनुसार लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर 5 सितंबर को गढ़ी गोलचक्कर की ओर जाने वाले अंडरपास के पास से सिक्कू राजकुमार, राजा भास्कर, रिषभ और श्याम साहू को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से दो अवैध चाकू और सात धारदार छोटे चाकू भी बरामद हुए।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अधिक आबादी वाली इमारतों की रेकी करते थे और खुले कमरों से मोबाइल फोन, लैपटॉप व अन्य कीमती सामान चोरी करते थे। चोरी के मोबाइलों को राह चलते लोगों को सस्ते दामों में बेचकर रकम आपस में बांट लेते थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-63 में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है।

# जन्माष्टमी पर मंदिरों में गूंजे श्रीकृष्ण के जयकारे, युवा व्यापार मंडल ने की पूजा-अर्चना

**इस्कॉन मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का विशेष पंचामृत स्नान, सेक्टर-19 और सेक्टर-100 में भी कार्यक्रमों में शामिल हुए पदाधिकारी**

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर नोएडा में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। शहर के विभिन्न मंदिरों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने संगठन की नवरत्न टीम एवं पदाधिकारियों के साथ विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की पूजा-अर्चना, आरती एवं दर्शन किए तथा समाज, प्रदेश और व्यापारी जगत की सुख-समृद्धि की कामना की।



### इस्कॉन मंदिर में हुआ विशेष पंचामृत स्नान

सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की नवरत्न टीम की ओर से भगवान श्रीकृष्ण का विशेष पंचामृत स्नान विधि-विधान से कराया गया। इसके बाद आरती और पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान किया गया। इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित बंसीधर जी का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, सेवा और सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

इसके अलावा सेक्टर-19 स्थित मंदिर और सेक्टर-100 स्थित लोटस ब्लूवर्ड परिसर के मंदिर में आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रमों में भी विकास जैन और संगठन के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। विभिन्न कार्यक्रमों में श्रीकृष्ण और राधा रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### श्रीकृष्ण की लीलाएं देती हैं नई जागृति : विकास जैन

प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं और उनका कीर्तन जन-मानस को भीतर तक प्रेरित करते हैं। श्रीकृष्ण का जीवन धर्म, कर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर आगे बढ़ने की सीख देता है। उनकी प्रत्येक लीला में जीवन के लिए महत्वपूर्ण संदेश छिपा है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाएं समाज में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और जागृति का संचार करती हैं। आवश्यकता है कि श्रीकृष्ण के आदर्शों को केवल धार्मिक आयोजनों तक सीमित न रखकर उन्हें अपने व्यवहार, सामाजिक जीवन और कर्म में भी उतारा जाए।

### श्रीकृष्ण की लीलाओं से हर दिन सीखने को मिलता है : पंकज सिंह

सेक्टर-100 नोएडा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पंकज सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है। उनके जीवन और कर्मों में समाज और राष्ट्र के लिए अनेक महत्वपूर्ण संदेश छिपे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण हमें परिस्थितियों के अनुसार सही निर्णय लेने, कर्तव्य का पालन करने और समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं। समाज को साथ लेकर चलने और जनहित को प्राथमिकता देने की प्रेरणा भी श्रीकृष्ण की नीतियों से ली जा सकती है।

### पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने की सहभागिता

कार्यक्रमों में क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर, भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित बंसीधर जी, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, सांसद प्रतिनिधि अल्पेश गर्ग, प्रमुख जीएसटी अधिवक्ता श्री मित्रा, थाना प्रभारी सेक्टर-49 राम प्रसाद शर्मा और एएसआई विकास सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश जिंदल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अंकुर बंसल, प्रदेश सचिव शिवा चौहान, प्रदेश महामंत्री एवं ग्रेटर नोएडा अध्यक्ष सचिन गोयल, जिला सचिव विवेक अग्रवाल, प्रदेश पदाधिकारी सचिव सुरेंद्र गर्ग, जिला उपाध्यक्ष निशांत गर्ग, मोटिवेशनल स्पीकर अंकित जैन, युवा व्यापारी नेता हिमांशु बंसल मित्तल सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य सपरिवार कार्यक्रमों में शामिल हुए।

जन्माष्टमी के विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान मंदिरों में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की आरती कर देश, प्रदेश, नोएडा और व्यापारी समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

# श्रील प्रभुपाद आविर्भाव तिथि महामहोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न

समाज जागरण/संदीप गर्ग

संदीप गर्ग / नोएडा। इस्कॉन के संस्थापकाचार्य कृष्णकृपामूर्ति श्री श्रीमद् ए.सी. भक्तिवेदान्त स्वामी प्रभुपाद का आविर्भाव तिथि महामहोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर करीब 3000 भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर श्रील प्रभुपाद को श्रद्धांजलि अर्पित की।



मुख्य उत्सव का शुभारंभ प्रातः 11 बजे हुआ। इस दौरान भजन, हरिनाम संकीर्तन तथा श्रील प्रभुपाद के जीवन, उनकी शिक्षाओं और विश्वभर में कृष्णभावनामृत आंदोलन के प्रचार-प्रसार में उनके अतुलनीय योगदान का स्मरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

वर्ष 1896 में कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में जन्मे श्रील प्रभुपाद ने अपने गुरु महाराज श्रील भक्ति-सिद्धान्त सरस्वती ठाकुर की आज्ञा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। उन्होंने पश्चिमी देशों में श्रीकृष्ण भक्ति और कृष्णभावनामृत का प्रचार करने का संकल्प लिया। वर्ष 1965 में वे मालवाहक जहाज से अमेरिका पहुंचे और वर्ष 1966 में अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) की स्थापना की।

श्रील प्रभुपाद ने भगवद्गीता, श्रीमद्भागवतम् सहित अनेक वैदिक ग्रंथों के माध्यम से श्रीकृष्ण भक्ति का संदेश विश्वभर में पहुंचाया। अपने जीवन के अंतिम वर्षों में भी वे कृष्णभावनामृत के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर यात्राएं करते रहे। महज 11 वर्षों में उन्होंने विश्व के विभिन्न देशों की 14 बार यात्रा की और अनेक स्थानों पर कृष्णभावनामृत के 108 से अधिक केंद्र एवं मंदिर स्थापित किए।

उनके अथक प्रयासों का परिणाम है कि आज उनके अनुयायी विश्वभर में हरिनाम संकीर्तन, भगवद्गीता एवं श्रीमद्भागवतम् के अध्ययन तथा कृष्णप्रसाद वितरण के माध्यम से श्रीकृष्ण भक्ति का संदेश आगे बढ़ा रहे हैं।

श्रील प्रभुपाद आविर्भाव तिथि महामहोत्सव उनके जीवन, शिक्षाओं और मानव समाज के लिए किए गए अतुलनीय योगदान के प्रति कृतज्ञता एवं श्रद्धा अर्पित करने का अवसर बना। भजन, कीर्तन और प्रसादम के साथ सम्पन्न हुआ यह आयोजन उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक रूप से प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहा।

# किसानों को बड़ी राहत: नोएडा में भूमि मुआवजा बढ़ाकर 6459 रुपये प्रति वर्गमीटर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 5 सितंबर। नोएडा प्राधिकरण की 223वीं बोर्ड बैठक में शहर के विकास, किसानों, औद्योगिक इकाइयों और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। प्राधिकरण सभागार, सेक्टर-96 स्थित मुख्य प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त/अध्यक्ष नोएडा दीपक कुमार ने की। बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण करुणेश, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन.जी. रवि, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण शैलेंद्र भाटिया सहित बोर्ड के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### किसानों को अब 6459 रुपये प्रति वर्गमीटर मुआवजा

बोर्ड बैठक का सबसे महत्वपूर्ण फैसला किसानों से आपसी सहमति के आधार पर भूमि खरीद से जुड़ा रहा। नोएडा के समग्र विकास में किसानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भूमि मुआवजे की दर 6459 रुपये प्रति वर्गमीटर और पांच प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

इससे पहले किसानों को 5324 रुपये प्रति वर्गमीटर बिना पांच प्रतिशत आबादी भूखंड तथा 4224 रुपये प्रति वर्गमीटर पांच प्रतिशत आबादी भूखंड सहित दिए जाने की व्यवस्था थी। नई व्यवस्था में प्रचलित दर में करीब 53 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

वहीं, डीएनजीआईआर (न्यू नोएडा) के फेज-1 और फेज-2 में किसानों से आपसी सहमति के आधार पर भूमि खरीद के लिए प्रतिकर दर और 6 प्रतिशत आबादी भूखंड ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अनुरूप तथा फेज-3 और फेज-4 में प्रतिकर दर और 7 प्रतिशत आबादी भूखंड यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अनुरूप दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

प्राधिकरण के अनुसार इस व्यवस्था का उद्देश्य केवल किसानों को भूमि का मूल्य देना नहीं, बल्कि उन्हें नोएडा और डीएनजीआईआर के विकास तथा भविष्य की आर्थिक समृद्धि में सहभागी बनाना है।



### लंबे समय के लिए बनेगा कॉर्पस फंड

बोर्ड ने जलापूर्ति, सफाई, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिक अवस्थापना के निर्बाध रखरखाव के लिए 'वन टाइम लीज रेंट-कॉर्पस फंड' की मानक संचालन प्रक्रिया को मंजूरी दी। एकमुश्त भू-भाटक से प्राप्त गैर-आवर्ती आय के व्यवस्थित लेखांकन, निवेश, उपयोग और निगरानी की व्यवस्था की जाएगी।

### अटकी परियोजनाओं की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश

पुरानी रुकी हुई रियल एस्टेट परियोजनाओं के समाधान के लिए शासनादेश 21 दिसंबर 2023 के तहत लागू नीति की भी समीक्षा की गई। 25 प्रतिशत देय धनराशि जमा करने वाले 23 आवंटियों को शेष 75 प्रतिशत राशि जमा कराने के नोटिस जारी किए गए हैं और भुगतान के सापेक्ष रजिस्ट्रियों की अनुमति दी गई है।

अब तक 36 परियोजनाओं से 540.75 करोड़ रुपये तथा अन्य आंशिक भुगतानों सहित कुल 561.35 करोड़ रुपये जमा हो चुके हैं। लंबित परियोजनाओं में वसूली और फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री तेजी से कराने के निर्देश दिए गए।

### पुलिस आयुक्त कार्यालय के लिए सेक्टर-153 में जमीन

गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त कार्यालय के उपयोग के लिए सेक्टर-153 में लगभग 13,347.18 वर्गमीटर भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया।

### सेक्टर-145 में बनेगा 100 टीपीडी वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र

नोएडा में सूखे और आरडीएफ कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए सेक्टर-145 में 100 टन प्रतिदिन क्षमता का थर्मोलिसिस आधारित इंटीग्रेटेड वेस्ट-टू-एनर्जी एवं रिसोर्स रिकवरी संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए ईओआई/आरएफपी के माध्यम से संस्था का चयन किया जाएगा।

### सड़क निर्माण में बिटुमिन की दरों का पुनर्निर्धारण

अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण बिटुमिन की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाली बिटुमिन आधारित मदों की दरों का सक्षम स्तर से पुनर्निर्धारण और शासनादेश के अनुसार मूल्य समायोजन करने का निर्णय लिया गया। इससे मानसून के बाद सड़क कार्य समयबद्ध तरीके से शुरू कराने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

### सेक्टर-8 की नर्सरी का होगा आधुनिक विकास

उद्यान खंड-प्रथम के सेक्टर-8 स्थित करीब 8 एकड़ की नर्सरी को बिल्ड-अप, ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (बीओएम) आधार पर विकसित किया जाएगा। ईओआई/आरएफपी के जरिए एजेंसी का चयन कर नर्सरी को आधुनिक, आत्मनिर्भर और नागरिकों के लिए विभिन्न प्रजातियों के पौधों की एकीकृत सुविधा के रूप में विकसित किया जाएगा।

### सहकारी आवासीय समितियों के सदस्यों को राहत

सहकारी आवासीय समितियों को आवंटित ग्रुप हाउसिंग भूखंडों पर बने फ्लैटों के वर्तमान कब्जेदारों यानी सब्सीक्वेंट सदस्यों की समस्याओं के समाधान के लिए त्रिपक्षीय उप-पट्टा दस्तावेज पंजीकृत करने की नीति को मंजूरी दी गई। समिति की एनओसी, स्थानांतरण शुल्क और निर्धारित प्रमाण-पत्रों के आधार पर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे वैध कब्जेदारों को संपत्ति दस्तावेज मिल सकेंगे और लंबित मामलों का समाधान हो सकेगा।

### वित्तीय और भौतिक प्रगति की भी समीक्षा

वित्तीय वर्ष 2026-27 में 31 अगस्त 2026 तक प्राधिकरण की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त/अध्यक्ष ने विभागवार प्राप्तियों, भुगतानों और प्रमुख विकास कार्यों की प्रगति का संज्ञान लेते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

# इस्कॉन नोएडा एक्सप्रेसवे में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 5 सितंबर। इस्कॉन नोएडा एक्सप्रेसवे में श्री श्री राधा गोविंद देव जी की कृपा एवं गुरुजनों के आशीर्वाद से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और भक्तों ने सहभागिता कर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया।



महोत्सव के दौरान श्रीमान वेदांत चैतन्य प्रभु ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं तथा श्रीमद्भागवत के आध्यात्मिक संदेशों पर आधारित कृष्ण कथा सुनाई। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्ति और आध्यात्मिक भाव में डूबे नजर आए। भजन, संकीर्तन और कृष्ण भक्ति से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान, दादरी विधायक प्रतिनिधि ठाकुर योगेश सिंह, बीएलएस ग्रुप नोएडा की विमलेश शर्मा तथा आरएसएस नोएडा के महानगर प्रचारक सुमित सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। मीडिया प्रभारी बैकुंठ निवास प्रभु ने बताया कि इस्कॉन नोएडा एक्सप्रेसवे के मंदिर अध्यक्ष श्याम गोपाल प्रभु के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में महोत्सव का सफल आयोजन हुआ। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी भक्तों, स्वयंसेवकों और शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के पावन जन्मोत्सव को हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। संकीर्तन एवं भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। इस्कॉन नोएडा एक्सप्रेसवे का यह आयोजन भक्ति, आध्यात्मिकता और भारतीय सनातन संस्कृति का संदेश देने वाला अविस्मरणीय उत्सव बना।

## गुरु का सम्मान, ज्ञान का सम्मान, शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ज्ञान, संस्कार और सही दिशा देकर विद्यार्थियों के जीवन को संवारने वाले सभी गुरुजनों को सादर नमन। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, बल्कि वे जीवन जीने की कला, अनुशासन, संस्कार और सफलता का मार्ग भी दिखाते हैं। राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सदैव सर्वोपरि रहेगी। भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

– समाज जागरण परिवार

# सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढों से लोगों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर।छह महीने से अधिक समय से सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढों की वजह से कई बार हादसे भी हो चुके हैं। इन गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने के कारण सड़क की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। सड़क की बदहाली से सबसे अधिक परेशानी स्कूल के बच्चों, पैदल राहगीरों और दो पहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा भी नहीं लग पाता, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। यह सड़क ब्लॉक मोहम्मदपुर देवमल ग्राम पंचायत खानपुर माधो के डेरियो गांव से केवलपुर मार्ग से अन्य गांवों को जोड़ती है। स्थानीय लोगों ने सड़क की शीघ्र मरम्मत करने की मांग की है, ताकि जलभराव की समस्या दूर होने के साथ-साथ हादसों पर भी अंकुश लग सके।



# नजीबाबाद में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## रंग-बिरंगी रोशनी से सजे मंदिर, मनमोहक झांकियों और भजन-कीर्तन से कृष्णमय हुआ नगर

**समाज जागरण मुस्कान खान**

नजीबाबाद। नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के छोटे-बड़े सभी मंदिरों को रंग-बिरंगी विद्युत सजावट से आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की सुंदर झांकियां सजाई गईं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार यह पर्व भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। शाम होते ही नगर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और रामडोल में विराजमान लड्डू गोपाल को झूला झुलाया।



मंदिरों में आयोजित भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विभिन्न मंदिरों में सजाई गई आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। खास बात यह रही कि बड़ी संख्या में नन्हे बच्चे भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की वेशभूषा में अपने परिजनों के साथ मंदिर पहुंचे। बच्चों के मनमोहक रूप ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

नगर के सभी प्रमुख मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के जयकारे गूंजते रहे। भक्ति और उल्लास के माहौल के चलते पूरा नगर कृष्णमय नजर आया। श्रद्धालुओं ने देर रात तक मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और भगवान श्रीकृष्ण से सुख-समृद्धि की कामना की।

रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का पंचामृत से स्नान कराया गया। इसके बाद विधि-विधान से आरती की गई और भगवान को भोग अर्पित किया गया। आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों में देर रात तक धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन होकर पर्व का आनंद लिया। पूरे नगर में उत्साह, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।

# शिक्षा दिवस पर सपा का हल्ला बोल 26 हजार स्कूल बंद करने की फैसले पर भाजपा सरकार को घेरा

**समाज जागरण**

चंदौसी। शिक्षक दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी ने चंदौसी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खजुरा खाकम में पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई। कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सपा कार्यकताओं ने प्रदेश में सरकारी स्कूल बंद किए जाने के मुद्दे पर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षा ही समाज और देश को आगे बढ़ाने का माध्यम है। शिक्षक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए संघर्ष करती रहेगी। इस दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का संदेश कार्यकताओं को पढ़कर सुनाया गया। इसमें प्रदेश में करीब 26 हजार सरकारी प्राथमिक स्कूल बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध करने का आह्वान किया गया।



जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रत्येक विधानसभा में स्कूल बंद किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधर ने कहा कि खजुरा खाकम का कन्या जूनियर हाईस्कूल/प्राथमिक विद्यालय करीब डेढ़ वर्ष से बंद था। शिक्षक दिवस पर यहां कार्यक्रम आयोजित किया गया और प्रशासन ने स्कूल खुलवाने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गांवों में शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा इस मुद्दे को सड़क से सदन तक उठाएगी। कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि 2027 में सपा की सरकार बनने पर बंद किए गए स्कूलों को दोबारा खोलने और गरीब बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने के लिए काम किया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधर ने किया। इस दौरान उमेश यादव, विमलेश कुमारी, संजीव यादव, पूरनलाल मौर्य, कामरेड रेवाराम, ओमप्रकाश प्रजापति, सुभाष वाल्मीकि, सुभाष पाल, ममता मधुकर, संजय मदान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बहजोई के गोल्डन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**समाज जागरण**

बहजोई ।संभल जिले के बहजोई शहर के पुराना बाजार के गोल्डन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।




कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध तंत्र और शिक्षकों द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर केक काटकर मनाया स्कूल के प्रबंधक संजय कुमार बजाज ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर बच्चों को विशेष रूप से टॉफियां पेन वितरित की गईं और उनके बीच खुशी का माहौल रहा। संजय कुमार बजाज ने डॉ. राधाकृष्णन के विचारों को साझा करते हुए समाज में शिक्षकों के सम्मान और उनके अमूल्य योगदान के महत्व पर जोर दिया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में गुरुजनों के प्रति आदर भाव पैदा करना और डॉ. राधाकृष्णन के आदर्शों से प्रेरणा लेना था। इस अवसर पर भूमि बजाज , वर्षा , स्नेहा , पायल, राधिका, भूमि वार्ष्णेय, साकार वार्ष्णेय समस्त स्टाफ मौजूद रह।

# भगवान श्रीगणेश मंदिर परिसर के लिए 101 किलो का विशाल घंटा किया गया भेंट

**समाज जागरण**

सम्भल/चन्दौसी। नगर चन्दौसी के सीता रोड स्थित सिद्धपीठ श्री गणेश मंदिर के पावन परिसर में श्रद्धालुओं की आस्था को समर्पित करते हुए 101 किलो वजन का विशाल घंटा भेंट किया गया। यह घंटा डॉ. शेखर वार्ष्णेय एवं सुशांत वार्ष्णेय (सनी) द्वारा अपने पूर्वजों स्वर्गीय रामकिशोर रम्मू स्वामी, स्वर्गीय सरस्वती देवी, स्वर्गीय राजू किशोर, स्वर्गीय नवल किशोर गुप्ता, स्वर्गीय कस्तूरी देवी एवं स्वर्गीय प्रीति देवी की स्मृति में गणेश मंदिर परिसर को समर्पित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण के बीच विधिवत पूजा-अर्चना के साथ विशाल घंटे की स्थापना की गई। इस पुनीत कार्य के माध्यम से दोनों परिवारों ने अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनकी स्मृति को मंदिर परिसर से जोड़ने का भावपूर्ण प्रयास किया।

मंदिर परिसर में स्थापित किया गया विशाल घंटा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस पुण्य कार्य की उपस्थित श्रद्धालुओं एवं मंदिर ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सराहना करते हुए डॉ. शेखर वार्ष्णेय एवं सुशांत वार्ष्णेय (सनी) के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एक ही रात में दो घरों में चोरी से फैली सनसनी मोबाइल फोन समेत नकदी व सामान चोरी, पुलिस ने शुरू की जांच

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर स्योहारा। नगर क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। एक ही रात में दो अलग-अलग घरों में चोरी की घटनाओं ने जहां क्षेत्र में सनसनी फैला दी है, वहीं लगातार सामने आ रही चोरी की वारदातों से लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। पीड़ितों ने थाना स्योहारा पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा स्योहारा निवासी कमायुद्दीन पुत्र डॉ. सतार, निवासी मस्जिद जमाल शाह के पास, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 सितंबर 2026 की सुबह करीब चार बजे उसके बेटे की पत्नी निशा फजर की नमाज के लिए उठी तो घर में रखा सामान अस्त-व्यस्त मिला। आरोप है कि अज्ञात चोर घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का पता लगाने तथा चोरी हुआ सामान बरामद कराने की मांग की है।

वहीं दूसरी घटना भी इसी क्षेत्र से सामने आई है। फैय्याज पुत्र सतार, निवासी मोहल्ला इस्लामनगर, जमाल शाही मस्जिद, स्योहारा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात उसका मोबाइल फोन घर से गायब हो गया। पीड़ित के मुताबिक मोबाइल में जियो कंपनी का सिम लगा हुआ था। उसने पुलिस से मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई एवं मोबाइल बरामदगी की मांग की है।

**लगातार घटनाओं से उठ रहे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल**



एक ही रात में दो घरों में चोरी की घटनाओं से कस्बे में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि चोर एक के बाद एक वारदातों को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं तो यह पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती है।

खास बात यह है कि कस्बे में होनहार कस्बा इंचार्ज की मौजूदगी और पुलिस की सक्रियता के बावजूद चोरों के हौसले इतने बुलंद दिखाई दे रहे हैं कि पुलिस का खौफ उनके सामने बौना साबित होता नजर आ रहा है। लगातार चोरी की घटनाएं पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस को रात्रि गश्त और संदिग्ध लोगों की निगरानी को और प्रभावी बनाना होगा, ताकि चोरों पर अंकुश लगाया जा सके।

स्थानीय नागरिकों ने पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि दोनों घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाए, संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जाए और जल्द से जल्द चोरों की पहचान कर घटनाओं का खुलासा किया जाए। लोगों का कहना है कि चोरी की घटनाओं का खुलासा होने के साथ-साथ चोरी का माल बरामद होना भी जरूरी है, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति भरोसा कायम रहे।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

इस संबंध में थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि दोनों घटनाओं का निरीक्षण किया गया है। पुलिस द्वारा मामलों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटनाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही वारदातों का खुलासा किया जाएगा।

# शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों को किया सम्मानित, सदस्यों ने ली सेवा की शपथ

**समाज जागरण**

बबराला/गुन्नौर। उड़ान एक नई पहल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की ओर से शनिवार को शिक्षक सम्मान समारोह एवं शपथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष प्रीति यादव रहीं। अध्यक्षता डॉ. ममता राजपूत ने की, जबकि मीरा शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहे शिक्षकों को माला पहनाकर, नारियल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में रजनी, उच्च प्राथमिक विद्यालय सहजानाबाद; स्वाति वार्ष्णेय, कंपोजिट विद्यालय सिहावली; स्मृति गुप्ता, प्राथमिक विद्यालय भक्त नगला; पिंकी सिंह, कंपोजिट विद्यालय फरीदपुर; अंजली गुप्ता, कंपोजिट विद्यालय टांडा; संगीता शर्मा, दयानंद आयुर्वैदिक इंटर कॉलेज गुन्नौर; सरोज, पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बबराला; अन्नपूर्णा पाठक, शशि मदन स्कूल बहजोई; अनीता निमेष और शशि सिंह, प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़; रेखा दीक्षित, सीताराम मेमोरियल स्कूल बबराला; नीतू यादव, असिस्टेंट टीचर अकबरपुर; मंजू यादव, राम कन्वेंट स्कूल तथा मीरा शर्मा, बाबू सिंह भाई सिंह डिग्री कॉलेज बबराला शामिल रहीं। इस दौरान शिक्षकों ने शिक्षा और विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक पूरी मेहनत और लगन से विद्यार्थियों को शिक्षा देकर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। डॉ. ममता राजपूत ने कहा कि शिक्षक दिवस उन सभी शिक्षकों के सम्मान का अवसर है, जो विद्यार्थियों को उनकी क्षमता के अनुसार शिक्षा और संस्कार देकर भविष्य की पीढ़ी को तैयार करते हैं। मुख्य अतिथि प्रीति यादव ने उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था सांस्कृतिक परंपराओं और हमारी धरोहर को आगे बढ़ाने का अच्छा कार्य कर रही है। ऐसी संस्थाओं को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों के लिए निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उड़ान संस्था से जुड़े नए सदस्यों का शपथ समारोह कराया गया। मीरा शर्मा ने सदस्यों को संस्था के प्रति निष्ठा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई।




# डीएसएम शुगर मिल रजपुरा मे मनाया गया भव्य श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**समाज जागरण**

बहजोई ।भारी बारिश और काफी मौसम मे परिवर्तन के बावजूद श्री कृष्ण जन्मोत्सव को काफी धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा कीर्तन के माध्यम से, बच्चों के द्वारा नृत्य के माध्यम से, गीत के माध्यम से, और किसी ने रंगमंच के माध्यम से भगवान की सेवा की, यूनिट हेड उपेंद्र तोमर और अंशु चौहान ने पूजा अर्चना किया तथा उसके बाद सभी कार्यक्रम मे भाग लेने वालों को गिफ्ट देकर पुरिष्कृत किया इस अवसर पर इकबाल सिंह वॉइस प्रेसिडेंट, राजन कुमार दीक्षित महाप्रबंधक, संजीव कुमार वित्त, लेखा, संतोष कुमार, अवतार सिंह, अंचल बिंदल, संजीव, सुधीर त्यागी, राजेश कुमार, अमित चौहान, निर्भय सिंह, रिपुञ्जय उपाध्याय, महावीर सिंह, बच्चों मे नैना दीक्षित, विभूति, रिया, दक्छ, आरोही, आशी, किट्ठु, सोना, अविका, योगीता, स्पर्श, कोमल, शुभ, सोनू, नीटू और उनकी टीम, महिलाओं मे रंजना दीक्षित, शैली, शिखा त्यागी, निशा अग्रवाल, अंशु, मंजु गुप्ता, रूपा सक्सेना, रंजु सिंह, निधि चौहान, इंदु बिंदल, पूजा चौहान इत्यादि ने भाग लिया.



# गुनौर के फारूक अली मेमोरियल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**समाज जागरण गुन्नौर /संभल**

संभल जिले के गुनौर कस्बे के मोहल्ला फाजिल स्थित फारूक अली मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अब्दुल सलाम शिक्षा समिति के तत्वावधान में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध तंत्र और शिक्षकों द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर

केक काटकर मनाया विद्यालय के प्रबंधक रुहुल इस्लाम ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर बच्चों को विशेष रूप से टॉफियां वितरित की गईं और उनके बीच खुशी का माहौल रहा। रूहुल इस्लाम ने डॉ. राधाकृष्णन के विचारों को साझा करते हुए समाज में शिक्षकों के सम्मान और उनके अमूल्य योगदान के महत्व पर जोर दिया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में गुरुजनों के प्रति आदर भाव पैदा करना और डॉ. राधाकृष्णन के आदर्शों से प्रेरणा लेना था। इस अवसर पर मोहम्मद जैद सीमा निशा अदीबा नसीम आदि मौजूद रहे '

# श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

**समाज जागरण**

संभल। श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान, हल्लू सराय में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये गये।

विद्यालय द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरस्कार एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीपक शर्मा ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को पुस्तक का ज्ञान देने का कार्य नहीं करते, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण और चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कक्षा से ही होता है और इसमें शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।



सहायक अध्यापिका आकांक्षा ठाकुर ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध केवल विद्यालय तक सीमित नहीं होता, बल्कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन में एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा को पहचानकर उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना शिक्षक का दायित्व है। शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और मानवीय मूल्यों का विकास करना भी आवश्यक है।

सहायक अध्यापिका अनिता श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। उनके द्वारा दिया गया ज्ञान और संस्कार विद्यार्थी को जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी सही निर्णय लेने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं भाषण प्रस्तुत किए।

विद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की संयोजिका पायल और ज्योति रही। इस दौरान दीपक शर्मा, अनीता श्रीवास्तव, आकांक्षा ठाकुर, ज्योति, पायल, अंशिका शर्मा, विशाखा ठाकुर, रूपाली,प्रियंका, तपस्या ठाकुर, सोनी ठाकुर, विकास कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कला प्रतियोगिता का परिणाम हुआ घोषित

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण**

चन्दौसी। श्री नारायण सेवा समिति रजि. चंदौसी के तत्वावधान में गत अगस्त माह में संपन्न कला प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करके मेधावी छात्राओं को समारोह पूर्वक पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया । संपूर्ण प्रतियोगिता चार वर्गों में विभाजित थी और हर वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के अलावा सात - सात सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए । प्रत्येक विजेता प्रतिभागी



को शील्ड, प्रमाण पत्र, लेखनी आदि देकर पुरस्कृत किया गया । प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने हुनर का बेहतर के प्रदर्शन किया और एक से बढ़कर एक रंगीन चित्र उकेरे ।

कार्यक्रम का प्रारंभ मंच आसीन अतिथियों तथा अन्य अतिथियों आदि के द्वारा मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके किया गया । दिनेशपालसिंह दिव्य द्वारा सरस्वती वंदना के पश्चात समिति के प्रबंधक हरीश कठेरिया द्वारा समिति की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई । मुख्य अतिथि रामलखन यादव ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को तराशने की आवश्यकता है ।

तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का सम्मान व अभिनंदन किया गया । शगुन कश्यप ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया । सुखपालसिंह गौर, डॉ.जयशंकर दुबे और दिनेशपाल सिंह ने ओजस्वी काव्य पाठ से बच्चों का उत्साह वर्धन किया । अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री विजयवीर सिंह सिंह चौहान ने कहा कि आज अपसंस्कृति से हम त्रस्त हैं, इसे सुधारना होगा ।

सभी वर्गों का परिणाम घोषित करके शुभकामनाएं दी गई । प्रथम वर्ग में सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल के शुभाशीष प्रथम, न्यू सत्यम् एकेडमी की निवेदिता वार्ष्णेय द्वितीय तथा रेलवे मिश्रित जूनियर हाई स्कूल की अनाया सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । द्वितीय वर्ग में चंदौसी पब्लिक स्कूल की पावनी सिंह ने प्रथम, ओपीजीएम पब्लिक स्कूल की अदिति ने द्वितीय तथा न्यू सत्यम् एकेडमी की अनुष्का वार्ष्णेय ने तृतीय स्थान हासिल किया । तृतीय वर्ग में ए. एम. वर्ल्ड स्कूल के तेजस्वी कुमार प्रथम, न्यू सत्यम् एकेडमी की वाणी सक्सेना द्वितीय और आर. आर. के. स्कूल की श्रेया तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# समिति ने शिक्षक दिवस पर भारतरत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया याद

**समाज जागरण**

चन्दौसी। महाजन मोहल्ला स्थित लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल में भारतीय मानव कल्याण समिति ने शिक्षक दिवस पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती मनाई एवम शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ एस राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्ववलित व पुष्प अर्पित करके मुख्य अतिथि राजश्री अग्रवाल, सभासद अमन कोरी,प्रभात कृष्णा, कुलदीप वार्ष्णेय,दिनेश चंद्र गुप्ता ने किया ।कार्यक्रम प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह राजपूत,राजवीर सिंह,राजेश शर्मा, रुचि अग्रवाल, गौरव वार्ष्णेय, वंशिका वार्ष्णेय,दीप्ति वार्ष्णेय, काजल, निशा,राशि अग्रवाल, अविनाश गुप्ता आचार्य- आचायार्यों को सम्मानित किया। समिति प्रबन्धक डॉ टीएस पाल ने कहा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद्, लेखक और राजनेता थे। उनका जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुत्तनी में हुआ था ।शिक्षा और दर्शन के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें 1954 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया ।जब उनके विद्यार्थियों और प्रशंसकों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा व्यक्त की, तो उन्होंने सुझाव दिया कि इस दिन को शिक्षकों के सम्मान के लिए शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए। इसी कारण भारत में हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है ।डॉ. राधाकृष्णन का निधन 17 अप्रैल 1975 को हुआ। उनका जीवन हमें शिक्षा, ज्ञान और अच्छे संस्कारों के महत्व की प्रेरणा देता है ।विद्यालय के व्यवस्थापक कुलदीप वार्ष्णेय ने कहा शिक्षक दिवस हमारे जीवन में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मान देने का दिन है ।प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के रूप में मनाया जाता है।



अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। न्यूज पोर्टल पर चलवायें मात्र 200 रुपये रोज में।

# हरियाणा मार्का शराब के 102 पव्वों के साथ युवक गिरफ्तार

नोएडा, 5 सितंबर। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से हरियाणा मार्का देशी शराब के 102 पव्वे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 4 सितंबर को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सेक्टर-82 कट के पास से विकास गौंड पुत्र संजय गौंड को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से हरियाणा मार्का देशी शराब के 102 पव्वे बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी विकास गौंड मूल रूप से ग्राम मनिहर, थाना मनिहर, बलिया का रहने वाला है और वर्तमान में ग्राम शाहपुर, थाना सेक्टर-126, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। उसकी उम्र करीब 19 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में मु0अ0सं0 437/2026, धारा 60/63 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।



# ओवररेटिंग पर जीरो टॉलरेंस, तय समय के बाद शराब बिक्री पर होगी कार्रवाई

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 5 सितंबर। जनपद में आबकारी दुकानों के नियमानुसार संचालन और प्रभावी प्रवर्तन को लेकर जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को सभी आबकारी अनुज्ञापियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुकानों के संचालन की समीक्षा करते हुए नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि ओवररेटिंग के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। किसी भी दुकान पर निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब की बिक्री पाए जाने पर संबंधित अनुज्ञापी के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह निर्धारित समय के बाद शराब की बिक्री पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



बैठक में दुकानों पर कार्यरत सभी विक्रेताओं और सेल्समैन का पुलिस सत्यापन अनिवार्य कराने को कहा गया। सत्यापन के बाद ही उन्हें दुकान पर कार्य करने की अनुमति दी जाएगी। सभी आबकारी दुकानों पर शत-प्रतिशत बिक्री पीओएस मशीन के माध्यम से करने तथा मशीन में दर्ज बिक्री के अनुरूप बिक्री एवं उपभोग रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिए गए।

देशी शराब की दुकानों पर उपलब्ध सभी अनुमन्य ब्रांडों का स्पष्ट प्रदर्शन करने और किसी विशेष ब्रांड की बिक्री के लिए ग्राहकों पर दबाव नहीं डालने को कहा गया। साथ ही प्रत्येक देशी शराब की दुकान पर 100 एमएल, 42.8 डिग्री तीव्रता वाली देशी शराब की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपस्थित आबकारी निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में इन निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने तथा नियमित निरीक्षण और प्रभावी प्रवर्तन के जरिए लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। आबकारी अनुज्ञापियों ने भी नियमों के अनुरूप दुकान संचालन तथा ओवररेटिंग और निर्धारित समय के बाद बिक्री पर पूर्ण रोक सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

# योगी सरकार को आरक्षण पर 'मास्टर स्ट्रोक' की सलाह, सोशल मीडिया पोस्ट में उठी नई बहस

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की राजनीति में आरक्षण और जातीय आंकड़ों को लेकर बहस के बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट चर्चा में है। 'क्षत्रिय इतिहास राजपूत हिस्ट्री' नामक एक्स हैंडल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ओबीसी आरक्षण में बदलाव को लेकर एक कथित 'मास्टर स्ट्रोक' की सलाह दी गई है।

पोस्ट में दावा किया गया है कि यदि अहीर/यादव समुदाय को ओबीसी आरक्षण से बाहर किया जाए तो सामान्य वर्ग में सरकार के प्रति नाराजगी कम हो सकती है। पोस्ट में इसे आगामी चुनावी राजनीति से जोड़ते हुए भाजपा को बड़ी संख्या में सीटें मिलने का अनुमान भी लगाया गया है। पोस्ट में वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के कार्यकाल में गठित सामाजिक न्याय समिति का हवाला देते हुए ओबीसी की आबादी और सरकारी नौकरियों में विभिन्न जातियों की हिस्सेदारी से जुड़े कई आंकड़े भी दिए गए हैं। हालांकि, पोस्ट में बताए गए अहीर समुदाय की 8 प्रतिशत आबादी और 40 प्रतिशत नौकरी में भागीदारी के आंकड़ों की स्वतंत्र पुष्टि उपलब्ध स्रोतों से नहीं हो सकी है। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने जून 2001 में सामाजिक न्याय समिति का गठन किया था.

# मामूली विवाद के बाद जूनियर इंजीनियर को कार से कुचलने का आरोप

## मथुरा के मसानी चौराहे की घटना का वीडियो वायरल, कई मीटर तक घसीटने का दावा

समाज जागरण / प्रवीण मिश्रा

मथुरा। जिले के व्यस्त मसानी चौराहे पर मामूली विवाद के बाद जूनियर इंजीनियर को कार से कुचलने और कई मीटर तक घसीटने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि घायल जूनियर इंजीनियर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, छाता में तैनात विक्रांत भारती हैं। जानकारी के अनुसार 31 अगस्त को मसानी चौराहे पर किसी बात को लेकर विक्रांत भारती और कार सवार के बीच कहासुनी हुई थी। आरोप है कि विवाद बढ़ने के बाद कार चालक ने विक्रांत को टक्कर मार दी। वह कार की चपेट में आकर सड़क पर गिर गए, इसके बावजूद वाहन चालक ने कार नहीं रोकी और उन्हें कुछ दूरी तक घसीटते हुए मौके से फरार हो गया।

घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने चालक को रोकने का प्रयास किया। वायरल वीडियो में आसपास के लोगों को शोर मचाते और वाहन रोकने के लिए कहते हुए देखा-सुना जा सकता है। घटना के बाद घायल इंजीनियर को उपचार के लिए



अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

**कार पर राजनीतिक झंडा दिखने का दावा**

वायरल वीडियो और मौके से सामने आई जानकारी में संबंधित कार पर राजनीतिक झंडा लगा हुआ दिखाई देने की बात कही जा रही है। हालांकि, झंडे या वाहन में सवार व्यक्ति की राजनीतिक पहचान को लेकर पुलिस की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है। वायरल वीडियो और स्थानीय स्तर पर सामने आई जानकारी के अनुसार कार का नंबर वढ 80 ऋ 7288 बताया जा रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और वाहन नंबर के आधार पर आरोपी चालक की पहचान करने में जुटी है।

**जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा**

पुलिस के अनुसार घटना 31 अगस्त की है और मामले में गोविंद नगर थाना पुलिस ने जानलेवा हमले से संबंधित मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही वाहन के मालिक और चालक की पहचान का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान होने के बाद उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर स्थानीय लोगों और सरकारी कर्मचारियों में आक्रोश है। लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# मथुरा में उल्लास के साथ संपन्न हुआ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और नंदोत्सव

## दो दिनों तक भक्ति में डूबा ब्रज, जन्मभूमि से गोकुल तक उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



समाज जागरण / प्रवीण मिश्रा

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और नंदोत्सव के भव्य आयोजनों के बाद शनिवार दोपहर से श्रद्धालुओं के अपने घरों को लौटने का सिलसिला शुरू हो गया। मथुरा, वृंदावन और गोकुल में दो दिनों तक चले धार्मिक आयोजनों में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर नजर आए।

**बारिश भी नहीं डिगा पाई आस्था**

जन्माष्टमी की रात मथुरा की सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। गोवर्धन चौराहे से भूतेश्वर, मसानी, पोतरा कुंड, श्रीकृष्ण जन्मस्थान और होलीगेट तक प्रमुख मार्गों पर भक्तों का सैलाब दिखाई दिया। रुक-रुककर हुई बारिश और बूंदाबांदी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ।

श्रीकृष्ण जन्म की लीलाओं पर आधारित लेजर लाइट शो ने आयोजन में विशेष आकर्षण जोड़ा। आसमान में छाई घटाओं के बीच रोशनी और भक्ति के अद्भुत संगम ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**गोकुल में नंदोत्सव की धूम**

जन्माष्टमी के अगले दिन गोकुल सहित ब्रज के विभिन्न क्षेत्रों में नंदोत्सव की धूम रही। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की बधाइयों और बधाई गीतों से गोकुल का वातावरण भक्तिमय बना रहा। ब्रजवासियों की ओर से जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को कढ़ी-चावल सहित विभिन्न पारंपरिक व्यंजन प्रसाद के रूप में वितरित किए गए। मंदिरों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पूरे दिन भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा।

### रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर उमड़ी भीड़

धार्मिक आयोजन संपन्न होने के बाद शनिवार दोपहर से श्रद्धालुओं की वापसी शुरू हुई। इसके चलते मथुरा के प्रमुख रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ दिखाई दी। ट्रेनों और बसों में अपने घर लौटने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से परिवहन स्थलों पर काफी चहल-पहल रही।



दो दिनों तक श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और नंदोत्सव में शामिल होने के बाद श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन और ब्रज की भक्ति से जुड़ी यादें लेकर अपने घरों को रवाना हुए। श्रीकृष्ण जन्मस्थान, पोतरा कुंड, गोकुल और होलीगेट समेत प्रमुख क्षेत्रों में जन्माष्टमी के दौरान विशेष आयोजन आकर्षण का केंद्र रहे।

# छाता में लगेगा यूपी का पहला मल्टीयूनिट प्लांट, किसानों को मिलेगा बढ़ा मुआवजा

## एथनॉल के बाद चीनी और बिजली का भी होगा उत्पादन, 200 से 250 करोड़ रुपये की परियोजना

समाज जागरण / प्रवीण मिश्रा

मथुरा। गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने छाता क्षेत्र के विकास को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि छाता में उत्तर प्रदेश का पहला मल्टीयूनिट प्लांट स्थापित किया जाएगा। करीब 200 से 250 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को तीन चरणों में पूरा करने का लक्ष्य है। परियोजना शुरू होने से क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों के साथ किसानों को लाभ और रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद है।




**पहले चरण में बनेगा एथनॉल प्लांट**

परियोजना के पहले चरण में 120 केएलपीडी क्षमता का एथनॉल प्लांट स्थापित किया जाएगा। यह प्लांट साल में करीब 11 महीने संचालित होगा और लगभग 369 लाख लीटर एथनॉल उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसमें गन्ने के बी-हेवी शीरे का इस्तेमाल किया जाएगा। गन्ने की उपलब्धता कम होने पर मक्का और धान जैसे वैकल्पिक कच्चे माल का भी उपयोग किया जा सकेगा।

मंत्री के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस प्लांट का शिलान्यास करेंगे।

**इसके बाद चीनी और बिजली का उत्पादन**

परियोजना के दूसरे चरण में क्षेत्र में गन्ने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होने के बाद आधुनिक चीनी मिल स्थापित की जाएगी। तीसरे चरण में बिजली उत्पादन के लिए को-जनरेशन प्लांट लगाया जाएगा। इस तरह एक ही औद्योगिक परिसर में एथनॉल, चीनी और बिजली उत्पादन की व्यवस्था विकसित करने की योजना है।

**पुरानी चीनी मिल को लेकर छह बार निकले थे टेंडर**

अधिकारियों के अनुसार छाता की पुरानी चीनी मिल को दोबारा शुरू कराने के लिए छह बार टेंडर निकाले गए, लेकिन किसी निवेशक ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। इसके बाद सरकार ने नई मल्टीयूनिट औद्योगिक परियोजना की रूपरेखा तैयार की। पार्टनरशिप मॉडल पर प्रस्तावित इस परियोजना को अगले दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**किसानों को उन्नत खेती के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित**

परियोजना के साथ क्षेत्र में गन्ने की खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जाएगा। किसानों को उन्नत गन्ना उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा तथा कृषि विभाग की ओर से उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।

मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने छाता चीनी मिल गेट पर धरना दे रहे पूर्व सैनिकों से भी धरना समाप्त कर विकास परियोजना में सहयोग करने की अपील की। प्रेसवार्ता के दौरान बल्देव विधायक पूरन प्रकाश, गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह और जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

# सेक्टर-20 में पुलिस ने चलाया पैदल गश्त अभियान

## संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

नोएडा, 5 सितंबर। पुलिस कमिश्नर



गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर पैदल गश्त की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

पुलिस के अनुसार डीसीपी नोएडा एवं एडीसीपी नोएडा के पर्यवेक्षण तथा एसीपी-1 नोएडा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के प्रमुख स्थानों और संवेदनशील इलाकों में फुट पेट्रोलिंग की। पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध नजर आने वाले लोगों और वाहनों की जांच की तथा संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्त एवं चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# आर्य समाज राजनगर में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

## वक्ताओं ने श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में उतारने का किया आह्वान

समाज जागरण

गाजियाबाद, 5 सितंबर। आर्य समाज राजनगर, सेक्टर-5 में धर्म संस्थापक योगेश्वर श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। पुरोहित दुर्गा प्रसाद के ब्रह्मत्व में संपन्न यज्ञ के बाद विद्वानों ने श्रीकृष्ण के जीवन, व्यक्तित्व और आदर्शों पर विचार रखे।

बड़ौत से आए प्रसिद्ध भजनोपदेशक वेदपाल आर्य एवं उनके साथियों ने श्रीकृष्ण की महिमा पर भजनोपदेश प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

मुख्य अतिथि आचार्य स्वदेश, प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश, ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन गुणों और श्रद्धा से परिपूर्ण था। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने सत्य के मार्ग पर चलने वाले पांडवों का साथ दिया और विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म का पक्ष नहीं छोड़ा। उन्होंने उपस्थित लोगों से श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने तथा बुद्धि और बल का उपयोग राष्ट्र एवं मानव समाज के कल्याण के लिए करने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता वैदिक विद्वान प्रो. डॉ. धर्मेंद्र शास्त्री ने कहा कि आज श्रीकृष्ण के आदर्श चरित्र को आमजन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व और कृतित्व महान है। उन्होंने महाभारत का अध्ययन करने और श्रीकृष्ण के




जीवन से सदाचार, विनम्रता, शालीनता, पवित्रता, नीतिमत्ता एवं मानवता जैसे गुण ग्रहण करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व मनाने की सार्थकता तभी है, जब हम महापुरुषों के गुणों को अपने आचरण में उतारें।

कार्यक्रम के संरक्षक श्रद्धानंद शर्मा ने कहा कि श्रीकृष्ण के जन्म के समय भारत अनेक भागों में विभक्त था और अधर्म का प्रभाव बढ़ रहा था। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने अपने कौशल और राजनीतिक दूरदर्शिता से तत्कालीन परिस्थितियों का सामना किया तथा धर्म की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आर्य समाज के मंत्री एवं मंच संचालक चौ. सत्यवीर ने कहा कि श्रीकृष्ण के जन्म के समय समाज में अधर्म और अत्याचार का प्रभाव था। उन्होंने धर्म के मार्ग पर चलने वालों का साथ दिया और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष किया।

समाज के प्रधान डॉ. वीरेंद्र नाथ सरदाना ने दूर-दूर से आए सभी अतिथियों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं उद्योगपति आई.सी. अग्रवाल, ओम प्रकाश आर्य, कृष्ण मुनि, के.के. यादव, महीपाल सिंह तोमर, ओम पाल शास्त्री, बबली कसाना, ओम प्रकाश शर्मा, दीपक कांत गुप्ता, शंकर लाल शर्मा, वंदना अरोड़ा, शिल्पा गर्ग, वीके धामा, नरेंद्र पांचाल, प्रवीण आर्य, डॉ. प्रमोद सक्सेना, सुभाष चंद शर्मा और शशिबल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# केएम विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

## वक्ताओं ने गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा को बताया समय की जरूरत

समाज जागरण / प्रवीण मिश्रा

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय में शनिवार को शिक्षक दिवस उत्साह, हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाने और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताया।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एनसी प्रजापति ने कहा कि बदलते



दौर में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक नीतियों और तकनीक के साथ कदमताल करना होगा। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा आवश्यक है।

रजिस्ट्रार डॉ. पूरन सिंह ने कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान देने का कार्य नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक भी होते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगति में शिक्षकों की मेहनत और समर्पण को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम के दौरान डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल ने अतिथियों और शिक्षकों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। परीक्षा नियंत्रक समीक्षा भारद्वाज और डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर और संकाय सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें पूर्णिमा सोलंकी, डॉ. रिंकू, डॉ. अमित, डॉ. हरिओम, डॉ. शुभम, डॉ. खुशहाल, डॉ. प्रशांत, डॉ. दिनेश, डॉ. अनीता, डॉ. विजय, अरविंद, जगवीर, डॉ. दीपशिखा, डॉ. रामनरेश यादव, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. प्रांशु सिसौदिया, नवनीत सिंह, भूपेंद्र सिंह, लेखराज सिंह, संदीप, संदीप ठाकुर, अमित, विष्णु कुमार, स्मार्टी, मंजू, कृष्णा, सुनील, अमित कुमार, डॉ. शोभित श्रीवास्तव, साक्षी जादौन, अनिल चतुर्वेदी, राहुल सिंह, रणवीर सिंह और हरेश आदि शामिल रहे।

# पूर्व DGP शेष पॉल वैद का दावा—व्यवस्था पुलिस के साथ खड़ी नहीं हुई तो कानून-व्यवस्था पर पड़ेगा असर

## सोशल मीडिया पोस्ट में कहा—संकट के समय पुलिस को अकेला छोड़ना गंभीर संदेश, अगली बार दंगों में पुलिस के पीछे हटने का खतरा

समाज जागरण

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पूर्व पुलिस महानिदेशक शेष पॉल वैद ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए भारत सरकार और सुप्रीम कोर्ट की कार्यप्रणाली पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यवस्था एक ऐसे समूह के दबाव में झुक रही है, जिसे उन्होंने अपने बयान में आपत्तिजनक शब्दों से संबोधित किया।

वैद ने कहा कि यदि कानून लागू कराने वाली पुलिस को संकट की स्थिति में अकेला छोड़ दिया जाएगा और व्यवस्था उसकी सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़ी नहीं होगी, तो इसका असर भविष्य में कानून-व्यवस्था पर पड़ सकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि पुलिस को यह संदेश मिले कि दंगों या हिंसक परिस्थितियों में उसे पर्याप्त संस्थागत समर्थन नहीं मिलेगा, तो अगली बार पुलिसकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर कार्रवाई करने से पीछे हट सकते हैं। उनके मुताबिक ऐसी स्थिति दंगाइयों और अपराधियों के लिए गलत संदेश पैदा कर सकती है। पूर्व डीजीपी ने अपने बयान में पुलिस के मनोबल और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी के बीच संबंध पर जोर दिया। उनका कहना है कि पुलिस से कठिन परिस्थितियों में कार्रवाई की अपेक्षा की जाती है, लेकिन इसके लिए व्यवस्था की ओर से उसके साथ खड़ा होना भी जरूरी है। शेष पॉल वैद जम्मू-कश्मीर पुलिस में वरिष्ठ पदों पर रह चुके हैं और पूर्व डीजीपी रहे हैं। हाल के वर्षों में भी वे सुरक्षा और आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से अपनी राय रखते रहे हैं।

***नोट: यह खबर शेष पॉल वैद के सोशल मीडिया पर दिए गए बयान पर आधारित है।***

# शिक्षक दिवस पर शारीरिक शिक्षक भूपेंद्र सिंह को मिला सम्मान

**समाज जागरण**

बागपत। शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार बागपत में जिला प्रशासन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, छपरौली के शारीरिक शिक्षक भूपेंद्र सिंह को शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल और जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार यादव ने भूपेंद्र सिंह को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक ही समाज और राष्ट्र निर्माण की नींव हैं। उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभाव से ही विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल बनता है।शारीरिक शिक्षक भूपेंद्र सिंह लंबे



समय से विद्यालय में विद्यार्थियों को खेल और शारीरिक शिक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने ब्लॉक व जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वह छात्रों को खेलों के साथ-साथ अनुशासन, स्वास्थ्य, योग और शारीरिक दक्षता के महत्व के बारे में भी लगातार प्रेरित करते रहते हैं। भूपेंद्र सिंह के सम्मानित होने की खबर मिलते ही विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लायंस क्लब बड़ौत चेतना ने लगाया आंखों का निशुल्क ऑपरेशन कैम्प

**समाज जागरण**

बागपत। लायंस क्लब बड़ौत चेतना के द्वारा जिन्दल निवास पर आँखों का मासिक निशुल्क ऑपरेशन कैम्प लगाया गया, जिसमे समाचार लिखने तक 60 मरीजों की आंखों जाँच की गई तथा 23 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया। क्लब के सचिव एवं व्यापारी नेता डॉ योगेश जिन्दल ने अवगत कराया कि यह कैम्प हर महीने की 5 तारीख को लगाया जाता है, जिसमे आँखों की मुफ्त जाँच और ऑपरेशन किये जाते हैं।आपरेशन मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत मे प्रसिद्ध नेत्र सृजन डॉ शस्या तोमर के द्वारा निशुल्क किये जाते है। उन्होंने बताया कि अंधता निवारण लायंस क्लब का सबसे बड़ा कार्यक्रम है, जिसको दूर करने कि हर मेंबर को



शपथ दिलाई जाती है। आगे भी हर महीने कि 5 तारीख को ये कैम्प लगते रहेंगे। डॉ जिन्दल ने बताया की लायंस क्लब ये केम्प 7 वर्षो से लगातार लगा रहा है और अब तक करीब दो हजार से ज्यादा व्यक्तियों को आँखों के ऑपरेशन कराये जा चुके है। आँखों कि जाँच मेडिसिटी हॉस्पिटल कि टीम अंकुर गुप्ता ,विदुषी, खुशी, आरजू, शालू की टीम के द्वारा किया गया। कैम्प में लायन अंकुर जैन, लायन ललित जैन, लायन डॉ इरफान मलिक लायन मनोज गोयल (चाँद ), लायन अंकुर जिन्दल, लायन सरिता जिन्दल, लायन पूजा जिन्दल, लायन रोबिन गोयल, कृष्णा गोयल हर्ष आदि का विशेष सहयोग रहा।

# श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**समाज जागरण**

बागपत। बागपत शहर के कृष्णा एंक्लेव में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के आज पंचम दिवस पर प्रातः के समय में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में विराजमान समस्त देवी देवताओं का मठाधीश आचार्य प्रशांत भारद्धाज द्वारा पूजन किया गया। आज प्रातः मुख्य यजमानों ने मंगलाचरण करके गणेश



पूजन, नवग्रह, श्रीमद् भागवत व कथा में विराजमान समस्त देवी-देवताओं का पूजन किया गया। पूजन में मुख्य यजमान राकेश प्रजापति कपिल दिल्ली पुलिस अनिल कुमार कृष्ण एनक्लेव रहे। शाम के समय की कथा में प्रसिद्ध कथा वाचक ईशान ज्योतिष गुरु आचार्य मनोज जोशी के मुखारविंद से भक्तों को श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन व बृज के बृजवासियों को गोवर्धन पर्वत उठाकर किस प्रकार रक्षा की, सभी भक्तों को कथा विस्तार से सुनाई। कथा में उपस्थित भक्त जनों में सनी चौहान अनमोल ढाका सौरभ कुमार विशाल त्यागी धर्मेंद्र सचिन कुमार व समस्त कृष्णा एनक्लेव के सनातन प्रेमी व भक्तिमाई माताएं उपस्थिति रही।

# लोक कल्याण विधान में समवसरण की दिव्य महिमा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**समाज जागरण**

बागपत। श्री अजितनाथ सभागार बडौत में आयोजित आठ दिवसीय लोक कल्याण महामंडल विधान के सातवे दिन परम पूज्य अध्यात्म योगी आचार्य श्री आर्जवसागर महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में जैन श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र भगवान की अष्ट द्रव्यों से भक्तिपूर्वक पूजन की।विधान के सौधर्म इन्द्र का सौभाग्य मुकेश कुमार रूपल जैन को प्राप्त हुआ। ब्रह्मचारी गौरव भैया और ऋषिका दीदी के निर्देशन में सौधर्म इन्द्र द्वारा मंडल पर 27 अर्घ समर्पित किए गए। विधान के मध्य बोलते हुए आचार्यश्री ने कहा कि अरिहंत परमेष्ठी के प्रति भक्ति केवल पूजा की क्रिया तक सीमित नहीं होनी चाहिए। भगवान की वीतरागता, निर्मलता और आत्मसाधना को अपने जीवन का आदर्श बनाना ही वास्तविक अर्हद्भक्ति है। भगवान के गुणों का स्मरण करते हुए जब साधक अपने भीतर भी उन गुणों को विकसित



करने का पुरुषार्थ करता है, तभी भक्ति आत्मकल्याण का माध्यम बनती है। वहीं आचार्यभक्ति एवं बहुश्रुतभक्ति के माध्यम से गुरुजनों के प्रति विनय, श्रद्धा तथा जिनवाणी के ज्ञाता विद्वानों के प्रति सम्मान की भावना को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी गई। आचार्यश्री ने कहा कि जिनवाणी का अध्ययन और उसका प्रचार-प्रसार समाज को धर्म के वास्तविक स्वरूप से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। धर्मसभा में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने एकाग्र भाव से आचार्यश्री के मंगल प्रवचनों का श्रवण किया। तथा वीतराग प्रभु, आचार्य परमेष्ठी एवं बहुश्रुत संतों के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। विधान स्थल पर चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण निरंतर आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण बना हुआ है। विधान में महेंद्र जैन, अरुण जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, राकेश जैन, नवीन जैन, संजय जैन, संजीव जैन, अंकुर जैन, ऋषभ जैन, अनुज जैन, नितिन जैन आदि उपस्थित थे।

# काली खोलीधाम में मनाया गया बाबा जाहरवीर गोगा और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**समाज जागरण**

छपरौली। क्षेत्र के गांव हलालपुर स्थित काली खोलीधाम बाबा मोहनराम मंदिर में बाबा जाहरवीर गोगा महाराज और योगीराज भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया। काली खोलीधाम के संस्थापक जगत गुरु डॉ. तेजबीर सिंह खोखर ने गोगा नवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में आयोजित सत्संग के बाद प्रसाद वितरित किया। श्रद्धालुओं ने गुरु की वाणी का अमृतपान कर धर्म लाभ लिया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जगत गुरु डॉ. तेजबीर सिंह खोखर ने कहा कि योगीराज भगवान श्रीकृष्ण केवल हमारे आराध्य ही



नहीं बल्कि श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से विश्व को मोक्ष का मार्ग दिखाने वाले सनातन धर्म की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि नाथ संप्रदाय के आराध्य गुरु गोरखनाथ के अनुयाई बाबा जाहरवीर गोगा जी महाराज ने धर्म रक्षा के लिए आदर्श प्रस्तुत किया। उनके अंगरक्षकों में चारों वर्णों के लोग शामिल थे। इस अवसर पर नरेंद्र आर्य, रामनिवास त्यागी, मनमोहन जिंदल, प्रहलाद, सुनील कुमार आर्य, समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय, भगत सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी टटीरी ने किया शिक्षकों का सम्मान

**समाज जागरण**

बागपत। अग्रवाल धर्मशाला अग्रवाल मंडी रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी डिस्ट्रिक्ट 3100 द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच शिक्षकों का सम्मान



किया। उन्होंने डॉक्टर सतवीर सिंह प्रधानाचार्य नेहरू इंटर कॉलेज पिलाना अमित कुमार गुप्ता कॉमर्स प्रवक्ता दिल्ली प्रवेश शर्मा संगीता रोहिल्ला व नीतू गुप्ता का सम्मान किया। उन्हें क्लब द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर, माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रवीण गोयल सचिव हरिओम शर्मा कोषाध्यक्ष विनेश रोहिल्ला संजीव शर्मा अंकुर शर्मा दिनेश गुप्ता प्रवीण टाटा स्काई अतुल शर्मा सुनील गोयल एवं सभी रोटेरियन उपस्थित रहे।

# दधि लीला की रथ शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। तदर्थ प्रशासनिक श्री सनातन धर्म रामलीला महोत्सव समिति के तत्वावधान में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की दधि लीला रथ शोभायात्रा निकाली गई। श्री राधा-कृष्ण मंदिर सदर बाजार से शाम छह बजे शुरू हुई शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण, दाऊ बलराम और ग्वाल-बालों के स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा घंटाघर चौराहा, सेंट्रल चौराहा होते हुए नगर निगम पहुंची। यहां से वापस श्री राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान के स्वरूपों पर पुष्पवर्षा की और आरती उतारकर स्वागत किया।



शुभारंभ के दौरान समिति के अध्यक्ष सिटी मजिस्ट्रेट नगर विनोद कुमार पांडेय और एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने भगवान श्रीकृष्ण, दाऊ बलराम एवं ग्वाल-बालों के स्वरूपों की आरती उतारी। इसके बाद शोभायात्रा रवाना हुई।

इस दौरान सीओ सिटी सतेंद्र सिंह, समिति सदस्य श्याम सिंह यादव पूर्व उपसभापति, पीके पाराशर, हरिओम वर्मा पूर्व पार्षद, पं. मुन्नालाल शास्त्री, राम नरेश कटारा, डॉ. अमित गुप्ता, विजय कुशवाहा, नितेश अग्रवाल, अनूप झा, गुड्डू मिश्रा, नीरज चतुर्वेदी, सोनू मिश्रा, पं. विजय उपाध्याय, उपेंद्र शर्मा, प्रशांत माहेश्वरी, रीतेश आर्य और अनुज श्रोतीय सहित थाना उत्तर, दक्षिण और रसूलपुर के प्रभारी मौजूद रहे।

# सड़क पर मिला मोबाइल, कवर में रखा था 10 ग्राम सोने का सिक्का

## मुख्य आरक्षी ने मालिक की तलाश कर थाने बुलाया, सामान लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। सड़क पर पड़ा मिला मोबाइल फोन उसके मालिक तक पहुंचाने के साथ पुलिसकर्मी ने कवर में रखा 10 ग्राम का सोने का सिक्का भी सुरक्षित लौटा दिया। थाना उत्तर में तैनात मुख्य आरक्षी राकेश कुमार की इस ईमानदारी की मोबाइल स्वामी ने सराहना की।



थाना दक्षिण क्षेत्र की नई बस्ती, जैन मंदिर निवासी त्रिलोकी नाथ स्वर्णकार पुत्र प्रेमचंद्र वर्मा शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे मोटरसाइकिल से शिव मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में जेब से वीवो कंपनी का मोबाइल फोन गिर गया। मोबाइल के कवर में 10 ग्राम वजन का सोने का सिक्का भी रखा था। इसी दौरान थाना उत्तर में तैनात मुख्य आरक्षी 409 राकेश कुमार को रास्ते में मोबाइल पड़ा मिला। उन्होंने मोबाइल को सुरक्षित रखा और उसके वास्तविक स्वामी की जानकारी जुटाई। इसके बाद त्रिलोकी नाथ स्वर्णकार को थाने बुलाया गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना उत्तर रवि त्यागी और मुख्य आरक्षी राकेश कुमार ने मोबाइल फोन और कवर में रखा सोने का सिक्का त्रिलोकी नाथ को सकुशल सौंप दिया। कीमती सामान वापस मिलने पर उन्होंने पुलिस का आभार जताया। पुलिस के अनुसार, इस तरह के प्रयासों से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत होता है। पुलिसकर्मियों को ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# बर्फ से तैयार बाबा बफार्नी के शिवलिंग के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**आगरा-मथुरा के कारीगरों ने फूलों से सजाया फूल बंगला, श्री द्वारकाधीश मंदिर में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे**

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। कृष्णापाड़ा स्थित श्री द्वारकाधीश मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जय बाबा अमरनाथ बफार्नी समिति का 29वां वार्षिक आयोजन धूमधाम से हुआ। बाबा अमरनाथ के कृत्रिम बफार्नी शिवलिंग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर हर-हर महादेव, बम-बम भोले और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंजता रहा।



कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के महंत अभिषेक गौड़ ने पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर किया। बाबा बफार्नी का विशाल शिवलिंग बनाने में करीब 400 से 500 बर्फ की सिल्लियों का प्रयोग किया गया। आगरा और मथुरा से आए कारीगरों ने प्राकृतिक फूलों से भव्य फूल बंगला सजाया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी एलईडी लाइटों से सजाया गया।

समिति के संस्थापक सचिव कृष्ण गोपाल मित्तल बबलू बफार्नी ने बताया कि आयोजन की तैयारियां कई दिन पहले शुरू कर दी गई थीं। पुलिस प्रशासन और मातृशक्ति सेवा वाहिनी की महिलाओं ने महिला श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराने में सहयोग किया। नगर निगम की ओर से मंदिर के बाहर आकर्षक रंगोली भी सजाई गई।

मध्य रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण का जलाभिषेक और महापूजन कर जन्मोत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई।

आयोजन में समिति संरक्षक अनिल गर्ग, पंकज अग्रवाल, संजय गुप्ता इंपीरियल, अध्यक्ष अरुण जैन, उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू, संस्थापक सचिव कृष्ण गोपाल मित्तल, संयोजक सुनील बंसल बब्बी, मीडिया प्रभारी हिमांशु अग्रवाल समेत समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के अन्य जगहों पर भी बाबा बफार्नी की गुफा सजाई गई जिसमें बौहरे पाती राम पूरनमल धर्मशाला रामनगर और परमेश्वर गेट स्थित साई मंदिर पर भी बाबा बफार्नी की झांकी सजाई गई जिसे देखने के लिए जन सैलाब देर रात तक उमडता रहा।

# शिक्षक दिवस पर सपा नेता ने स्कूल बंद करने के फैसले का किया विरोध

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा करीब 26 हजार विद्यालयों को बंद किए जाने के फैसले के विरोध में प्रदर्शन किया।

सपा नेता ने प्राथमिक विद्यालय देवनगर, कन्या प्राथमिक विद्यालय देवनगर, प्राथमिक विद्यालय कटरा सुनारन और प्राथमिक विद्यालय किशन नगर, कोटला रोड के बाहर प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर उन्होंने विद्यालयों को बंद किए जाने का विरोध जताया।



उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों को बंद करने के बजाय उनमें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराकर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए। विद्यालय बंद होने से गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। उन्होंने सरकार से विद्यालयों को बंद करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अश्वनी कुमार जैन को गोरखपुर में राज्य अध्यापक पुरस्कार से किया सम्मानित

**समाज जागरण**

फिरोजाबादः- राष्ट्रीय शिक्षक दिवस 05 सितम्बर का दिन जनपद फिरोजाबाद के माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए गौरव का क्षण रहा। जब श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज फिरोजाबाद के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने के लिए राज्य अध्यापक पुरस्कार से योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह, गोरखपुर में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर प्रमाण पत्र, पच्चीस हजार रुपये की धनराशि का चेक, माँ सरस्वती की प्रतिमा प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 81 शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के 61 एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के 20 शिक्षक सम्मलित है। यह जनपद फिरोजाबाद के माध्यमिक शिक्षा विभाग के राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम शिक्षक हैं, जिसके कारण यह माध्यमिक शिक्षा विभाग, फिरोजाबाद के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है।



अश्वनी कुमार जैन पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से शिक्षण कार्य से जुड़े हुए हैं। उन्होंने 03 अप्रैल 2006 से श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में सहायक अध्यापक विज्ञान के पद पर सेवाएं प्रारंभ की थीं, तदुपरांत उनकी पदोन्नति नागरिक शास्त्र प्रवक्ता पद पर की गई। अश्वनी कुमार जैन ने अपने दीर्घ शिक्षण में विद्यार्थियों को रुचिकर शैली में पढ़ाने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विद्यार्थियों के अन्दर रचनात्मता, क्रियाशीलता, तार्किक क्षमता, जिज्ञासा और नवाचार में अनवरत वृद्धि करने के लिए कार्य किए हैं। जैन ने नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने एवं उसमें नवाचार करने हेतु जनपद के प्रथम नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, संसद की कार्यवाहियों को पैनल बोर्ड के माध्यम से दिखाकर उन्हें संसद की जानकारी प्रदान करना, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, न्यून अधिगम के विद्यार्थियों का चिन्हांकन एवं उपचारात्मक शिक्षण, आईसीटी के प्रयोग को शिक्षण प्रक्रिया से जोड़ा है। उनका उद्देश्य नागरिक शास्त्र विषय को प्रशासनिक तैयारियों के साथ मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धक रूप से विद्यार्थी स्वंय को तैयार कर सकें। उनका सदैव यह प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके।

# शिक्षक समाज की रीढ़, बच्चों के भविष्य की नींव मजबूत करें शिक्षक

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। शिक्षक दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक मनीष असीजा, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, मेयर कामिनी राठौर और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल ने शिक्षकों को सम्मानित किया।

सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि समाज में शिक्षकों के प्रति सम्मान और निष्ठा बढ़ी है। शिक्षक मां सरस्वती की कृपा से सम्मानपूर्वक और स्वतंत्र वातावरण में अध्यापन करने का अवसर पाते हैं। शिक्षक और छात्र के बीच संवाद, अनुशासन और स्नेह विद्यार्थी के जीवन पर अमिट छाप छोड़ता है।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षण कार्य केवल विषय पढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश और समाज के भविष्य के निर्माण का पवित्र दायित्व है। समारोह में कुछ शिक्षकों को दिया गया सम्मान प्रतीकात्मक है, इसमें जनपद के सभी शिक्षकों का सम्मान निहित है। उन्होंने प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को बच्चों के भविष्य की नींव बताते हुए शिक्षकों से विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने की अपील की।



उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को इस स्तर तक तैयार करें कि वे देश-दुनिया के विद्यार्थियों के साथ हर मंच पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। प्रधानमंत्री के संकल्प का उल्लेख करते हुए उन्होंने शिक्षकों से सप्ताह में दो घंटे श्रमदान कर विद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित रखने का आह्वान किया। साथ ही स्मार्ट क्लास का प्रभावी उपयोग करने, निरंतर सीखने और प्रशिक्षण का लाभ लेकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया।

मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि शिक्षक समाज के आधार स्तंभ हैं। शिक्षक की एक गलती का प्रभाव केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर पूरे समाज और राष्ट्र के निर्माण पर पड़ सकता है। इसलिए शिक्षकों की जिम्मेदारी समाज और राष्ट्र के प्रति सबसे अधिक है।

**इन शिक्षकों को किया सम्मानित**

माध्यमिक शिक्षा क्षेत्र में डॉ. सुनील यादव प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल नगला पट्टी, डॉ. सीमा यादव प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल कोडरा, योगेंद्र सिंह सहायक अध्यापक राजकीय हाईस्कूल नारखी, शिवांगी लवानिया सहायक अध्यापक राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टूंडला, यतेंद्र कुमार प्रधानाचार्य दीनबंधु इंटर कॉलेज उसायनी, हिमांशु शर्मा प्रवक्ता डीएवी इंटर कॉलेज, महेश चंद्र दुबे प्रहलाद टीकमानी इंटर कॉलेज, नारायण सिंह प्रवक्ता पुरातन सरस्वती बीएम इंटर कॉलेज और हरेंद्र सिंह प्रवक्ता डायट को सम्मानित किया गया।

विकासखंड स्तर से उत्कृष्ट शिक्षण के लिए रश्मि सिंह प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कारीखेड़ा, दीपक बंसल प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय सोफीपुर, अखिलेश कुमार प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय दिनौली गोरवा और नेहा सक्सेना सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय चंदवार गेट को सम्मान मिला।

विशेष साफ-सफाई अभियान में बेहतर कार्य करने वाले विनोद कुमार प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर, मनोज कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदनपुर, हरिप्रसाद प्रधानाध्यापक पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय गढ़िया और मयंक रावत सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय नगला गंगी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ से प्रसारित शिक्षक दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पांडे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार समेत संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी, कान्हा वाले के मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**समाज जागरण**

कालांवली (सुरेश जोरासिया) प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर श्रीखाटूश्याम व शहर कालांवली के विभिन्न मंदिरो में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्रद्धा और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कान्हा वाले मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और आकर्षक सजावट से भव्य रूप से सजाया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। मंदिरों में उमड़े भक्तों के सैलाब से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।



जन्माष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में भजन-कीर्तन, संकीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धालु ह्यराधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते नजर आए। कई मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां भी सजाई गईं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

रात 12 बजे जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का समय हुआ, मंदिरों में घंटियां और शंखनाद गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ कान्हा के जन्म का स्वागत किया। इसके बाद भगवान का पंचामृत से अभिषेक कर विधिवत पूजा की गई और प्रसाद वितरित किया गया।

जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों के आसपास सुरक्षा और व्यवस्था के भी विशेष इंतजाम किए गए। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक मंदिरों में मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

# उत्तराखंड के बाद अब हरियाणा में भी 'हनुमान अंश' को टैक्स फ्री करने की मांग

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) हाल ही में रिलीज हुई आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक फिल्म ह्यहनुमान अंशह्ण को हरियाणा में भी टैक्स फ्री किए जाने की मांग उठी है।

मंडल महामंत्री एवं सदस्य (मनोनीत), मार्किट कमेटी कालांवाली महेश कुमार आजाद ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से मांग की है कि संत शिरोमणि बाबा नीम करोली महाराज के जीवन, आध्यात्मिक विचारों, सेवा, प्रेम और मानवता के संदेश पर आधारित फिल्म हनुमान अंश को प्रदेश में टैक्स फ्री किया जाए।



महेश कुमार आजाद ने कहा कि बाबा नीम करोली महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन प्रेम, सेवा, करुणा और मानव कल्याण के लिए समर्पित किया। उनके विचार आज भी देश-विदेश में लाखों लोगों को प्रेरणा देते हैं। ऐसी फिल्मों के माध्यम से युवा पीढ़ी को भारतीय संत परंपरा, आध्यात्मिक मूल्यों और मानव सेवा की भावना से जोड़ने का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा हनुमान अंश को टैक्स फ्री किए जाने का निर्णय स्वागत योग्य है। इसी तर्ज पर हरियाणा सरकार को भी प्रदेश में फिल्म को टैक्स फ्री करने की पहल करनी चाहिए, ताकि आर्थिक कारणों से कोई व्यक्ति इस प्रेरणादायक फिल्म को देखने से वंचित न रहे।

उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस विषय में संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर हनुमान अंश को हरियाणा में टैक्स फ्री करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

महेश कुमार आजाद ने कहा कि यह केवल किसी फिल्म को टैक्स में राहत देने का विषय नहीं है, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक विरासत, संत परंपरा और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम होगा।

# सेवा संकल्प अभियान को लेकर बड़ागुढ़ा में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) क्षेत्र के गांव बड़ागुढ़ा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर शनिवार को बड़ागुढ़ा में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती रेनू शर्मा के नेतृत्व में



किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रेनू शर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान संगठन के लिए आमजन से जुड़ने और सेवा कार्यों को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कार्यकताओं से अभियान के दौरान पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ भाग लेने का आह्वान किया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में निताशा सिहाग एवं रविंद्र बलियाला उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने कार्यकताओं को अभियान की रूपरेखा, आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से सेवा कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को सेवा गतिविधियों से जोड़ना है।

इस दौरान कार्यकताओं को अभियान के उद्देश्य, आगामी कार्यक्रमों तथा उन्हें जन-जन तक पहुंचाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही अभियान को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय और सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया।

कार्यशाला में भाजपा के जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संतोषी माता मंदिर में भक्तिमय माहौल में मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

- देश और दुनिया में भारत की संस्कृति और संस्कार मजबूतः विधायक घनश्याम सर्राफ
- 50 विद्यार्थी कलाकारों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां




**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र सिंह जावला )**

भिवानी। संतोषी माता मंदिर, हनुमान ढाणी चौक में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा एवं भक्तिमय माहौल में मनाया गया। रात्रि आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में 50 विद्यार्थी कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण के जीवन, उनके संदेश और भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुरेंद्र लोहिया एवं महेंद्र लोहिया ने की। इस अवसर पर विवेकानंद हाई स्कूल की निदेशक सावित्री यादव, समाजसेवी एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों ने कहा कि विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में अध्यात्म एवं संस्कृति से जुड़े पहलुओं को भी स्थान मिलना चाहिए। गीता जैसे महान ग्रंथ को पाठ्यक्रम में शामिल करने से विद्यार्थियों में संस्कार, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के प्रति समझ विकसित होगी। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव देश ही नहीं, विदेशों में भी मनाया जाता है। इसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति और संस्कारों को मजबूत बनाना है।

# प्रकाश पर्व पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों में दर्शन हेतु जाने के लिए श्रद्धालु 10 सितंबर तक करें आवेदन

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवली (सुरेश जोरासिया) श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों में दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालु 10 सितंबर तक उपायुक्त कार्यालय में अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि 22 नवंबर से एक दिसंबर 2026 तक श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों में मनाए जाने वाले प्रकाश पर्व में भाग लेने के इच्छुक श्रद्धालु अपना आवेदन पत्र 10 सितंबर 2026 से पहले उपायुक्त कार्यालय, सिरसा की प्रथम मंजिल स्थित कमरा नंबर 41, विविध शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन-पत्र के साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान-पत्र तथा वैध पासपोर्ट की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# 2017 के पहले बाढ़पीड़ितों को देते थे सूखी ब्रेड, अब मिलती है 26 सामानों वाली 50 किलो की किट : सीएम योगी

**समाज जागरण**

लखनऊ/वाराणसी, 5 सितंबर। वाराणसी के विद्या विहार इण्टर कॉलेज में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावितों के राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज से 10 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के 45 जिले बाढ़ से प्रभावित होते थे और दर्जनों जनपदों में मस्तिष्क ज्वर से बच्चे कालकवलित होते थे। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा, इतनी राहत सामग्री पहले नहीं मिलती थी। तब एक सूखी ब्रेड मिलती थी और हम देते हैं 50 किलो की किट, जिसमें 26 प्रकार के सामान होते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की डूबी फसलों का सर्वे किया जा रहा है। उन्हें भी मुआवजा देने के आदेश कर दिए गए हैं।

सीएम योगी ने कहा कि उस समय न बच्चों के लिए दूध था, न गर्म भोजन, न राशन और न डिग्निटी किट। यही सामग्री या यही पैसा 2017 के पहले ये सपाई सब खा जाते थे। गरीब का हक खाकर डकार जाते थे। जब अच्छी सरकार आती है, अच्छी स्कीम लेकर आती है, लूट-खसोट पर रोक लगाती है और गरीब को उसका हक उपलब्ध करवाती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गत वर्ष भी मुझे इस विद्यालय परिसर में आकर राहत कार्यों की समीक्षा करने और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन ने क्या व्यवस्थाएं की हैं, इनका निरीक्षण करने का अवसर मिला था।

# मंदिर से दानपात्र चोरी करने का मामला सुलझा

## नूनसर के शिव मंदिर से दानपात्र चोरी, हिसार से आरोपी गिरफ्तार

## बहल पुलिस ने आरोपी से 430 रुपये किए बरामद, पूछताछ में मोटरसाइकिल का तेल खत्म होने पर चोरी करने की बताई वजह

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र सिंह जावला )**

बहल। बहल क्षेत्र के नूनसर गांव स्थित शिव मंदिर से दानपात्र चोरी करने के मामले में थाना बहल पुलिस ने एक आरोपी को हिसार से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए दानपात्र से संबंधित 430 रुपये बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए।

पुलिस के अनुसार, नूनसर निवासी जगदीश ने थाना बहल में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह 2 सितंबर 2026 की शाम पूजा करने के लिए मंदिर गया था। इस दौरान उसने देखा कि मंदिर में रखा दानपात्र गायब था। शिकायत के आधार पर थाना बहल पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले में कार्रवाई करते हुए 4 सितंबर 2026 को थाना बहल के मुख्य सिपाही कबूल सिंह की पुलिस टीम ने आरोपी को हिसार से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतीश पुत्र धर्मबीर, निवासी नई महाबीर कॉलोनी, हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 430 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसकी मोटरसाइकिल का तेल खत्म हो गया था, जिसके चलते उसने मंदिर से दानपात्र चोरी किया था।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी सतीश को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उसे जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार, आईपीएस के निर्देश पर जिले में चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

# कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने दी हल्का तोशाम को 4440.26 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात

- केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी शनिवार को तोशाम में लोगों से रूबरू होकर सुनी लोगों की समस्याएं
- हलका तोशाम में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दी जाएगीः श्रुति चौधरी
- प्रदेश के खुशहाल हलकों में शुमार होगा तोशामः श्रुति चौधरी
- कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के आश्वासन के बाद गांव जमालपुर में 71 दिनों से पर्याप्त नहरी पानी की मांग को लेकर चला आ धरना हुआ समाप्त

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र सिंह जावला )**

तोशाम, 05 सितंबर। प्रदेश की सिंचाई तथा जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के आश्वासन के बाद गांव जमालपुर में पिछले 71 दिनों से पर्याप्त सुन्दर ब्रांच में नहरी पानी की मांग को लेकर चला आ रहा धरना शनिवार को समाप्त हो गया। श्रुति चौधरी ने धरनारत महिलाओं और किसानों के बीच में जाकर आश्वासन दिया कि आने वाले कुछ समय के बाद नहरी पानी की कमी नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि बुटाना ब्रांच के नवीनीकरण पर 211 करोड रुपए और सुंदर ब्रांच के नवनिर्माण पर 185 करोड रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। इसके बाद नहरों में पानी की क्षमता बढ़ेगी और क्षेत्र को पूरा पानी मिलेगा। उन्होंने बताया कि नाबार्ड से करीब 5700 करोड़ रुपए की राशि से प्रदेशभर की नहरों और माइनरों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सिंचाई विभाग किसानों को पर्याप्त पानी देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वहीं दूसरी ओर श्रुति चौधरी ने हल्का तोशाम में विभिन्न गांवों में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी।

**हल्का तोशाम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए**

प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि हल्का तोशाम प्रदेश के खुशहाल हल्का में शुमार होगा। उन्होंने कहा कि हल्का तोशाम की जनता से उनका पारिवारिक नाता है, जो हमेशा रहेगा। श्रुति चौधरी ने कहा कि हल्के में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी प्रदेश भर में



समान रूप से विकास कार्य करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसी के चलते सरकार ने जनता से सीधे रूप से जुड़ी योजनाओं को ऑनलाइन किया है। उन्होंने कहा कि आज लोगों को घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

श्रुति चौधरी ने कहा कि सरकार पारदर्शिता के साथ योजनाएं लागू कर रही है। विशेष कर युवाओं में मेहनत करने के प्रति उत्साह का संचार हुआ है आज युवा वर्ग कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। सरकार मेरिट के आधार पर पारदर्शिता के साथ नौकरियां प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य भाजपा सरकार में सुरक्षित है। श्रुति चौधरी ने कहा कि सरकार महिलाओं का भी विशेष रूप से ख्याल रख रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग निरंतर महिलाओं के लिए योजनाएं लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार से हर वर्ग खुश है। प्रदेश और देश में खुशहाली का नया दौर शुरू हुआ है। ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए श्रुति चौधरी ने ग्रामीणों द्वारा उनके समक्ष रखी गई बिजली, पेयजल, गली निर्माण आदि समस्याओं को पूरा करने का आश्वासन दिया।

वहीं दूसरी ओर तोशाम विधानसभा क्षेत्र के तोशाम, मिरान, ढाणी मीरान, सागवान, दांग खुर्द और रिवासा सहित करीब आधा दर्जन गांवों में 4440.26 लाख रुपये की धनराशि की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने तोशाम में लगभग 230 लाख रुपए की लागत से ई-लाइब्रेरी का शिलान्यास किया। वहीं मिरान में लगभग 996.49 लाख रुपए की लागत से आरसीसी सैंडएस टैंक, अतिरिक्त कमरे के साथ पंप चैंबर का निर्माण, आरडब्ल्यू और सीडब्ल्यू के लिए सक्शन वेल का निर्माण, सीसी पाथ, पंपिंग मशीनरी, चार्जेबल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास और 77 लाख रुपए की लागत से पंचायती राज विभाग द्वारा बनाए गए ग्रे वाटर मैनेजमेंट का उद्घाटन किया। ढाणी मिरान में लगभग 336.95 लाख रुपए की लागत से आरसीसी सैंडएस टैंक, हाई लेवल टैंक, कच्चे पानी और साफ पानी के लिए सक्शन वेल, चार्जेबल से सटे अतिरिक्त कमरे का शिलान्यास, रिवासा में लगभग 997.24 लाख रुपए की लागत से निगाना फीडर पर कच्चे पानी की व्यवस्था, कच्चे पानी के पंपिंग स्टेशन, कच्चे पानी की राइजिंग मेन बिछाने, मौजूदा वाटर वर्क्स संरचनाओं के अपग्रेडेशन और वितरण प्रणाली बिछाने का शिलान्यास किया।

उन्होंने गांव सागवान में लगभग 999.94 लाख रुपए की लागत से प्रथम और द्वितीय की जलापूर्ति के संवर्धन/नवीनीकरण और वितरण प्रणाली प्रदान करने और बिछाने, एस.एस. टैंक, 1.00 एमएलडी डब्ल्यूटीपी, 2 नग सीडब्ल्यूटी, पंप चैंबर, पंपिंग मशीनरी और हेड वर्क पर पाइपलाइन का शिलान्यास,दांग खुर्द में लगभग 802.64 लाख रुपए की लागत से एस/एस टैंक, 0.50 एमएलडी डब्ल्यूटीपी और 2 नग सीडब्ल्यूटी का शिलान्यास किया।

इस दौरान एसडीएम तोशाम संदीप कुमार, सिचाई विभाग के एसई ओपी बिश्नोई, एसई दिनेश राठी, एक्सन नवीन, एक्सन सुरेंद्र सिंह, एक्सन मुनीश, एक्सन राहुल, एक्सन अनुराग, जानस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एक्सन विकास धनखड़, एसडीओ विक्रम पुनियां, जेई बलजीत सिंह, बीड़ीपीओ सुमित कुमार, एसडीओ देवेंदर, एसडीओ बिजली निगम चेतन, एडवोकेट हरि सिंह सांगवान, वाईस चैयरमैन सुनील, पारस मिरान, रामबिलास सागबन राजकुमार जांगड़ा, सुखबीर चेयरमैन, वाशु शर्मा, रामबीर बुसान, अमित बापोंड़ा, विकास कुमार सहित अन्य गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बंद पड़े सरकारी स्कूलों को दोबारा शुरू करेगी सपा सरकार- जिला उपाध्यक्ष अर्चना रावत

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। विधानसभा मोहनलालगंज क्षेत्र के ग्रामसभा सिकंदरपुर कुंवर बहादुर खेड़ा में समाजवादी पार्टी की ओर से सरकारी स्कूलों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों और बच्चों के बीच शिक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।कार्यक्रम




की आयोजक समाजवादी पार्टी लखनऊ की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना रावत ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यकाल में बंद किए गए सरकारी स्कूलों को लेकर ग्रामीणों और अभिभावकों में चिंता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर बंद किए गए सरकारी विद्यालयों को पुनः संचालित कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि गांव के बच्चों को उनके घर के नजदीक बेहतर शिक्षा की सुविधा मिल सके।उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल ग्रामीण और गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा का प्रमुख आधार हैं। विद्यालय बंद होने से बच्चों को दूर स्थित स्कूलों में जाना पड़ता है, जिससे अभिभावकों और विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सपा नेताओं ने शिक्षा के क्षेत्र में पूर्ववर्ती समाजवादी सरकार की योजनाओं और कार्यों का भी उल्लेख किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी रहे। उन्होंने ग्रामीणों और बच्चों से संवाद करते हुए शिक्षा को समाज के विकास की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों को मजबूत करना और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना आवश्यक है।इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, प्रधान महमूदपुर सर्वेश रावत, संतोष रावत, राकेश यादव और संदीप यादव समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे, अभिभावक और ग्रामीण शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने गांव में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात भी रखी।

# चुन्नी लाल सचदेवा डी.ए.वी. स्कूल जैतो में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस



**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,5 सितंबर : चुन्नीलाल सचदेवा डी.ए.वी. सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जैतो में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने भाषण, कविताएँ, गीत एवं विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के योगदान को सराहा।

विद्यालय के शिक्षकों के लिए विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रोचक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का वातावरण रहा। शिक्षक दिवस की खुशी को यादगार बनाते हुए विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षकों से केक कटवाया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस शुभ अवसर के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों का सदैव सम्मान करने और उनके मार्गदर्शन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ सतवंत कौर भुल्लर (मैनेजर) और डी.ए.वी कोटकपूरा के प्रधानाचार्या राजवीर कंग भी स्कूल के प्रांगण में उपस्थित हुए इन्होंने भी समूह स्टाफ को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

# "कृष्णा तेरी मुरली पर भला कौन नहीं नचदा" पर खूब झूमे श्रद्धालु, श्री गीता भवन गोनियाना में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

बठिंडा/गोनियाना, 5 सितंबर : भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पावन त्योहार श्री गीता भवन गोनियाना में बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़े भजन और पाठ चलते रहे। इस मौके पर श्री गीता भवन को बहुत अच्छे से सजाया गया था। रात्रि में महिला संकीर्तन मंडल द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्म (रात12 बजे) तक भजन और कीर्तन किए और भगवान कृष्ण के जन्म के समय गीता भवन के मुख्य पुजारी आचार्य गजेंद्र दत्त शास्त्री ने शंख और घड़ियाल बजाकर पूरी संगत को भगवान श्री कृष्ण जी के जन्म की बधाई दी। कार्यक्रम के आखिर में माक्खन-मिश्री, फल और खिलौनों का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रामधारी बंसल, लाजपत गोयल,



विनोद बंसल, शाम लाल बंसल, उदय सिंगला, अमृत पाल भोला, नवीन, गोयल, सुदर्शन गुप्ता, गोबिंदा और गोपाली भी उपस्थित थे।

# छात्र छात्राओं के लिए नए भवन का हुआ लोकार्पण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। शिक्षक दिवस के अवसर पर श्री युगल बिहारी इण्टर कॉलेज रामेश्वर वाराणसी में विद्यालय की मातृ संस्था युगल बिहारी एजुकेशनल ट्रस्ट की मुख्य न्यासी श्रीमती श्वेता सिंह ने नव निर्मित 7 क्लास रूम का लोकार्पण किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक धर्मेन्द्र




सिंह ने बताया कि नव निर्मित क्लास रूम में फर्नीचर, पंखा, सी सी टी वी कैमरा, वाइट बोर्ड एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। अब विद्यालय प्रांगण में लगभग 2 हजार छात्र छात्राओं के बैठने की व्यवस्था है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य रवींद्र बहादुर सिंह का भी अंगवस्त्र पहनाते हुए अभिवादन किया गया।मौके पर प्रबन्ध समिति के सदस्य अजीत सिंह, कृष्ण कुमार, संजय सिंह द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिका का सम्मान किया गया । साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार यादव ने सभी अतिथि का स्वागत किया गया। इस अवसर दारा कुमार, पप्पू राम पटेल, सुभाष राम, धर्मेन्द्र वर्मा, अनीता,साक्षी, कीर्ति,अल्पना शर्मा, सयान भौमिक,सत्येन्द्र मौर्य, आदि शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन शुभम मिश्र द्वारा किया गया।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के काशी विद्यापीठ ब्लाक अंतर्गत भुल्लनपुर स्थित ब्लॉक रिसोर्स सेंटर पर शिक्षक दिवस पर आयोजित शिक्षक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने विद्या तथा ज्ञान की जननी माता सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर संगोष्ठी




को संबोधित करते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान का उल्लेख कर एक शिक्षक छात्रों के भीतर अनुशासन, ईमानदारी और मानवीय मूल्यों का विकास कर किताबी ज्ञान के साथ-साथ जीवन जीने की कला सिखाते हैं एक शिक्षक समाज का निमार्ता और मार्गदर्शक होता है शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सेवा निवृत्त शिक्षकों माला , अंगवस्त्र , बाल पेन व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित कर सेवानिवृत्त शिक्षकों से समाज में अनुशासन, ईमानदारी और मानवीय मूल्यों को विकसित कर समाज सेवा में बने रहने की बात कही।
कार्यक्रम में राजकुमार कश्यप ,मानस सिंह , अखिलेश "देवराज", बृजेश पटेल, विनोद पटेल सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# गोली लगने से युवक घायल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बेहवरिया निवासी दिलीप मिश्रा के मकान पर नितिन चौहान, कृष्णा मिश्रा एवं शिवम चौहान, तीनों उम्र करीब 16 वर्ष, अवैध असलहा लेकर रील बना रहे थे। इसी दौरान असलहा से अचानक गोली चल गई, जिससे नितिन चौहान के गाल पर गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु सीएचसी पिंडरा भेजा गया है।प्रकरण में कृष्णा मिश्रा एवं शिवम चौहान, दोनों उम्र करीब 16 वर्ष, को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ एवं आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना की सूचना पर एसीपी पिंडरा, थाना प्रभारी फूलपुर एवं चौकी कठिरांव पुलिस मौके पर मौजूद है तथा घटनास्थल पर जांच-पड़ताल की जा रही है। अवैध असलहे के संबंध में भी जांच की जा रही



# लापता छात्रा का अभी तक पता नहीं

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।जंसा थाना क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 10 की छात्रा रहस्यमय ढंग से लापता हो गई जिसके बारे में आज तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया जिससे परिजनों में भय व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, हाथी बरनी इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली उक्त छात्रा 31 अगस्त सोमवार को सुबह घर से स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, जब कोई पता नहीं चला तो पिता ने जंसा पुलिस को घर के पड़ोस में संचालित एक ज्वेलर्स की दुकान पर कार्यरत युवक पर शंका जताते हुए नामजद तहरीर दी परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। लेकिन बरामदगी में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है।परिजनों का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के 6 दिन बाद भी पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की पीड़िता के पिता ने बताया कि वह रोज थाने के चक्कर काट रहा है, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष जंसा सत्यजीत सिंह ने बताया कि जिस युवक पर शंका जताई गई है, उसके परिवार वालों से पूछताछ की गई है और उसका पूरा परिवार घर से गायब है। युवक की बाइक सुल्तानपुर हाईवे पर मिली है। सर्विलांस और अन्य माध्यमों से छात्रा की तलाश की जा रही है, जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान किशोर की डूबने से मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र के रामडीह गांव में शनिवार दोपहर एक दुखद हादसा हो गया। यहां मूर्ति विसर्जन कर घर लौट रहे 11 साल के किशोर अंश पटेल की बंधे में डूबने से मौत हो गई।अंश पटेल रामडीह गांव निवासी जगनारायण पटेल का बेटा था। वह नौतखवा में मूर्ति विसर्जन करने गया था। विसर्जन के बाद वह घर लौट रहा था। रास्ते में बारिश के कारण बंधे में पानी भरा हुआ था। अंश का पैर अचानक फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूब गया।काफी देर तक अंश के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बंधे के पास पहुंचने पर उन्हें अंश का शव पानी में तैरता हुआ दिखा। परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। इसके बाद अंश को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंश अपनी दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। उसकी मौत से परिवार में शोक का माहौल है। मां रीता देवी सहित परिजनों का बुरा हाल है

# शिक्षक दिवस पर बीआरसी सेवापुरी में शिक्षकों का हुआ सम्मान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। भारत रत्न देश के द्वितीय राष्ट्रपति 20वीं शताब्दी के महान शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के शुभ अवसर पर बीआरसी सेवापुरी के सभागार में शिक्षकों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसके मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सेवापुरी अदिति सिंह एवं विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी सेवापुरी शिवनारायण सिंह शामिल हुए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि मां सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया । खंड शिक्षा अधिकारी सेवपुरी संजय कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों एवं सम्मानित होने वाले शिक्षकों का स्वागत अभिनंदन किया और शिक्षकों के बीच में आवाह्न किया कि हम सभी एक महान कर्मवीर है जो मनसा वाचा कर्मणा के साथ राष्ट्र के निर्माण में भागीदार करते हैं इसलिए आपको राष्ट्र निमार्ता भी कहा जाता है। विशिष्ट अतिथि इस अवसर पर उद्बोधन करते हुए यह बताया कि



बदलती हुई समाज में उसके आवश्यकता अनुसार शिक्षण करना आप शिक्षकों के लिए बहुत ही आवश्यक है आपको राष्ट्र के निर्माण के मापदंडों में वैश्विक प्रतिस्पर्धा से में स्थापित करना है यह कार्य चुनौती पूर्ण है लेकिन आप इसे कर ले जाएंगे , मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में यह बताया कि आप समाज के निर्माण करता है आपका समय सम्मान होता रहा है आप अपने विशिष्ट कार्यों से देश राष्ट्र को चमत्कृत करते रहे हैं।
सम्मानित होने वाले शिक्षकों में मुख्य रूप से बेबी कुमारी,संतोष कुमार राय,कमलेश कुमार पांडेय,अभिनव आनंद,विनय कुमार वर्मा,आनंद कुमार सिंह,विकास दीक्षित,बृजेश पाल,त्रिभुवन नाथ शुक्ल,राजेश कुमार यादव,संतोष कुमार यादव,आशीष कुमार सोनकर,विनोद कुमार वर्मा,नीलम केशरी विष्णु प्रसाद राजेश कुमार पाल वीरेंद्र कुमार प्रतिमा सिंह,धर्मेंद्र कुमार चौधरी प्रदीप कुमार शुक्ल नोडल शिक्षक संकुल, न्याय पंचायत बरेमा सम्मानित होने वाले शिक्षकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र एवं 2027 की डायरी, पेन प्रदान किया गयाक्इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सेवापुरी अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त कियाकइस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष काशी नाथ यादव पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ महामंत्री शशिकांत दुबे एवं नोडल शिक्षक संकुल एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण के आधार स्तंभ

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। शिएट महाविद्यालय, गहनी आयर, वाराणसी में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ हुई '
कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पुष्पा मिश्रा एवं डॉ. आलोक कुमार त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान प्रदान करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक आदर्श शिक्षक अपने ज्ञान, अनुभव और आचरण के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता




है।
वक्ताओं ने वर्तमान समय में शिक्षा के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीकी एवं डिजिटल युग में शिक्षक की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं, नैतिकता, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना शिक्षक का महत्वपूर्ण दायित्व है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह ने करते हुए कहा कि शिक्षकों को अपने ज्ञान एवं दायित्व के प्रति निरंतर सजग रहते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही एक सशक्त, संस्कारित एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकती है।

कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुरभि श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में गुरु को सदैव सर्वोच्च सम्मान प्राप्त रहा है। शिक्षक समाज को दिशा देने और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला तैयार करने का कार्य करता है।
समारोह में महाविद्यालय के शिक्षकगण और विभिन्न संकायों की छात्र/छात्राएं उपस्थित रहीं'

# शिक्षक दिवस पर अवकाश प्राप्त 12 शिक्षकों का हुआ सम्मान

**शिव तिवारी समाज जागरण बड़ागांव वाराणसी**

शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ागांव पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा पिंडरा के विधायक डॉ अवधेश सिंह उपस्थित रहे। अवकाश प्राप्त शिक्षक विकास क्षेत्र बड़ागांव एवं विकास क्षेत्र पिंडरा के कुल 12 शिक्षकों को एवं कुल 12 निपुण विद्यालय के शिक्षकों को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा अवकाश प्राप्त शिक्षकों से हमेशा विद्यालय पर अपना योगदान देते रहने हेतु आग्रह




किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी बड़ागांव एवं खंड शिक्षा अधिकारी पिंडरा उपस्थित रहे, एवं मुख्य अतिथि को बुके माला स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेंद्र कुमार पांडेय, अजय कुमार तिवारी, सुनील कुमार सिंह, रवि दुबे उमाकांत प्रसाद शर्मा,मोहन पटेल, कमलेश यादव सहित तमाम शिक्षकों ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला संयुक्त मंत्री वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

# बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी: योगी आदित्यनाथ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वाराणसी का दौरा कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और राहत शिविर में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों का कुशलक्षेम पूछते हुए उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराई और भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद के सलारपुर स्थित विद्याविहार इंटर कॉलेज पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित करने के उपरांत मुख्यमंत्री द्वारा उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए हर हर महादेव को उद्घोषित किया गया। उन्होंने कहा गत वर्ष भी उनके द्वारा इसी विद्यालय में राहत कार्यों का निरीक्षण करने के साथ राहत सामग्री वितरित की गयी थी। उन्होंने कहा वरूणा नदी में बैकफ्लो से जलजमाव की समस्या निचले क्षेत्रों में खड़ी हो जाती है। उन्होंने कहा पहले बरसात के इस समय में 40-45 जनपद प्रभावित होते थे लेकिन पिछले साढ़े नौ वर्षों के कार्यकाल का ही देन है की आज केवल 14 जिले ही थोड़ा बहुत प्रभावित हो रहे हैं। बच्चे मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित



होते थे, लेकिन आज ये सब पूरी तरह नियंत्रित किया गया है। आज जिला प्रशासन तथा पार्टी के प्रयास से युद्धस्तर पर कार्य करते हुए राहत सामग्री वितरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज काशी नई काशी बनते हुए नए कलेवर को संजोई है। काशी विश्वनाथ धाम, घाट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, सड़क चौड़ीकरण, रिंग रोड ने काशी को नई काशी की गरिमा दी है। आज आपदा राहत शिविर में बच्चों को दूध के साथ फल, अनाज, बाल्टी, मग, बिस्किट, नमक, तौलिया, तेल समेत 26 आइटम दिए जा रहे हैं। ये सभी पैसा प्रधानमंत्री के द्वारा दिया गया है। पिछली सरकारों में यही पैसा सरकारें खा जाती थीं। जिन किसानों की फसल डूबी है उनको भी मुआवजा हेतु निर्देशित किया गया है। मकान गिरने, आकाशीय बिजली, सर्पदंश सबको आपदा में शामिल करते हुए परिवार को 24 घंटे के अन्दर चार लाख वितरण की व्यवस्था कर दी गई है। बेघर को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना देने हेतु भी निर्देशित किया गया है। अच्छी सरकारें अच्छा कार्य लेकर आती हैं।

उन्होंने कहा कि 16 वार्ड में 567 परिवार प्रभावित हैं। 48 नावों को लगाकर सेवा ली जा रही है। चिकित्सा हेतु आयुष्मान कार्ड दिए जा रहे हैं। 1131 किसानों की फसल क्षतिग्रस्त हुई है। बाढ़ पानी नीचे जाते ही उचित छिड़काव किया जाएगा, ताकि कोई भी बीमारी पैर नहीं पसारने पाए। ये सब इसलिये संभव है कि आपने एक योग्य सांसद को चुनकर संसद भेजकर देश का प्रधानमंत्री बनाया है। संकट की घड़ी में आप अकेले नहीं है, पूरी सरकार आपके साथ हमेशा खड़ी है ये मै आप सभी को आश्वत करता हूं।

इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी जग्गू राम मौर्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। मुख्यमंत्री द्वारा बाढ़ राहत शिविर का बारीकी से स्थलीय निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं को देखा गया।

# संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज में शिक्षक दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

## छात्राओं ने प्रस्तुत की सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। जिले के संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज केराकतपुर में शनिवार को शिक्षक दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्रों ने शिक्षकों को सम्मानित कर उनसे आशीर्वाद लिया। शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णनन की जयंती पर मनाए गए शिक्षक दिवस को लेकर कालेज में अलग आकर्षण रहा। आज आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लोहता थाना प्रभारी अभिजीत सिंह एवं मुख्य अतिथि सभासद राजेश कन्नौजिया और चेयरमैन शशिकांत सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।शशिकांत सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने आचरण से शिक्षा देता है। उन्होंने शिक्षा के साथ जीवन की दीक्षा पर बल दिया। छात्राओं ने



अपने शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर थाना अध्यक्ष अभिजीत सिंह ने कहा कि हमारे शस्त्रों व ग्रंथों में पौराणिक काल से ही शिक्षकों को भगवान का दर्जा दिया गया है। शिक्षा के दम पर ही भारत एक बार फिर दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है।कालेज के छात्राओं ने शिक्षकों-शिक्षिकाओं के सम्मान में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को यादगार बनाया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं से जुड़े सुरक्षा जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे।वाइस चेयरमैन राकेश सिंह ,प्रबंधक अभिषेक सिंह ,मयंक सिंह डायरेक्टर ईश्वरी प्रसाद पांडे, प्रिंसिपल डॉ विष्णु प्रकाश ,अतुल सिंह, कदंबिनी पांडे, सपना सिंह, सुनीता दीक्षित, मिली सिंह, संजू द्विवेदी ,आनंद ,नितेश सिंह, प्रशांत सिंह सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।कार्यक्रम संचालन निकिता सिंह ने किया सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# शिक्षक दिवस पर बीआरसी हरहुआ पर किया गया शिक्षकों का सम्मान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर बीआरसी हरहुआ में शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों का सम्मान किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ पंकज कुमार द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। माननीय मुख्यमंत्री के शिक्षक सम्मान समारोह का लाइव प्रसारण अध्यापकों को दिखाया गया।
विकासखंड हरहुआ के प्रत्येक न्याय



पंचायत से उत्कृष्ट कार्य करने वाले 01 शिक्षकों को इस प्रकार कुल 20 शिक्षकों को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र सहित माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अनिल कुमार सिंह, रणधीर कुमार सिंह, विवेक चित्रांशी एआरपी सहित मनोज कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह,महेश प्रसाद, अजय कुमार सिंह, लालचंद प्रसाद, स्वाति सिंह, अभिलाषा सिंह सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 शैलेश कुमार मिश्रा एआरपी द्वारा किया गया।

# राजेश्वरी महिला पी0 जी0 कालेज में शिक्षक दिवस सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरहुआ वाराणसी में शिक्षक दिवस के अवसर पर 'शिक्षक के योगदान के विविध आयाम ' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0राघवेन्द्र नारायण सिंह ने शिक्षक दिवस के प्रणेता डॉ0 राधाकृष्णन को केक काटकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शिक्षक को चरित्र निमार्ता बतलाते हुए राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को अमूल्य कहा। शिक्षक ने जब भी अपने कर्तव्य में शिथिलता बरती राष्ट्र संकट में फंस गया. वह राष्ट्र कभी



भी उन्नति नहीं कर सकता जहाँ शिक्षकों का सम्मान नहीं होता।ए आई से सूचना मिल सकती है ज्ञान और संस्कार नहीं।शिक्षक ही समाज का वह प्रथम और अंतिम व्यक्ति होता है जो निःस्वार्थ भाव से बिना जाति धर्म प्रांत के भेदभाव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।छात्राओं और प्राध्यापकों ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षा और शिक्षक के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति गुप्ता, शालू गिरि, सुनीता कन्नौजिया, सरोजा देवी, इकबाल अहमद ने अपनी सहभागिता दी।संचालन शालू गिरि और धन्यवाद ज्ञापन उपनिदेशक अंशुमान सिंह ने किया।

# किसानो के हित के मद्देनजर बीपैक्स की ऋणसीमा दस लाख से बढ़ाकर पंद्रह लाख की गई: जेपीएस राठौर

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता जेपीएस राठौर की अध्यक्षता में सर्किट हाउस, वाराणसी में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई।मंत्री द्वारा विभागीय योजनाओ पर चर्चा करते हुए वर्तमान खरीफ सीजन के धान खरीद की तैयारियो को अभी से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
उन्होने कहा कि धान क्रय केन्द्रो को चयनित कर लिया गया है ,वहाँ हर प्रकार की तैयारियो की समीक्षा कर ली जाए। विगत वर्षो का कमीशन सभी समितियो को उपलब्ध कराने हेतु प्रभावी कार्यवाई सुनिश्चित की जाए। इसके पूर्व संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक वाराणसी मंडल श्रीमती सोमी सिंह ने बुके देकर मंत्री का स्वागत किया।
बैठक मे 100 से 2500 मीट्रिकटन क्षमता के नये गोदामो के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई।
मंत्री द्वारा जिला सहकारी बैंक जौनपुर वाराणसी एवं गाजीपुर से भी पैक्स कंप्यूटराइजेशन योजना अंतर्गत



समितियों के डायनेमिक डे इंड, ऑन सिस्टम ऑडिट एवं ई-पैक्स रूपांतरण की भी समीक्षा की गई ।उन्होने संबंधित अधिकारियो को यह भी निर्देशित किया कि कोई भी समिति डेइंड से बाहर नही निकलनी चाहिए।
बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई ।गोदामो के सुदृढ़ीकरण व मरम्मत योजना,जन औषधि केन्द्र तथा अन्य सामयिक योजनाओ की समीक्षा करते हुए माननीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने एवं शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
समीक्षा बैठक में संयुक्त आयुक्त वाराणसी मंडल श्रीमती सोमी सिंह,सुरेंद्र मौर्य, सहायक आयुक्त वाराणसी, बृजेश पाठक सहायक आयुक्त जौनपुर, विपिन सिंह सहायक आयुक्त गाजीपुर , पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा तथा जिला सहकारी फेडरेशन के चेयरमैन राकेशसिंह अलगू, सी0ई0ओ0 जिला सहकारी बैंक, जिला प्रबंधक पीसीएफ पीसीयू एवं यूपीएसएस तथा अपर जिला सहकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# के.जे. एजुकेशनल ग्रुप में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

## विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त कर प्रस्तुत किए सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम

**समाज जागरण शिव तिवारी**

बड़ागांव, वाराणसी। बाबतपुर स्थित के.जे. एजुकेशनल ग्रुप के अंतर्गत संचालित के.जे. कॉलेज ऑफ फामेर्सी एवं सन्मुख कॉलेज ऑफ फामेर्सी में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक, मनोरंजक एवं रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में संस्था के निदेशक डॉ. मिथिलेश द्विवेदी, प्रशासनिक प्रमुख पंकज कुमार त्रिपाठी सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस के महत्व और विद्यार्थी जीवन में गुरु की भूमिका के बारे में बताया।
वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम और विषय का ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह विद्यार्थियों के जीवन का मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत और संस्कारदाता भी होता है। शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव के माध्यम से विद्यार्थियों को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान, आत्मविश्वास और सफलता के प्रकाश की ओर ले जाता है।
इस अवसर पर डॉ. सचिन अग्रहरि, डॉ. गणेश लाल, डॉ. शिवजी कश्यप तथा सन्मुख कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य कमलेश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों का सम्मान करने, उनके मार्गदर्शन को जीवन में अपनाने तथा एक अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।
समारोह में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में केक काटा और उन्हें उपहार भेंट किए। इसके साथ ही विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री कृष्ण का प्रकटोत्सव

- हिंदू धर्म सभा विष्णु मंदिर में भक्तों का जनसैलाब
- "माखन चोर नंद किशोर" के जयकारों से गूंजा विष्णु मंदिर
- भजन-कीर्तन और झांकियों से सजा जन्माष्टमी महोत्सव



**समाज जागरण**

बैंकॉक थाईलैंड जिम्मी मिश्रा हिंदू धर्म सभा विष्णु मंदिर में आज भगवान श्री कृष्ण का प्रकट दिवस बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और झालरों से दुल्हन की तरह सजाया गया था

**नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की**

विदेश बैंकॉक स्थित हिंदू धर्म सभा विष्णु मंदिर के प्रांगण में भगवान योगेश्वर का जन्म उत्सव बहुत ही सुंदर धूमधाम नृत्य भजन भाव के साथ मनाया गया (जन्मभूमि) से दूर होकर भी अपनी संस्कृति के प्रति इतना श्रद्धा बनाने रखने के लिए के लिए आप सभी थाईलैंड में रह रहे हैं भारतीय और थाई परिवार सामिल हुवे

रात्रि 12 बजे भगवान के जन्म के समय शंख, घंटे और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। पुजारियों ने विधि-विधान से अभिषेक और आरती की। जन्म के बाद बाल कृष्ण को पालने में झुलाया गया और प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों तथा भारत से आए सुपर स्टार गायक और गायिका भजन संध्या, झांकियां और नृत्य नाटिकाओं का आयोजन हुआ। मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाओं ने भजन गाकर और पुरुषों ने ढोल-नगाड़ों के साथ माहौल भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के सभी सदस्य और आदरणी समिति दिन-रात जुटे रहे। पूरे दिन मंदिर में "हरे कृष्ण हरे राम" के भजन गूंजते रहे। रात्रि 12 बजे भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर आरती करते भक्तगण हिंदू धर्म सभा विष्णु मंदिर में सजी भगवान कृष्ण की मनोहारी झांकी भजन-कीर्तन में झूमते श्रद्धालु

**क्या है जन्माष्टमी का महत्व**

भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को भगवान कृष्ण ने मथुरा में कंस के कारागार में जन्म लिया था। यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत और धर्म की स्थापना का प्रतीक है।

# ठेका खत्म होने के बाद भी पार्किंग ठेकेदार की मनमानी!

## डीन से पर्सनल एग्रीमेंट का दावा कर वसूली, न बोर्ड न दरों की जानकारी; अस्पताल प्रबंधन की भूमिका पर उठे सवाल

**समाज जागरण**

शहडोल। बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में पार्किंग व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि पार्किंग का पूर्व ठेका समाप्त होने के बावजूद वाहन चालकों से पार्किंग शुल्क की वसूली जारी है। खास बात यह है कि पार्किंग स्थल पर न तो निर्धारित शुल्क का कोई स्पष्ट बोर्ड नजर आ रहा है और न ही ठेके की अवधि, संचालन की अनुमति अथवा वसूली के नियमों से संबंधित सार्वजनिक सूचना दिखाई दे रही है।

**पर्सनल एग्रीमेंट के आधार पर वसूली का दावा**

पार्किंग शुल्क वसूल रहे सिद्धि एसोसिएट शहडोल के संचालन मनोज पाठक का कहना है कि उन्होंने कॉलेज के डीन के साथ एग्रीमेंट किया है और इसी एग्रीमेंट के आधार पर पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। हालांकि, सरकारी



चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल जैसे संस्थान के परिसर में पार्किंग संचालन और शुल्क वसूली के लिए इस प्रकार के एग्रीमेंट व्यक्तिगत समझौते नियम में नहीं है यह प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं।लोगों का कहना है कि यदि पार्किंग संचालन की अनुमति विधिवत दी गई है तो उसका आदेश, एग्रीमेंट की अवधि, निर्धारित शुल्क और नियम सार्वजनिक किए जाने चाहिए, ताकि वाहन चालकों को स्पष्ट जानकारी मिल सके।

**न बोर्ड, न दरों की जानकारी— फिर किस आधार पर वसूली?**

अस्पताल परिसर में आने वाले लोगों का सवाल है कि पार्किंग शुल्क की दर कितनी निर्धारित है और उसे किस आदेश के तहत लागू किया गया है। पार्किंग स्थल पर यदि निर्धारित शुल्क और नियमों की जानकारी ही सार्वजनिक नहीं है, तो वाहन चालकों से वसूली में पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित होगी?

लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि ठेका कब समाप्त हुआ, नया एग्रीमेंट कब हुआ और कितने समय के लिए पार्किंग संचालन की अनुमति दी गई, इसकी जानकारी भी सामने आनी चाहिए।

**वाहन सुरक्षा की जिम्मेदारी भी स्पष्ट हो**

अस्पताल परिसर में पूर्व में वाहनों की चोरी की घटनाओं को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में पार्किंग शुल्क लिए जाने के साथ वाहन सुरक्षा, निगरानी और किसी घटना की स्थिति में जिम्मेदारी किसकी होगी, इसे लेकर भी स्पष्ट व्यवस्था जरूरी है।

**अस्पताल प्रबंधन की भूमिका पर सवाल**

पार्किंग संचालन को लेकर उठ रहे सवालों के बीच अस्पताल प्रबंधन की भूमिका भी चर्चा में है। यदि पार्किंग ठेका समाप्त होने के बाद किसी नए समझौते के आधार पर वसूली की जा रही है तो उसकी प्रक्रिया, अनुमति और शर्तों को सार्वजनिक करना आवश्यक है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर पार्किंग ठेके की अवधि, कथित पर्सनल एग्रीमेंट, शुल्क निर्धारण, वसूली की रसीद, संचालन की अनुमति और वाहन सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए।

**इनका कहना है**

पार्किंग ठेकेदार सिद्धि एसोसिएट शहडोल के संचालन मनोज पाठक का कहना, ह्लमैं कॉलेज के डीन के साथ एग्रीमेंट करके पार्किंग शुल्क वसूल रहा हूं। और उनको पैसा देता हूँ इसी एग्रीमेंट के आधार पर पार्किंग संचालित की जा रही है। उनके पास डीन के साथ किया गया समझौता है और उसी के आधार पर वे वसूली कर रहे हैं।

वहीं मामले में अस्पताल/कॉलेज के डीन डॉ जीबी रामटेके का पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन डीन ने फोन रिसीव नहीं किया।

# जमुनीहा-1 के दो स्टॉपडैम निर्माण पर उठे सवाल, सरपंच ने मांगी स्वतंत्र जांच

- 9.10 लाख की रिकवरी कार्रवाई पर जताई आपत्ति, तकनीकी अधिकारियों की भूमिका की जांच और मौके पर दोबारा माप की मांग
- सरपंच का आरोप— राशि देने से इनकार के बाद प्रतिशोधात्मक कार्रवाई; संभागायुक्त से उच्चस्तरीय जांच की मांग

**समाज जागरण**

जमुना कोतमा अनूपपुर। ग्राम पंचायत जमुनीहा-1 में जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि से कराए गए करौंधिया नाला स्टॉपडैम एवं गजहा नाला स्टॉपडैम के निर्माण कार्यों को लेकर विवाद गहरा गया है। जिला पंचायत द्वारा जारी कारण बताओ सूचना-पत्र में तकनीकी माप, मूल्यांकन और निर्माण कार्य में अंतर का उल्लेख करते हुए दोनों कार्यों में कुल करीब 9.10 लाख रुपये की राशि को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है। अब ग्राम पंचायत जमुनीहा-1 के निर्वाचित सरपंच ने इस कार्रवाई की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए शहडोल संभागायुक्त से स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

सरपंच ने संभागायुक्त को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि दोनों स्टॉपडैम निर्माण कार्यों की वास्तविक और निष्पक्ष मौका जांच किए बिना उपलब्ध अभिलेखों एवं माप पुस्तिका के आधार पर निष्कर्ष निकाला गया है। उन्होंने मांग की है कि वरिष्ठ एवं स्वतंत्र तकनीकी अधिकारियों की समिति गठित कर दोनों निर्माण कार्यों की मौके पर दोबारा माप, तकनीकी परीक्षण और जांच कराई जाए। साथ ही जांच की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराने की मांग भी की गई है।

**दोनों स्टॉपडैम को लेकर तकनीकी आपत्तियां**

जिला पंचायत अनूपपुर की ओर से जारी कारण बताओ सूचना-पत्र में जल संसाधन विभाग अनूपपुर द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन का हवाला दिया गया है। इसमें करौंधिया नाला स्टॉपडैम और गजहा नाला स्टॉपडैम के निर्माण में तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका में दर्ज मूल्यांकन तथा मौके पर प्राप्त वास्तविक स्थिति के बीच अंतर का उल्लेख किया गया है।

करौंधिया नाला स्टॉपडैम के संबंध में जांच प्रतिवेदन में वास्तविक जांच के बाद मूल्यांकन की राशि 8,66,981 रुपये बताई गई है, जबकि सीसी के अनुसार कार्य का मूल्यांकन 14 लाख रुपये दर्ज होने का उल्लेख है। इसी आधार पर करीब 5,33,013 रुपये की शासकीय राशि के व्यय पर आपत्ति दर्ज की गई है।

वहीं गजहा नाला स्टॉपडैम के संबंध में वास्तविक जांच के बाद मूल्यांकन 8,21,191 रुपये तथा सीसी के अनुसार करीब 11.99 लाख रुपये का मूल्यांकन दर्ज होने की बात सामने आई है। इसके आधार पर 3,77,809 रुपये की राशि को लेकर आपत्ति जताई गई है।

**सरपंच ने तकनीकी अधिकारियों की भूमिका पर उठाए सवाल**

सरपंच ने अपने आवेदन में कहा है कि यदि माप पुस्तिका में वास्तविक कार्य से अधिक माप दर्ज हुई है तो यह भी जांच का विषय है कि माप किस अधिकारी ने दर्ज की, कब दर्ज की गई और उसका सत्यापन किस अधिकारी ने किया। उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या सत्यापन करने वाले अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर वास्तविक माप का परीक्षण किया था।

सरपंच ने उपयंत्री, सहायक यंत्री तथा अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा किए गए माप, सत्यापन एवं निरीक्षण की भूमिका की स्वतंत्र जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि तकनीकी माप एवं सत्यापन की प्रक्रिया में किसी स्तर पर गलती या अनियमितता हुई है तो उसकी जिम्मेदारी निर्धारित किए बिना केवल पंचायत के निर्वाचित सरपंच पर वित्तीय दायित्व डालना उचित नहीं है।

**मौके की दोबारा जांच की मांग**

आवेदन में सरपंच ने कहा है कि निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए दोनों स्टॉपडैम की मौके पर पुनः जांच कराई जानी चाहिए। इसके लिए स्वतंत्र वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों की समिति गठित करने, सरपंच या पंचायत प्रतिनिधि की मौजूदगी में माप कराने तथा पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने की मांग की गई है।

उन्होंने तकनीकी स्वीकृति, मूल प्राक्कलन, माप पुस्तिका, कायादेश, सीसी एवं देयक, भुगतान संबंधी अभिलेख, निरीक्षण पुस्तिका, साइट निरीक्षण रिपोर्ट तथा कार्य के समय के फोटो-वीडियो और जियो-टैग रिकॉर्ड का भी परीक्षण कराने की मांग की है।

**धनराशि मांगने का लगाया गंभीर आरोप**

सरपंच ने अपने आवेदन में एक गंभीर आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि संबंधित अधिकारी द्वारा मामले को समाप्त करने अथवा बचाव करने के लिए उनसे धनराशि की मांग की गई थी। सरपंच का दावा है कि उन्होंने धनराशि देने से इनकार किया, जिसके बाद उनके विरुद्ध रिकवरी एवं वित्तीय दायित्व की कार्रवाई की गई।

हालांकि यह आरोप फिलहाल सरपंच द्वारा लगाए गए हैं और इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। सरपंच ने स्वयं आवेदन में कहा है कि किसी व्यक्ति को बिना जांच दोषी ठहराने की उनकी मांग नहीं है, बल्कि इस आरोप की जांच ऐसी स्वतंत्र एजेंसी अथवा वरिष्ठ अधिकारी से कराई जाए जो संबंधित जांच अधिकारियों के अधीन न हो।

**धनराशि मांगने और रिकवरी के बीच संबंध की हो जांच**

सरपंच ने मांग की है कि कथित धनराशि मांगने से लेकर रिकवरी कार्रवाई तक की पूरी समय-रेखा और संबंधित अभिलेखों की जांच की जाए। आवेदन में कहा गया है कि धनराशि की कथित मांग, उनके द्वारा इनकार, जांच रिपोर्ट और उसके बाद शुरू हुई रिकवरी कार्रवाई के बीच यदि कोई संबंध है तो उसे स्वतंत्र जांच में स्पष्ट किया जाए।

उन्होंने यह भी मांग की है कि यदि धनराशि मांगने संबंधी आरोप जांच में सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार एवं अनुशासनात्मक नियमों के तहत कार्रवाई की जाए।

**रिकवरी पर जांच पूरी होने तक रोक की मांग**

सरपंच ने संभागायुक्त से वर्तमान जांच प्रतिवेदन पर उनकी आपत्ति को अभिलेख में लेने, स्वतंत्र जांच पूरी होने तक रिकवरी एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई स्थगित रखने तथा उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर देने की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि वे शासन की राशि के दुरुपयोग का समर्थन नहीं करते और निष्पक्ष जांच में पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उनका कहना है कि यदि किसी प्रकार की वित्तीय या तकनीकी अनियमितता हुई है तो वास्तविक रूप से जिम्मेदार व्यक्ति अथवा अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

अब पूरे मामले में संभाग स्तर से होने वाली जांच और दोनों स्टॉपडैम की दोबारा तकनीकी जांच पर नजर रहेगी। यदि स्वतंत्र जांच होती है तो इससे निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति, माप पुस्तिका में दर्ज आंकड़ों और भुगतान की प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# जर्जर प्राथमिक पाठशाला पर मंडरा रहा हादसे का खतरा

## जर्जर प्राथमिक पाठशाला पर मंडरा रहा हादसे का खतरा कभी भी धराशायी हो सकती हैं दीवारें, नौनिहालों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता

**समाज जागरण**

अमलाई। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक पाठशाला देवरी इन दिनों बदहाली का शिकार है। विद्यालय भवन की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि इसकी दीवारें कभी भी धराशायी हो सकती हैं। ऐसे में विद्यालय में पढ़ने वाले नौनिहाल बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।



बताया जाता है कि जन शिक्षा केंद्र चचाई के अंतर्गत आने वाले इस प्राथमिक विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चे अध्ययनरत हैं। जर्जर भवन में बच्चों के साथ शिक्षक भी भय के माहौल में अपनी जिम्मेदारी निभाने को मजबूर हैं। बारिश के मौसम में भवन की स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है, जिससे किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

विद्यालय स्टाफ द्वारा भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक भवन की मरम्मत अथवा आवश्यक सुधार कार्य नहीं कराया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे बेहद छोटे हैं और उन्हें जर्जर भवन में बैठाना किसी खतरे से कम नहीं है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से तत्काल विद्यालय भवन का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य कराने अथवा सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि बच्चों की जान जोखिम में न पड़े।

अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और हादसा होने से पहले जर्जर भवन की सुध लेते हैं या फिर किसी अनहोनी का इंतजार किया जाता है।

# एक सप्ताह में ही उखड़ गया स्ट्रीट लाइट का खंभा, ठेकेदार की गुणवत्ता पर सवाल

## एक सप्ताह भी नहीं चली नगर परिषद की स्ट्रीट लाइट! बेस से उखड़कर सड़क पर गिरा खंभा, टला बड़ा हादसा

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

अमलाई। नगर परिषद बरगवां अमलाई में स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर परिषद क्षेत्र में अभी स्ट्रीट लाइट लगाने का काम पूरा भी नहीं हुआ है और महज एक सप्ताह के भीतर ही एक स्ट्रीट लाइट का खंभा अपने बेस से उखड़कर सड़क पर जा गिरा। गनीमत रही कि जिस समय खंभा सड़क पर गिरा, वहां कोई राहगीर या वाहन चालक मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि नगर परिषद बरगवां अमलाई के एक छोर से दूसरे छोर तक स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। कार्य में हैवेल्स कंपनी की लाइट एवं स्टील के खंभे लगाए जाने की बात कही जा रही है और इन्हें गुणवत्ता के लिहाज से बेहतर एवं लंबे समय तक चलने वाला बताया गया था। लेकिन काम शुरू होने के कुछ ही दिनों में खंभे का बेस से उखड़कर सड़क पर गिर जाना पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता है।



**बेस मजबूत नहीं या निर्माण में हुई खानापूर्ति?**

स्ट्रीट लाइट का खंभा इतनी जल्दी अपने बेस से उखड़कर गिरने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर खंभे की नींव और एंकरिंग का काम निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया गया था या नहीं? क्या संबंधित अधिकारियों ने कार्य का भौतिक सत्यापन किया? क्या ठेकेदार द्वारा लगाए जा रहे खंभों और बेस की गुणवत्ता की जांच की गई?

अगर एक खंभा महज कुछ दिनों में ही सड़क पर गिर सकता है, तो बाकी लगाए गए खंभों की मजबूती को लेकर भी नगरवासियों में चिंता बढ़ना स्वाभाविक है।

**नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि विकास कार्यों में गुणवत्ता की निगरानी को लेकर नगर परिषद की भूमिका संतोषजनक नहीं दिखाई दे रही है। वहीं, जिम्मेदार अधिकारियों से सवाल पूछने पर स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाने की बात भी सामने आ रही है।

लोगों का कहना है कि सरकारी राशि से होने वाले निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। यदि स्ट्रीट लाइट के खंभे और उनके बेस का निर्माण निर्धारित मापदंडों के अनुरूप हुआ है तो संबंधित विभाग को इसकी जांच कराकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

**बड़ा हादसा होने का इंतजार तो नहीं?**

सवाल यह भी है कि यदि खंभा सड़क पर गिरने के समय कोई व्यक्ति उसकी चपेट में आ जाता तो जिम्मेदारी किसकी होती? हादसा टल गया, लेकिन यह घटना नगर परिषद और संबंधित ठेकेदार के लिए एक गंभीर चेतावनी जरूर है।

अब देखना होगा कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में मौके का निरीक्षण कर पूरे स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट की गुणवत्ता जांचते हैं या फिर मामले को भी अन्य निर्माण कार्यों की तरह नजरअंदाज कर दिया जाता है।

नगरवासियों की मांग है कि पूरे कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए, खंभों के बेस और एंकरिंग की मजबूती की जांच हो तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

# घुनघुटी की आंगनबाड़ियों में उजाले के नाम पर अंधेरा

## 2 ट्यूबलाइट और 1 पंखे में उड़ा दिए 81 हजार

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली -- सरकार कहती है - आंगनबाड़ी को सशक्त बनाओ, बच्चों को रोशनी दो, लेकिन पाली जनपद की घुनघुटी ग्राम पंचायत में इसी रोशनी को बेच दिया गया। कागजों पर ऐसा उजाला दिखाया कि पोर्टल चमक उठा, लेकिन धरातल पर 6 आंगनबाड़ी केंद्र आज भी टिमटिमाती ट्यूबलाइट और टेढ़े लटके पंखे की गवाही दे रहे हैं।

मामला 15 वां वित्त आयोग की अनटाइड राशि का है। 21 जनवरी 2026 को वाउचर नंबर एक्स व्ही एफ सी /2025-26/पी/ 10 से रामकरण लोधी के खाते में 81 हजार रुपये बिजली फिटिंग कार्य के नाम पर डाले गए हैं जो कि वास्तविक बिल से ढाई गुना से भी ज्यादा का देयक लगा कर चूना लगाने की बात उजागर हुई है , भुगतान के मद पर लिखा है की - 4801 कैपिटल आउटले ऑन रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन, एक्टिविटी कोड 127318791 इलेक्ट्रिक कनेक्शन। नाम इतना भारी-भरकम कि कोई आम ग्रामीण समझ ही न पाए और इसी समझ के अंधेरे का फायदा उठाकर पूरा खेल कर दिया गया।

हकीकत यह है कि प्रत्येक आंगनबाड़ी में सिर्फ 2 ट्यूबलाइट, 1 पंखा और 1 बोर्ड टांगा गया है। वही बाजारू, हल्की क्वालिटी वाला सामान। एक केंद्र में 3 हजार से ज्यादा का सामान नहीं उपयोग किया गया , इस तरह घुनघुटी की 6 आंगनबाड़ी केंद्रों के मान से हिसाब लगाया जाये तो वास्तविक व्यय भी अधिकतम 18 हजार रुपये व्यय बताया जाता है इस पर भी अन्य व्यय का हिसाब भी जोड लिया जाये जैसे मिस्त्री-मजदूरी सहित 25-30 हजार रुपए से अधिक किसी भी कीमत व्यय नहीं हो सकती, फिर 81 हजार का आंकड़ा कहां से आया? इस मामले में जानकर सूत्रों का कहना है कि इस पूरे मामले में सीधा 50 हजार से ज्यादा की राशि कागजों में ही हजम कर ली गई।

यह विकास नहीं, बच्चों के भविष्य के साथ मजाक है। जिस आंगनबाड़ी में 3 से 6 साल के बच्चे पढ़ते हैं, जहां गर्भवती महिलाओं को पोषण मिलना है, वहां बिजली के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति। वाउचर में चस्पा की गई फोटो 176899281819-81000 एच टी टी पी / 16 जे पी जी में भी वही एक-दो बोर्ड दिख रहे हैं, लेकिन पोर्टल पर अपलोड होते ही वह फोटो सरकारी ईमानदारी का प्रमाण बन गई।

सवाल सरपंच-सचिव से ही नहीं, उस पूरी निगरानी व्यवस्था से है जो ई-ग्राम स्वराज के नाम पर सिर्फ पीडीएफ अपलोड को ही विकास मान लेती है। बिना भौतिक सत्यापन के पैसा जारी कैसे हो गया? बिना बाजार दर मिलान के 81 हजार का भुगतान किसने पास किया? क्या जनपद और जिला पंचायत के तकनीकी अमले ने कभी घुनघुटी की आंगनबाड़ियों में जाकर स्विच ऑन करके देखा है?

यह घुनघुटी का अकेला किस्सा नहीं है, यह पूरे सिस्टम की सोच है - जहां आंगनबाड़ी की रोशनी से ज्यादा वाउचर की चमक जरूरी है। जहां ट्यूबलाइट की रोशनी नहीं, कमीशन की चकाचौंध देखी जाती है।

अब ग्रामीणों ने कलेक्टर उमरिया से सीधी मांग की है , की घुनघुटी ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाली जन विश्वास कार्यक्रम में कम से कम इन आंगनवाड़ी केन्द्रो का एक बार अपने सामने तकनीकी जांच कराते हुए 81 हजार के वाउचर का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है। ग्रामीण ने कलेक्टर उमरिया से मांग की है कि सभी 6 आंगनबाड़ियों में लगी सामग्री जब्त कर उनका बाजार मूल्यांकन से तुलनात्मक परीक्षण करते हुए अधिक भुगतान की राशि और वास्तविक बाजार मूल्य के अन्तर की राशि वसूली के साथ एफआईआर दर्ज हो। वरना यही मान लिया जाएगा कि घुनघुटी में उजाला बांटने के नाम पर अंधेरा परोसा जा रहा है और अधिकारी उसी अंधेरे में आंख बंद किए बैठे हैं।

# शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह शिक्षक हुए सम्मानित

**समाज जागरण**

मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ ब्लॉक के खंड शिक्षा कार्यालय पर आज शिक्षक दिवस के अवसर पर ब्लॉक संसाधन केंद्र, राजगढ़ पर पिछले एक वर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वि0ख0 के शिक्षकों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ ग्राम प्रधान गोल्हनपुर इंश पटेल, BEO राजगढ़ संजय कुमार, सूर्यबली सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। सुशील सिंह अध्यक्ष प्रा0शि0सं0, अशोक कुमार सिंह ARP, विद्या सागर ARP, बटेश्वर सिंह द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे चरित्र का निर्माण करते हैं, सही-गलत का फर्क समझाते हैं और कमियों को दूर कर शिक्षार्थियों को एक अच्छा इंसान बनाते हैं। कार्यक्रम में उत्कर्ष, इंद्रजीत, शुभ्रा सिंह, आलोक जौहरी, अनिल गुप्ता, संतोष सिंह, दिनेश सिंह, नगीना, ममता आदि शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिलीप सिंह, स्वाति मौर्या, अशोक कुमार, सोनल सिंह, सोनिया कुमारी, संदीप कुमार, तनवीर अरुण दूबे ARP, शक्तिधर द्विवेदी, अनिल सिंह ARP आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर भक्ति के रंग में रंगा दुर्गा मंदिर चौक

## मटकी फोड़ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बनीं आकर्षण का केंद्र

**समाज जागरण**

अमलाई। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर शुक्रवार को अमलाई नगर पूरी तरह भक्ति, उल्लास और धार्मिक उत्साह में डूबा नजर आया। वार्ड क्रमांक 6 के अंतर्गत दुर्गा मंदिर चौक में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह आयोजन हर वर्ष की भांति पवन चीनी मित्र मंडली के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद श्रीमती सुंदरबाई विश्वकर्मा उपस्थिति रही उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से सभी के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए नगरवासियों को जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद पवन कुमार चीनी ,मनोनीत पार्षद सुभाष मिश्रा ,चचाई थाना प्रभारी फूलमती अहिरवार ,देवहरा चौकी प्रभारी रंगनाथ मिश्रा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी संजय ओटवानी, शालू विश्वकर्मा , श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में नगर वासी एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का सफल संचालन मयंक सिंह एवं अजय दाहिया ने किया।



**मटकी फोड़ और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बढ़ाया उत्साह**

जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों द्वारा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं और नगरवासियों का खूब मनोरंजन किया। जन्माष्टमी के इस आयोजन को लेकर युवाओं से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागी को पार्षद पवन कुमार चीनी द्वारा 11000 प्रदाय किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

# पुलिस लाइन चुर्क में गूंजा 'नंद के आनंद भयो', भक्तिमय वातावरण में मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## पुलिस परिवार के बच्चों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

जिला ब्यूरो चीफ / समाज जागरण



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क परिसर में पुलिस परिवार के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में ह्यनंद के आनंद भयोह्ल के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।
जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी और बाल गोपाल का भव्य श्रृंगार किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना एवं आरती की।
कार्यक्रम के दौरान पुलिस परिवार के बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और जीवन प्रसंगों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। भक्ति गीतों और श्रीकृष्ण भजनों की प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।
इस अवसर पर पुलिस परिवार के सदस्यों ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ सहभागिता की। आयोजन में आपसी प्रेम, सौहार्द और पारिवारिक आत्मीयता का वातावरण देखने को मिला।
पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने समस्त पुलिस परिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, कर्तव्य, धर्म और लोककल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को मजबूत करने के साथ समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने एक-दूसरे को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार सहित पुलिस के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

# निजी अस्पताल के चार डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर के आदेश

## प्रसव के दौरान मनमानी और धमकी के आरोप, रॉबर्ट्सगंज कोतवाल से सात दिन में आख्या तलब

जिला ब्यूरो चीफ / समाज जागरण

सोनभद्र। करीब दो वर्ष पुराने एक मामले में अधिवक्ता की पत्नी की डिलीवरी के दौरान कथित मनमानी, मानसिक उत्पीड़न और धमकी देने के आरोपों पर अदालत ने निजी अस्पताल के चार डॉक्टरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। सिविल जज जूनियर डिवीजन/एफटीसी/14वां वित्त आयोग, सोनभद्र अभिलाषा की अदालत ने रॉबर्ट्सगंज कोतवाल को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के साथ सात दिन के भीतर कार्रवाई की आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।
मामले के अनुसार अधिवक्ता संतोष पटेल पुत्र इंद्रजीत सिंह, निवासी ग्राम हिनौती, सोनभद्र ने 29 नवंबर 2024 को सीजेएम न्यायालय में बीएनएसएस की धारा 173(4) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया कि उन्होंने 4 अगस्त 2024 को अपनी पत्नी विभा शाक्य को प्रसव के लिए रॉबर्ट्सगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। अगले दिन डॉक्टर मुक्ता सिंह ने ऑपरेशन के जरिए प्रसव कराया। आवेदक के अनुसार जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ थे तथा 9 अगस्त को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।
आरोप है कि अस्पताल में उपचार के दौरान अवैध वसूली के लिए मानसिक रूप से परेशान किया गया और डॉक्टर नेहा सिंह राना ने कथित तौर पर बदतमीजी की। अधिवक्ता का कहना है कि जब उन्होंने अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर आरपी सिंह से शिकायत की तो उन्हें कथित रूप से धमकी दी गई।






प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया कि 4 सितंबर 2024 को डॉक्टर आरपी सिंह, डॉक्टर मुक्ता सिंह और डॉक्टर नेहा सिंह राना को कानूनी नोटिस भेजा गया था। इसके बाद 12 सितंबर को डॉक्टर नेहा सिंह राना तथा उसी रात डॉक्टर अखिलेश पटेल द्वारा मोबाइल फोन पर कथित रूप से गाली-गलौज और धमकी दी गई।
शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने मामले की सूचना रॉबर्ट्सगंज थाने के साथ 4 नवंबर 2024 को रजिस्टर्ड डाक से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को भी दी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली।

12 दिसंबर 2025 को सीजेएम न्यायालय के आदेश से पत्रावली स्थानांतरित होकर संबंधित अदालत में सुनवाई के लिए पहुंची। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस की आख्या में एफआईआर दर्ज नहीं होने की बात का संज्ञान लिया। अदालत ने आरोपों को गंभीर प्रकृति का मानते हुए पुलिस से विवेचना कराया जाना आवश्यक माना और रॉबर्ट्सगंज कोतवाल को सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। साथ ही सात दिन के भीतर कार्रवाई के संबंध में आख्या तलब की गई है।
यह मामला शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों और न्यायालय के आदेश पर आधारित है। आरोपों की सत्यता का अंतिम निर्धारण पुलिस विवेचना और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगा।

# निजी अस्पतालों में महिला-बच्ची की मौत की जांच तेज, नेशनल हॉस्पिटल का रिकॉर्ड रूम सील

**जिलाधिकारी के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम ने शुरू की जांच, दो दिन में मांगी गई रिपोर्ट**

जिला ब्यूरो चीफ / समाज जागरण
सोनभद्र। जिले के निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान महिला और बच्ची की मौत के मामलों में प्रशासन ने जांच तेज कर दी है। परिजनों की ओर से इलाज में लापरवाही के आरोप लगाए जाने के बाद जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मामलों का संज्ञान लेते हुए दो सदस्यीय जांच टीम गठित की है। टीम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शामिल किया गया है। दोनों अधिकारियों को दो दिन के भीतर जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) और मुख्य



चिकित्सा अधिकारी घोरावल स्थित धर्मशाला रोड के नेशनल हॉस्पिटल पहुंचे। अधिकारियों ने बच्ची की मौत से जुड़े मामले की मौके पर जांच की और अस्पताल में उपचार से संबंधित रिकॉर्ड एवं अन्य दस्तावेजों की पड़ताल की। जांच के दौरान महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने के लिए अस्पताल के रिकॉर्ड रूम को सील कर दिया गया। अधिकारियों ने अस्पताल में मौजूद डॉक्टर का बयान भी दर्ज किया। इलाज से संबंधित दस्तावेजों और अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है। वहीं महिला की मौत से जुड़े मामले में भी उपलब्ध रिकॉर्ड और तथ्यों के आधार पर जांच की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि दोनों मामलों में निष्पक्ष और तथ्यपरक जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद निर्धारित समय सीमा के भीतर जिलाधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद निजी अस्पतालों में उपचार के दौरान हुई मौत के मामलों को लेकर जांच प्रक्रिया पर लोगों की नजर बनी हुई है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होने की उम्मीद है।

# 22 साल बाद घर आई खुशियां, मासूम शगुन की मौत से पसरा मातम

**निजी अस्पताल में इलाज के दौरान ढाई वर्षीय बच्ची की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप; डीएम ने जांच के दिए निर्देश**

जिला ब्यूरो चीफ / समाज जागरण
सोनभद्र। 22 वर्षों के लंबे इंतजार और मन्नतों के बाद घर में आई खुशियां ढाई साल में ही मातम में बदल गईं। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान ढाई वर्षीय बच्ची शगुन की मौत के बाद परिजनों में आक्रोश है। कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को परिजन कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में पहुंचे सदर विधायक भूपेश चौबे और जिलाधिकारी चर्चित गोंड का घेराव कर अपनी पीड़ा बताई। मृतका के पिता सुरेंद्र भावुक हो उठे और बेटी को इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई।
परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए संबंधित डॉक्टर और नर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मृतका के मामा संतोष कुमार के अनुसार, गुरुवार की भोर करीब तीन बजे शगुन की अचानक तबीयत खराब हुई। परिजन उसे धर्मशाला चौक के पास स्थित नेशनल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर लिया गया। चिकित्सक की सलाह पर बच्ची के खून की जांच कराई गई। इसके बाद डॉक्टर ने एक इंजेक्शन लिखकर दिया।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल की नर्स ने डॉक्टर द्वारा लिखे गए इंजेक्शन को बच्ची को लगाया। इंजेक्शन लगने के बाद शगुन की हालत तेजी से बिगड़ने लगी। दोपहर करीब एक बजे बच्ची ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही अस्पताल में परिजनों के बीच चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दीपावली से पहले केऔसुब अग्निशमन शाखा ने संभाली सुरक्षा की कमान

## रिलायंस स्मार्ट बाजार और ट्रेंड्स मॉल में कर्मचारियों को दिए अग्नि सुरक्षा के टिप्स

जिला ब्यूरो चीफ / समाज जागरण
सोनभद्र। दीपावली पर्व को सुरक्षित एवं दुर्घटनामुक्त बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (केऔसुब) की अग्निशमन शाखा ओबरा ने विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। उप कमांडेंट सदा राम यादव के निर्देश पर इकाई के नजदीक स्थित रिलायंस स्मार्ट बाजार और रिलायंस ट्रेंड्स मॉल में कर्मचारियों एवं मौजूद लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए गए।
अभियान के दौरान अग्निशमन जवानों ने दीपावली के दौरान पटाखों, विद्युत उपकरणों तथा अन्य कारणों से आग लगने की संभावित घटनाओं से बचाव की जानकारी दी। आग लगने की स्थिति में तत्काल उठाए जाने वाले कदम, अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग और आपात




स्थिति में भवन से सुरक्षित बाहर निकलने के तरीकों का भी प्रशिक्षण दिया गया।
अधिकारियों ने लोगों से दीपावली पर विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि समय रहते किए गए सुरक्षा उपायों से आग जैसी गंभीर दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।
अभियान निरीक्षक/अग्नि हुपेंद्र कुमार एवं उप निरीक्षक/अग्नि अमित कुमार चतुर्वेदी की देखरेख में आयोजित हुआ। इसमें अग्निशमन शाखा के जवानों के साथ रिलायंस स्मार्ट बाजार के करीब 45 और रिलायंस ट्रेंड्स मॉल के करीब 20 कर्मचारियों ने भाग लिया।
अभियान के माध्यम से कर्मचारियों को आपात स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल और सुरक्षित तरीके से बचाव के उपाय अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

# आउटसोर्सिंग कंपनी पर श्रमिकों के आर्थिक शोषण का आरोप

## सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, मस्टर रोल और बैंक रिकॉर्ड के विशेष ऑडिट की मांग

समाज जागरण / अकबर अली
अनपरा, सोनभद्र। बीना एनसीएल परियोजना के बीना-कृष्णशिला क्षेत्र में संचालित सीएचपी/आउटसोर्सिंग कंपनी पर श्रमिकों के कथित आर्थिक शोषण, कागजी हेरफेर और सुरक्षा मानकों में लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। समाजवादी पार्टी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष बबलू धांगर ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्चस्तरीय और समयबद्ध जांच कराने की मांग की है।




ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि स्वीकृत 140 श्रमिकों के स्थान पर करीब 190 श्रमिकों के नाम पर भुगतान दशार्या जा रहा है। इस आधार पर करीब 50 नामों के जरिए कथित अनियमितता और धन उगाही की आशंका जताई गई है। इसके अलावा श्रमिकों के खातों में पूरा वेतन भेजने के बाद उनसे कथित रूप से 17 हजार रुपये तक नकद वापस लिए जाने, निर्धारित समय से अधिक काम कराने के बावजूद कम भुगतान करने तथा वर्ष 2023 से लंबित वैधानिक भुगतानों को रोके जाने के आरोप भी लगाए गए हैं।
ज्ञापन में परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि बिना पुलिस और चरित्र सत्यापन के बाहरी लोगों को काम पर रखा गया है। इसे परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया गया है। विरोध करने वाले श्रमिकों और कार्यकताओं को कथित रूप से धमकाए जाने का आरोप भी लगाया गया है।

सपा नेता बबलू धांगर ने मांग की है कि मामले की जांच के लिए मस्टर रोल, बैंक रिकॉर्ड और संबंधित बिलों का विशेष ऑडिट कराया जाए। उन्होंने कथित अनियमितताओं की जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा श्रमिकों के लंबित वैधानिक भुगतान तत्काल कराने की मांग की है। फिलहाल लगाए गए आरोपों पर कंपनी प्रबंधन का पक्ष सामने नहीं आया है। आरोपों की वास्तविकता जांच और संबंधित दस्तावेजों के परीक्षण के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# ओबरा में हैवी ब्लास्टिंग पर रोक की मांग

**पर्यावरण संरक्षण मिशन ने तहसील दिवस में सौंपा पत्र, उच्चस्तरीय जांच की मांग**

जिला ब्यूरो चीफ / समाज जागरण
सोनभद्र। ओबरा तहसील से सटे खनन क्षेत्र में कथित हैवी ब्लास्टिंग पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर विश्व पर्यावरण संरक्षण मिशन ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र सौंपा। संगठन ने ब्लास्टिंग से आसपास के भवनों में कंपन और दरारें आने का आरोप लगाते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।
संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.एन. चौबे की ओर से दिए गए पत्र में कहा गया है कि तहसील परिसर से सटे खनन क्षेत्र में होने वाली हैवी ब्लास्टिंग से आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संगठन का दावा है कि ब्लास्टिंग के दौरान होने वाले कंपन से तहसील भवन, लगे शीशों और आसपास के मकानों की छतों में






दरारें पड़ रही हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि तहसील परिसर और आसपास के क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। ऐसे में ब्लास्टिंग के कारण किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। संगठन ने जनहित और मानव जीवन की सुरक्षा का हवाला देते हुए प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेने की अपील की। विश्व पर्यावरण संरक्षण मिशन ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और जांच पूरी होने तक खनन क्षेत्र में होने वाली हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाई जाए। संगठन का कहना है कि ब्लास्टिंग से होने वाले प्रभावों का वैज्ञानिक एवं तथ्यपरक आकलन कराकर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।
तहसील दिवस के दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत रखकर कार्रवाई की मांग की। अब प्रशासन की जांच और आगे की कार्रवाई पर लोगों की नजर है।

# डीबुलगंज-ममूवार में गांजा बिक्री की शिकायत, कार्रवाई की मांग

## नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन से युवाओं पर असर का आरोप, पुलिस-प्रशासन से निगरानी बढ़ाने की अपील

समाज जागरण / अकबर अलीः अनपरा, सोनभद्र। अनपरा थाना क्षेत्र के डीबुलगंज और ममूवार इलाके में कथित रूप से अवैध गांजा बिक्री की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में नशीले पदार्थों की कथित उपलब्धता से युवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और सामाजिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है।



नागरिकों के अनुसार सार्वजनिक स्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की उपलब्धता को लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। विशेष रूप से युवाओं के नशे की ओर बढ़ते रुझान को लेकर अभिभावक भी चिंतित हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो इसका असर युवा पीढ़ी पर और गंभीर हो सकता है। स्थानीय लोगों ने अनपरा पुलिस और जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है। इसके साथ ही संदिग्ध स्थानों पर नियमित गश्त और निगरानी बढ़ाने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की अपील की गई है। नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र को नशामुक्त और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पुलिस, प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। लोगों ने अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थों की बिक्री या तस्करी की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। फिलहाल इन शिकायतों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले में पुलिस जांच और प्रशासनिक कार्रवाई के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# कथा सुनने गए थे परिजन, लौटे तो फंदे से लटका मिला जिगर के टुकड़े का शव

## कृष्ण जन्माष्टमी पर घर में पसरा मातम, 25 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

समाज जागरण / अनिल कुमार अग्रहरीः डाला, सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के डाला चौकी अंतर्गत नई बस्ती में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर उस समय मातम पसर गया, जब 25 वर्षीय युवक ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान निखिल उर्फ हनी पुत्र रमेश के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।
बताया गया कि जन्माष्टमी के अवसर पर परिवार के लोग घर के सामने स्थित मंदिर में कथा सुनने गए थे। इस दौरान निखिल घर पर ही था। कथा समाप्त होने के बाद जब परिजन वापस लौटे तो युवक को





फंदे से लटका पाया। यह दृश्य देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डाला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, इ सका फिलहाल पता नहीं चल सका है। परिजन भी घटना से स्तब्ध हैं और किसी स्पष्ट कारण की जानकारी नहीं दे सके। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जन्माष्टमी के धार्मिक आयोजन के बीच हुई इस घटना से नई बस्ती में शोक का माहौल है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# उपायुक्त उद्योग ने सौर ऊर्जा आधारित पेयजल संयंत्रों का किया उद्घाटन

**कोटा और पनारी में अडानी फाउंडेशन ने स्थापित किए आठ संयंत्र, 800 परिवारों को मिल रहा लाभ**

समाज जागरण / अनिल कुमार अग्रहरी डाला, सोनभद्र। अडानी सीमेंट सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अडानी फाउंडेशन की ओर से कोटा और पनारी ग्राम पंचायत में स्थापित आठ सौर ऊर्जा आधारित पेयजल संयंत्रों का उद्घाटन उपायुक्त उद्योग बिनोद कुमार चौधरी ने किया।
इस अवसर पर साइट सीएसआर हेड मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन ने पिछले दो वर्षों में दोनों ग्राम पंचायतों में कुल 25 सौर ऊर्जा आधारित पेयजल संयंत्र स्थापित किए हैं। इन संयंत्रों से करीब 800 परिवारों को पेयजल की सुविधा का लाभ मिल रहा है।
उन्होंने बताया कि पेयजल सुविधा




...ाथ अडानी फाउंडेशन ...थ्य, शिक्षा, आजी-..., पशुधन विकास, ... संरक्षण, ग्रामीण ...ारभूत संरचना ...ास, कौशल प्रशिक्षण ...रोजगार सृजन के क्षेत्र ...ी लगातार कार्य कर ... है। सौर ऊर्जा ...ारित पेयजल संयंत्रों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने के साथ बिजली पर निर्भरता भी कम करने में मदद मिल रही है।

# अडाणी कौशल विकास केंद्र के प्रशिक्षुओं को मिले नियुक्ति पत्र

**तीन माह का असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण पूरा करने वाले पांच युवाओं को हरियाणा में रोजगार**



समाज जागरण / अनिल कुमार अग्रहरी डाला, सोनभद्र। अडाणी सीमेंट सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अडाणी फाउंडेशन की ओर से संचालित अडाणी कौशल विकास केंद्र के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण पूरा करने के बाद नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। उपायुक्त उद्योग बिनोद कुमार चौधरी और साइट सीएसआर हेड मनोज चौबे ने संयुक्त रूप से पांच प्रशिक्षुओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। साइट सीएसआर हेड मनोज चौबे ने बताया कि कौशल विकास केंद्र में तीन माह का असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण पूरा करने वाले पांच युवाओं का हरियाणा की एक प्रतिष्ठित कंपनी में चयन हुआ है। चयनित युवाओं को असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन के पद पर 21,566 रुपये मासिक मानदेय पर नियुक्ति दी गई है। उन्होंने कहा कि अडाणी फाउंडेशन की ओर से आगे भी युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा। स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर अडाणी कौशल विकास केंद्र की ओर से सतेंद्र, अर्पित दुबे, प्रशिक्षक योगेंद्र शर्मा, नीलम मोदनवाल सहित प्रशिक्षुओं के परिजन मौजूद रहे।

# पिकअप और ट्रक में जोरदार टक्कर, चालक गंभीर घायल

**हादसे में वाहन के केबिन में फंसा चालक, पुलिस ने बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया**

समाज जागरण / अनिल कुमार अग्रहरी डाला, सोनभद्र। हाथीनाला थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर पिकअप और ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को वाहन के केबिन से बाहर निकलवाकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा। मिली जानकारी के अनुसार हाथीनाला तिराहे की ओर से जा रही पिकअप की सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में पिकअप चालक अजय भारती (26) पुत्र राजू, निवासी डिबुलगंज, अनपरा, दुर्गा मंदिर के पास गंभीर रूप से घायल हो गया।
हादसे के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना हाथीनाला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप के क्षतिग्रस्त केबिन में फंसे चालक को बाहर निकलवाया। इसके बाद डायल-112 के वाहन से घायल को हिंडाल्को अस्पताल, रेणुकूट भेजा गया। घायल चालक की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटना में क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# म्योरपुर के संवेदनशील गांवों में वज्रपात अलार्म सिस्टम लगाने की मांग

## तहसील दिवस पर जिलाधिकारी के नाम पत्र सौंपा, आकाशीय बिजली से जनहानि रोकने की पहल

जिला ब्यूरो चीफ / समाज जागरण
सोनभद्र। म्योरपुर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों के लोगों ने शनिवार को तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी के नाम पत्र सौंपकर संवेदनशील गांवों में वज्रपात अलार्म सिस्टम स्थापित कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के अधिकांश गांव पहाड़ी और वनांचल क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहता है। पत्र में कहा गया है कि समय-समय पर वज्रपात की घटनाओं में ग्रामीणों और पशुओं की जनहानि सामने आती रही है। ऐसे में दुद्धी




विकासखंड की तर्ज पर म्योरपुर के संवेदनशील एवं अधिक प्रभावित गांवों में वज्रपात अलार्म सिस्टम स्थापित कराया जाना जनहित में महत्वपूर्ण कदम होगा।
ग्रामीणों के अनुसार अलार्म सिस्टम के माध्यम से आकाशीय बिजली गिरने की संभावित चेतावनी समय रहते मिल सकेगी। इससे लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंचकर स्वयं और अपने परिवार तथा पशुओं की सुरक्षा कर सकेंगे। उनका कहना है कि समय पर चेतावनी मिलने से वज्रपात से होने वाली जनहानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है।
पत्र के माध्यम से अशोक मौर्या, पूर्व प्रधान रामदयाल, सीताराम, प्रशांत दुबे, सुरेंद्र चंद्रवंशी, अरविंद, लालशाह गोंड सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से संवेदनशील गांवों को चिह्नित कर वहां वज्रपात अलार्म सिस्टम स्थापित कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने इसे जनसुरक्षा और आपदा प्रबंधन की दिशा में जरूरी कदम बताया है।

# 12 सितंबर की राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने की तैयारी तेज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निदेर्शानुसार 12 सितंबर 2026 को व्यवहार न्यायालय परिसर, किशनगंज में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी सफलता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

इसी क्रम में शनिवार, 5 सितंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ओम शंकर की अध्यक्षता में जिले के सरपंचों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

सचिव ओम शंकर ने सरपंचों को ग्राम कचहरी से संबंधित शमनीय (समझौता योग्य) मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निष्पादन कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग लोक अदालत का लाभ उठा सकें।

**इन मामलों का हो सकता है समझौते के आधार पर निपटारा**

राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक समझौता योग्य मामले, प्ली बार्गेनिंग, एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत चेक बाउंस के मामले, मनी रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा, समझौता योग्य यातायात चालान, श्रम विवाद, सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवाद, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण, सेवा एवं पेंशन से संबंधित मामले तथा राजस्व संबंधी मामलों का निपटारा किया जा सकता है।

इसके अलावा किराया विवाद, सहज अधिकार, निषेधाज्ञा, विशिष्ट निष्पादन सहित अन्य सिविल मामलों का भी सुलह-समझौते के आधार पर निष्पादन किया जा सकता है। लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों के निपटारे के लिए भी लोक अदालत को महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत वर्ष 2026 की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत होगी।

# गांव-गांव पहुंचेगा 'सेवा संकल्प अभियान', खगड़ा मेला परिसर के विस्तार के साथ बनेगा आधुनिक ऑडिटोरियम

## 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा अभियान, लाभार्थियों को केंद्र की योजनाओं से जोड़ने पर जोर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

5 सितंबर। धर्मगंज माझिया रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को ह्यसेवा संकल्प अभियानह्व को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल एवं भाजपा प्रदेश मंत्री सीमा झा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद वंदे मातरम् गीत के साथ कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक पूरे प्रदेश में ह्यसेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएंगे तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उन्हें संबंधित योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करेंगे। इसके लिए नुक्कड़ सभा, बैठक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को जिले के प्रमुख स्थानों पर ह्यआशीर्वाद का दीपकह्व जलाया जाएगा। अभियान के तहत कुल 13 कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। कार्यशाला में प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यकताओं को इन कार्यक्रमों के संचालन एवं अभियान की रूपरेखा को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

**खगड़ा मेला परिसर का होगा विस्तार**

मंत्री डॉ. जायसवाल ने किशनगंज के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खगड़ा मेला परिसर के विस्तार एवं विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मेला क्षेत्र का दायरा बढ़ाने के साथ परिसर को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। परिसर में चारदीवारी निर्माण की योजना भी प्रस्तावित है।



उन्होंने किशनगंज में आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण की भी बात कही। इसके निर्माण से जिले में सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर और आधुनिक मंच उपलब्ध होगा। कला एवं संस्कृति विभाग की योजना के तहत खगड़ा मेला परिसर के एक हिस्से में आधुनिक सभागार विकसित किए जाने की जानकारी दी गई।

मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से किशनगंज की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी और जिले के विकास को नई गति मिलेगी। परियोजनाओं से संबंधित भूमि एवं अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने पर भी जोर दिया जा रहा है।

प्रदेश मंत्री सीमा झा ने सभी कार्यकताओं से सेवा और समर्पण भाव के साथ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर बिहार सरकार अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, जिला प्रभारी राजकुमार राय, जिला उपाध्यक्ष शिशिर कुमार दास, हरिराम अग्रवाल, बिजली सिंह, कार्यक्रम प्रभारी ज्योति कुमार सोनू, जिला महामंत्री पंकज कुमार साहा, मनीष सिन्हा, कौशल झा, अरविंद मंडल, राजेश गुप्ता, कौशल यादव, अजीत दास, सुबोध माहेश्वरी, गौरव गुप्ता, सोनी देवी, लखवीर कोर, दुर्गा स्वर्णकार, लता मोदी, पुष्पांजलि देवी सहित कार्यशाला टोली के सदस्य, सभी मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री मौजूद रहे।

# अंचल कार्यालय के निरीक्षण में पंजी संधारण में मिली खामियां, डीएम ने कर्मियों को दी कड़ी चेतावनी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने शनिवार को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अंचल कार्यालय, किशनगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में विभिन्न पंजी के संधारण एवं रखरखाव में कई कमियां सामने आईं।

जिला पदाधिकारी ने अंकेक्षण पंजी, अनुक्रमण पंजी, बासगीत पर्चा पंजी, बंदोबस्त पंजी, अतिक्रमणवाद पंजी, खतियान एवं रजिस्टर-टू समेत अन्य अभिलेखों का जायजा लिया। पंजी का उचित तरीके से संधारण नहीं होने पर उन्होंने संबंधित कर्मियों को कड़ी चेतावनी देते हुए सभी अभिलेखों को वर्तमान वर्ष के अनुसार व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने का सख्त निर्देश दिया।

डीएम ने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सबका सम्मान, जीवन आसान (ईज ऑफ लिविंग) के तहत अंचल कार्यालय आने वाले आवेदकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए आवेदकों के बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल तथा स्वच्छ शौचालय की सुविधा हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को आवेदकों की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निष्पादन करने को कहा, ताकि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी राहुल कुमार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# दलालों की शिकायत पर सदर अस्पताल पहुंचे एसडीओ, दर्जनों लोगों से की पूछताछ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के निदेर्शानुसार शनिवार, 5 सितंबर 2026 को अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार ने सदर अस्पताल, किशनगंज का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में दलालों की सक्रियता की शिकायत मिलने पर एसडीओ ने अस्पताल परिसर में मौजूद दर्जनों लोगों से पूछताछ की और उनकी गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में अनधिकृत रूप से घूम रहे लोगों की पहचान एवं उनकी गतिविधियों की जांच की गई। एसडीओ ने यह भी जानकारी ली कि मरीजों अथवा उनके परिजनों को किसी तरह की परेशानी या निजी स्तर पर किसी सेवा के लिए दबाव तो नहीं बनाया जा रहा है।

इसके अलावा रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों एवं नर्सों की उपस्थिति की जांच की गई। अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। मरीजों को बेहतर एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

अस्पताल परिसर में अनधिकृत निजी एंबुलेंस की मौजूदगी की भी जांच की गई। एसडीओ ने अस्पताल परिसर में अनधिकृत रूप से निजी एंबुलेंस के संचालन अथवा खड़े रहने पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार ने अस्पताल प्रशासन को चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की रोस्टर के अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित करने, अस्पताल परिसर में अनुशासन एवं स्वच्छता बनाए रखने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही अनधिकृत व्यक्तियों, दलालों और निजी एंबुलेंस की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने को कहा।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जिलेभर में प्रवर्तन अभियान, चार वाहन जब्त

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले में सड़क सुरक्षा एवं परिवहन नियमों के अनुपालन को लेकर लगातार प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ट्रक एवं जुगाड़




वाहनों समेत विभिन्न वाहनों की जांच की जा रही है।

इसी क्रम में 05 सितंबर 2026 को जिले के विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान कुल चार वाहनों को जब्त किया गया। जब्त वाहनों में दो ट्रक एवं दो जुगाड़ वाहन शामिल हैं। प्रशासन की ओर से बताया गया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# पटना के पालीगंज में पैक्स अध्यक्षों की जिलास्तरीय बैठक

## धान अधिप्राप्ति लक्ष्य बढ़ाने और सीधा भुगतान की उठी मांग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज स्थित पम्पम मैरेज हॉल में शनिवार को पैक्स अध्यक्षों की एक अहम जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के धान व किसानों की समस्याओं के साथ-साथ पैक्स के संचालन में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सरकार के समक्ष कई प्रमुख मांगें पुरजोर तरीके से उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता पालीगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय सिंह ने की। इसका सफल संचालन बिक्रम प्रखंड के कंचनपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अरबिंद सिंह उर्फ पप्पूजी द्वारा किया गया।बैठक का मुख्य उद्देश्य धान खरीद और पैक्सों की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करना था। इस दौरान अध्यक्षों ने एक स्वर में कहा कि सरकार द्वारा तय किया गया धान खरीद का लक्ष्य काफी कम है, जिससे किसानों का पूरा धान नहीं बिक पाता है। इसलिए धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य में तुरंत वृद्धि की जाए। व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और बिचौलियों की भूमिका समाप्त करने के लिए बेचे गए धान की राशि का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में करने की मांग की गई। धान भंडारण, ढुलाई और रख-रखाव के एवज में पैक्सों को मिलने वाले पारिश्रमिक (कमीशन) की राशि को वर्तमान समय के अनुसार बढ़ाए जाने की पुरजोर मांग की गई। इस जिला स्तरीय बैठक में पालीगंज और आसपास के प्रखंडों से आए दर्जनों पैक्स अध्यक्षों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से उपस्थित रहने वालों में पुनपुन पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ गांधीजी, धरहरा पैक्स अध्यक्ष सतीश कुमार, महाबलीपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष बिनोद कुमार, निरखपुर पालीगंज के पैक्स अध्यक्ष सुमेर सिंह, जरखा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष बबलू पांडेय, और मेरा पतौना पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अनुराग शर्मा शामिल रहे। इसके अतिरिक्त श्यामदेव सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, उमेश सिंह, अरबिंद सिंह, जितेंद्र सिंह, राजीव शर्मा और केशव सिंह सहित दर्जनों पंचायतों के पैक्स अध्यक्षों ने बैठक को संबोधित किया और एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने की बात कही। बैठक के अंत में सभी ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इन मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो पैक्स संघ आगे की रणनीति तय करने के लिए बाध्य होगा।

# नबीनगर में जन्माष्टमी की धूम, जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंजा शहर

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों को फूलों, रंग-बिरंगी



लाइटों और गुब्बारों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।शहर के ठाकुरबाड़ी, राम मंदिर और शिव मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियां सजाई गईं। बाल गोपाल के पालने को फूलों से सजाया गया। दिन भर भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा और शाम होते ही 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से पूरा इलाका गूंजता रहा।नबीनगर के निजी स्कूलों में बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे बच्चों द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता सभी के आकर्षण का केंद्र रही।देर रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद मंदिरों में घंटियां बजने लगी,महाआरती की गई और प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं श्रीकृष्ण के जन्म के बाद भक्तों ने फूलों से सजी पलने में कान्हा को झूला झुलाए ।सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखी।

# पटना के दुल्हिन बाजार में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, सनसनी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के नरमा गांव के बाहर शनिवार को एक युवक का शव पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान शब्जपुरा गांव निवासी बिर मांझी के 28 वर्षीय पुत्र नीरज मांझी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह ग्रामीणों की नजर नरमा गांव के बाहर एक पेड़ से लटकते शव पर पड़ी। देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई, जिसके बाद घटनास्थल पर लोगों का तांता लग गया। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी तुरंत मौके पर पहुंचे। जवान बेटे की इस तरह से हुई मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही दुल्हिन बाजार थाना पुलिस तुरंत दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया।

दुल्हिन बाजार थाना पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वैज्ञानिक तरीके से जांच के लिए एफएसएल (FSL) की टीम को बुलाया गया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। परिजनों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक नीरज मांझी शुक्रवार की शाम से ही घर से गायब था। बताया जा रहा है कि उसकी दिमागी हालत कुछ समय से ठीक नहीं रहती थी और वह अक्सर बिना बताए कहीं भी निकल जाता था। मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण परिवार के लोग उसकी इस आवाजाही पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाए थे, लेकिन किसे पता था कि यह लापरवाही इतनी बड़ी ट्रेजडी में बदल जाएगी। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# पुनपुन नदी का जलस्तर बढ़ने से पटना के पालीगंज में बाढ़ जैसे हालात

## विधायक संदीप सौरभ ने प्रभावित इलाकों का किया दौरा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पुनपुन नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण जिले के पालीगंज प्रखंड के कई ग्रामीण इलाकों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस विकट परिस्थिति का जायजा लेने के लिए पालीगंज विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने शुक्रवार को विभिन्न बाढ़ प्रभावित गाँवों का दौरा किया और जमीनी हकीकत जानी। विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने दहिया पंचायत के रूपापुर, बाला बिगहा और हेल्हा, कटका पैगम्बरपुर पंचायत के कौरी तथा नदहरी-कोदहरी पंचायत के बऊवाँ और अलीपुर गाँव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेते हुए स्थानीय ग्रामीणों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।नदी के तेज बहाव और बाढ़ के प्रकोप से रूपापुरझबाला बिगहा संपर्क सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जो बीच से टूटकर दो हिस्सों में बंट चुकी है। इस मुख्य सड़क के टूटने से रूपापुर गाँव का संपर्क अन्य इलाकों से कट गया है। कई अन्य गाँवों में भी बाढ़ का पानी घरों और खेतों में प्रवेश कर जाने से सामान्य जनजीवन और आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। मौके पर मौजूद स्थिति को गंभीर बताते हुए विधायक ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में चौबीसों घंटे निगरानी रखने, तत्काल बचाव एवं राहत कार्य संचालित करने तथा क्षतिग्रस्त सड़कों की अविलंब मरम्मत कराकर आवागमन बहाल करने के कड़े निर्देश दिए। ग्रामीणों को ढांढस बंधाते हुए विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक गाँव और परिवार की सुरक्षा सरकार और उनकी पहली प्राथमिकता है। प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहे और जरूरत मंदों तक तुरंत राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि संकट की इस घड़ी में वे क्षेत्र की जनता के साथ हर कदम पर पूरी मजबूती से खड़े हैं।

# पटना के पालीगंज में बाढ़ पीड़ितों के मसीहा बने लोजपा (आर) नेता सुनील यादव गांवों का दौरा कर बांटी राहत सामग्रियां

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज प्रखंड में पुनपुन नदी के बढ़ते जलस्तर और बाढ़ के कहर से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। संकट की इस घड़ी में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पिछड़ा-अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पालीगंज के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुनील यादव आगे आए हैं। शनिवार को उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर पीड़ितों को ढांढस बंधाया और राहत सामग्रियों का वितरण किया। मिली जानकारी के अनुसार, पुनपुन नदी के जलस्तर में भारी वृद्धि के कारण पालीगंज का दक्षिणी इलाका भयंकर बाढ़ की चपेट में है। हालात की गंभीरता को देखते हुए लोजपा (आर) नेता सुनील यादव ने शनिवार को बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों जैसे हेल्हा, रूपापुर, कौरी और अन्य बाढ़ प्रभावित गांवों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ में फंसे और घिरे हुए ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें हरसंभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। भारी वर्षा और बाढ़ के कारण जिन परिवारों के आशियाने उजड़ गए हैं और जो बेघर हो गए हैं, नेता सुनील यादव ने उन पीड़ित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। उनकी तत्काल सहायता के लिए मौके पर ही त्रिपाल (प्लास्टिक शीट) और अन्य आवश्यक राहत सामग्रियों का वितरण किया गया। इसके अलावा, बाढ़ के पानी से घिरे होने के कारण जिन गांवों का संपर्क टूट गया है और आवागमन बाधित हो गया है, वहां के लोगों की सुविधा के लिए उन्होंने तुरंत नाव की व्यवस्था भी करवाई, ताकि ग्रामीण सुरक्षित एक जगह से दूसरी जगह आ-जा सकें। स्थानीय लोगों ने संकट के इस समय में प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर मदद मिलने पर राहत की सांस ली है। इस दौरान ग्रामीणों ने लोजपा (आर) नेता के इस जनहित कार्य की सराहना की।

# पटना में पति ने पत्नी पर ब्लेड से किया जानलेवा हमला

## शरीर पर दो दर्जन से अधिक जख्म; दहेज प्रताड़ना का आरोप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिला के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र की फेडरल कॉलोनी में घिनौनी घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। यहाँ एक पति ने क्रूरता की हदें पार करते हुए अपनी पत्नी पर ब्लेड से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे मोहल्ले में भारी आक्रोश व्याप्त है।पीड़िता अदीबा फरहीन (22) ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उसकी शादी 7 नवंबर 2021 को साजिद इमाम उर्फ अप्पू के साथ हुई थी। शादी के कुछ महीनों बाद से ही पति और ससुर अली इमाम दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि पति के अन्य महिलाओं से भी संबंध थे, जिसका विरोध करने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। दो बेटियां होने के बाद पति का जुल्म और बढ़ गया। 31 अगस्त को एक रिश्तेदार से बातचीत को लेकर पति ने विवाद किया और उसका मोबाइल छीनकर उसे मायके भेज दिया। शाम को जब अदीबा के माता-पिता घर पर नहीं थे और भाइयों को भी बाहर भेज दिया गया, तब उसका पति फेडरल कॉलोनी स्थित उसके मायके पहुंच गया। आरोप है कि उसने अदीबा को एक कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा और ब्लेड से उसके शरीर के करीब दो दर्जन हिस्सों पर ताबड़तोड़ वार किए। अदीबा की चीख-पुकार सुनकर ऊपर की मंजिल पर मौजूद उसके भाइयों ने सूझबूझ दिखाई। उन्होंने तुरंत कमरे का दरवाजा तोड़ा और अपनी बहन को पति के चंगुल से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद परिजन खून से लथपथ हालत में उसे लेकर फुलवारी प्रखंड स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहाँ उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही फेडरल कॉलोनी और आसपास के इलाकों में सनसनी फैल गई और लोगों में भारी गुस्सा देखा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने आरोपित पति और ससुर के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता ने अपने पति साजिद इमाम और ससुर अली इमाम के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आवेदन व मेडिकल रिपोर्ट्स के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# पटना के दानापुर में करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत

## मंत्री रामकृपाल यादव ने पीड़ित परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र के पांचुचक अखाड़ा (वार्ड संख्या 19) में शनिवार को बारिश के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। बिजली के लोहे के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आने से 41 वर्षीय भालू महतो (पिता- स्व. शिव पूजन महतो) की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में मातम छा गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को इलाके में झमाझम बारिश हो रही थी। इसी दौरान अखाड़ा मोड़ के पास लगे बिजली के एक लोहे के खंभे में करंट प्रवाहित हो रहा था। मृतक भालू महतो अनजाने में उस खंभे के संपर्क में आ गए और उनका हाथ खंभे पर पड़ गया, जिससे वे विद्युत प्रवाह की चपेट में आ गए। घटना के वक्त वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने जब उन्हें करंट से चिपका देखा, तो उनके होश उड़ गए। लोगों ने काफी सूझबूझ और मशक्कत करते हुए डंडों के सहारे उन्हें खंभे से छुड़ाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। करंट लगने से उनकी गंभीर स्थिति बन चुकी थी, जिससे उनकी जान चली गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अनुमंडलीय अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। दर्दनाक हादसे की सूचना पाकर पूर्व केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय नेता रामकृपाल यादव तुरंत मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें हरसंभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता शशि कुमार और राजेश शर्मा समेत कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने परिवार को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया।

# कोवाली में अवैध लॉटरी और नशीले पदार्थों के कारोबार पर विधायक संजीव सरदार सख्त, डीसी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर पोटका विधानसभा क्षेत्र के कोवाली थाना अंतर्गत अवैध लॉटरी के संचालन, अफीम-चरस जैसे नशीले पदार्थों की कथित बिक्री और अवैध बालू ढुलाई को लेकर पोटका विधायक संजीव सरदार ने सख्त रुख अपनाया है। क्षेत्र में इन गतिविधियों से संबंधित लगातार सामने आ रही खबरों और ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिखकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने पत्र की प्रतिलिपि वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी है।

विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि पिछले कुछ समय से विभिन्न समाचार माध्यमों में कोवाली थाना क्षेत्र में अवैध लॉटरी के संचालन तथा नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री से संबंधित खबरें लगातार सामने आ रही हैं। इसके अलावा स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की ओर से भी इस संबंध में शिकायतें और सूचनाएं मिल रही हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान क्षेत्र की स्थिति की ओर आकृष्ट कराया है।

**अवैध गतिविधियों से बिगड़ सकता है सामाजिक माहौल**

संजीव सरदार ने कहा कि अवैध लॉटरी जैसी गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बनने के साथ ही क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकती हैं। ऐसी गतिविधियों के कारण लोगों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बीच परेशानी बढ़ने की आशंका रहती है। उन्होंने प्रशासन से अवैध लॉटरी के संचालन से जुड़े लोगों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

विधायक ने नशीले पदार्थों की कथित बिक्री को लेकर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि अफीम और चरस जैसे मादक पदार्थों का अवैध कारोबार समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इसका सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव युवाओं और विद्यार्थियों पर पड़ने की आशंका रहती है। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से परिवारों के साथ-साथ पूरे सामाजिक वातावरण पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है।



**युवाओं के भविष्य को लेकर जताई चिंता**

विधायक ने कहा कि युवाओं को नशे और गैरकानूनी गतिविधियों से दूर रखना समाज और प्रशासन दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। समय रहते मादक पदार्थों की बिक्री और अन्य अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले समय में इसके गंभीर सामाजिक परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

**अवैध बालू ढुलाई पर भी निगरानी की मांग**

विधायक ने कोवाली थाना क्षेत्र से होकर होने वाली कथित अवैध बालू ढुलाई का मुद्दा भी उपायुक्त के समक्ष उठाया है। उन्होंने कहा कि अवैध बालू परिवहन से सरकारी राजस्व को नुकसान होने के साथ प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन की स्थिति पैदा होती है। ऐसे मामलों में संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर प्रभावी जांच और निगरानी जरूरी है।

**ओडिशा सीमा से सटे इलाकों में बढ़े निगरानी**

कोवाली थाना क्षेत्र के ओडिशा सीमा से सटे होने का उल्लेख करते हुए संजीव सरदार ने सीमा क्षेत्र में विशेष निगरानी की आवश्यकता बताई। उनका कहना है कि सीमा से जुड़े इलाकों में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस और प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्होंने उपायुक्त से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर अवैध लॉटरी, नशीले पदार्थों की बिक्री, अवैध बालू परिवहन तथा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

विधायक ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ युवाओं और आम लोगों के लिए स्वस्थ एवं सुरक्षित सामाजिक वातावरण तैयार करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने प्रशासन से ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जमीनी स्तर पर जांच कराने और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

# नबीनगर : मातृभूमि नव निर्माण युवा संघ ने निकाली जन्माष्टमी की भव्य झांकी

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मातृभूमि नव निर्माण युवा संघ की ओर से नबीनगर में भव्य झांकी निकाली गई।झांकी में भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की जीवंत प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भक्त नाचते-गाते चल रहे थे।झांकी ने नगर के प्रमुख मंदिरों का भ्रमण किया। इसकी शुरूआत राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी से हुई और राम जानकी ठाकुरबाड़ी, दुख हरनी मंदिर, देवी मंदिर परसिया रोड, महावीर मंदिर मंगलबाजार, शिव मंदिर सब्जी मंडी होते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह पर स्थानीय लोगों ने झांकी का स्वागत किया और आरती कर आशीर्वाद लिया। पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

# जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 8 सितंबर को छफ्कऑडिटोरियम में, 54 छात्राओं को मिलेगा स्वर्ण पदक

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के सिदगोड़ा प्रांगण स्थित कांफ्रेंस हॉल में शनिवार को कुलपति प्रो. इला कुमार की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें आगामी दीक्षांत समारोह की तैयारियों और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी मीडिया को दी गई। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 8 सितंबर 2026 को छफ्कऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उरक्फ राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी उपस्थित रहेंगे।

कुलपति प्रो. इला कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और राज्यपाल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस वर्ष कुल 1990 छात्राओं ने दीक्षांत समारोह के लिए पंजीकरण कराया है। समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 54 छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष का दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के लिए कई मायनों में विशेष है। पहली बार चार शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) आधारित पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है, जिसे विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। समारोह में पहली बार कई नई व्यवस्थाएं और सम्मान भी शामिल किए गए हैं।

कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में डिजिटल डिस्प्ले की व्यवस्था की गई है। पहली बार चांसलर की उपाधि, एनएसएस वॉलंटियर्स और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। उपाधि प्राप्त करने वाली छात्राओं को विश्वविद्यालय के लोगो वाला अंगवस्त्र प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अर्थशास्त्र की टॉपर छात्रा को डॉ. रेखा झा मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में एकेडमिक परेड भी आयोजित की जाएगी। इसमें सीनेट, सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्य तथा विश्वविद्यालय के स्थायी शिक्षक शामिल होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह को गरिमापूर्ण और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**सरकार के निर्देशों के अनुरूप संचालित हो रहे पाठ्यक्रम**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलपति ने विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार के निर्देशों के अनुरूप ही सभी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा किए गए दो एमओयू के तहत ड्रोन स्किल और इसरो स्पेस सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। इन पाठ्यक्रमों को सुबह या शाम के समय संचालित करने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक छात्राएं इनका लाभ उठा सकें।

उन्होंने कहा कि छात्राओं को शिक्षा पूरी करने के बाद भी विश्वविद्यालय से जोड़े रखने के लिए एलुमनाई नेटवर्क को मजबूत करने की योजना बनाई जा रही है। इसके माध्यम से विश्वविद्यालय की पूर्व छात्राओं को संस्थान से जोड़कर उनके अनुभव और उपलब्धियों का लाभ वर्तमान छात्राओं को देने का प्रयास किया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान परीक्षा नियंत्रक डॉ. रमा सुब्रमण्यम और कुलसचिव डॉ. सलोमी कुजूर ने भी दीक्षांत समारोह से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पुष्पा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर मीडिया कमिटी की डॉ. नूपुर अन्विता मिंज, डॉ. मनीषा टाइटस, डॉ. सोनाली सिंह, डॉ. शालिनी प्रसाद और डॉ. रवि नेवार सहित विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पटना के दानापुर में निजी अस्पताल के डॉक्टर की लापरवाही बनी काल

## जच्चा और दो बच्चों की मौत, परिजनों ने किया जोरदार हंगामा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र के आरपीएस मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में शनिवार को बड़ा हादसा सामने आया। डॉक्टर की कथित लापरवाही और गलत इलाज के कारण प्रसव के दौरान एक गर्भवती महिला और उसके गर्भ में पल रहे दो जुड़वां बच्चों की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मृतका की पहचान राजीव नगर निवासी बिट्टू सिंह की 25 वर्षीय पत्नी अनु सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि अनु सिंह का पिछले आठ महीनों से इसी निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। शनिवार को प्रसव पीड़ा (लेबर पेन) उठने के बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टर द्वारा प्रसव के दौरान बेहोशी की अत्यधिक मात्रा में दवा दे दी गई, जिसके चलते गर्भ में ही दोनों बच्चों की मौत हो गई। परिजनों का यह भी कहना है कि बच्चों की स्थिति बिगड़ने और उनकी मौत होने के बावजूद चिकित्सक ने मामले को छुपाया और समय पर मरीज को किसी बड़े अस्पताल के लिए रेफर नहीं किया, जिससे जच्चा की भी जान चली गई। एक साथ तीनौ की मौत से गुस्साए परिजनों ने जब अस्पताल में हंगामा शुरू किया, तो मौका पाकर अस्पताल के डॉक्टर और तमाम कर्मी क्लिनिक छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही दानापुर एसडीपीओ अजीत कुमार और थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया कि निजी अस्पताल में जच्चा और दो बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की गंभीरता से छानबीन कर रही है। अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा मौके पर एफएसएल की टीम बुलाई गई है। पुलिस ने कहा कि मृतका के परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 2017 के पहले बाढ़पीड़ितों को देते थे सूखी ब्रेड, अब मिलती है 26 सामानों वाली 50 किलो की किट : सीएम योगी

- वाराणसी में बाढ़ प्रभावितों के राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- मुख्यमंत्री ने कहा - पहले यही सामग्री, यही पैसा सपाई खाकर डकार जाते थे
- जिन किसानों की फसल डूबी है, उनका सर्वे कर मुआवजा देने का आदेश
- 10 वर्ष पहले 45 जिले बाढ़ से प्रभावित होते थे, दर्जनों जनपदों में मस्तिष्क ज्वर से बच्चे कालकवलित होते थे
- सीएम बोले, जब अच्छी सरकार आती है, अच्छी स्कीम लाती है, लूट-खसोट पर रोक लगाती है, गरीब को उसका हक उपलब्ध करवाती है
- मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों से बातचीत कर वितरित की राहत सामग्री

**समाज जागरण**

लखनऊ/वाराणसी, 5 सितंबर। वाराणसी के विद्या विहार इण्टर कॉलेज में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावितों के राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज से 10 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के 45 जिले बाढ़ से प्रभावित होते थे और दर्जनों जनपदों में मस्तिष्क ज्वर से बच्चे कालकवलित होते थे। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा, इतनी राहत सामग्री पहले नहीं मिलती थी। तब एक सूखी ब्रेड मिलती थी और हम देते हैं 50 किलो की किट, जिसमें 26 प्रकार के सामान होते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की डूबी फसलों का सर्वे किया जा रहा है। उन्हें भी मुआवजा देने के आदेश कर दिए गए हैं।

सीएम योगी ने कहा कि उस समय न बच्चों के लिए दूध था, न गर्म भोजन, न राशन और न डिग्निटी किट। यही सामग्री या यही पैसा 2017 के पहले ये सपाई सब खा जाते थे। गरीब का हक खाकर डकार जाते थे। जब अच्छी सरकार आती है, अच्छी स्कीम लेकर आती है, लूट-खसोट पर रोक लगाती है और गरीब को उसका हक उपलब्ध करवाती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गत वर्ष भी मुझे इस विद्यालय परिसर में आकर राहत कार्यों की समीक्षा करने और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन ने क्या व्यवस्थाएं की हैं, इनका निरीक्षण करने का अवसर मिला था। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों से बातचीत की और राहत सामग्री का भी वितरण किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष वरुणा नदी में जब गंगा जी का जलस्तर बढ़ता है तो वरुणा नदी बैक फ्लो करती है और उसके कारण निचले क्षेत्र में जलजमाव की समस्या खड़ी हो जाती है। आज से 10 साल पहले इसी सीजन में भीषण जलजमाव से लोगों का आवागमन बाधित होता था, उन्हें परेशानी होती थी। उन्होंने कहा कि आज मेरे साथ बाढ़ नियंत्रण के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह साथ में हैं। पिछले नौ-साढ़े नौ वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र में जो कार्य हुए हैं, उसके परिणाम वाराणसी में भी देखने को मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए नए कलेवर के रूप में एक नई काशी का हम सब दर्शन कर रहे हैं। काशी विश्वनाथ धाम हो, काशी के घाट हों, काशी के अंदर रेलवे स्टेशन हो, बस स्टेशन हो, एयरपोर्ट हो, सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य हो, रिंग रोड का कार्य हो, जनता को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने का कार्य हो या बाढ़ पर प्रभावी नियंत्रण करने के लिए किए गए उपाय हों, ये सभी आज काशी में देखने को मिल रहे हैं। जिस प्रदेश में आज से 10 वर्ष पहले दर्जनों जनपदों में मस्तिष्क ज्वर से बच्चे कालकवलित होते थे, आज इस बात को देखकर संतुष्टि होती है कि कुल मिलाकर 14 ऐसे जिले हैं, जहां आज पानी थोड़ा-बहुत आया है। उन क्षेत्रों का हम दौरा कर राहत सामग्री वितरित कर रहे हैं।

**किट में 26 प्रकार के सामान हर प्रभावित परिवार को उपलब्ध करवाए जा रहे**

सीएम ने कहा कि व्यापक स्तर पर पूरा जिला प्रशासन जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी युद्ध स्तर पर राहत कार्य के साथ जुड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो पैसा भेजा है, आपदा राहत निधि से उसी पैसे से सारी व्यवस्थाएं की जा रहीं हैं। इस किट में ढाई किलो लाई, कच्चा चना दो किलो, भुना चना दो किलो, चीनी एक किलो, 10 पैकेट बिस्किट, माचिस एक पैकेट, मोमबत्ती एक पैकेट, नहाने के दो साबुन, ढक्कनदार बाल्टी, तिरपाल, 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, दो किलो अरहर दाल, 10 किलो आलू। हल्दी, मिर्च, मसाले, एक लीटर रिफाइंड या सरसों का तेल, एक किलो नमक, सैनिटरी पैड, कपड़ा धोने के दो साबुन, एक तौलिया, एक सूती कपड़ा, 20 डिस्पोजेबल बैग, एक मग और 100 मिलीलीटर डिटॉल या सेवलॉन। यह 26 प्रकार के आइटम हर प्रभावित परिवार को उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

**मौत पर 24 घंटे के अंदर प्रभावित परिवार को राहत की व्यवस्था**

सीएम योगी ने कहा कि पानी का फैलाव होता है तो सांप, बिच्छू और अन्य कीड़ों के द्वारा काटने की शिकायतें आती हैं। मनुष्य और वन्यजीव संघर्ष के कारण भी बहुत सारी जगह जनहानि की शिकायतें आती हैं। मकान ढहने या बिजली गिरने से भी समस्याएं आती हैं। इन सबको भी आपदा राहत के रूप में शामिल किया गया है। किसी की डूबने से मौत हो गई, आकाशीय बिजली से असामयिक मौत हो गई, किसी किसान की खेत में काम करते समय, बटाईदार के खेत में काम करते समय या उनके परिवार के सदस्य की खेत में काम करते समय मौत हो गई, तो आपदा राहत निधि से अगले 24 घंटे के अंदर उस परिवार को चार लाख रुपये की सहायता हर हाल में मिल जाए, यह व्यवस्था कर दी गई है।

किसी गरीब का मकान जल गया, किसी गरीब का मकान बाढ़ में बह गया या बाढ़ में टूट गया, तो उसको तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना में एक आवास उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है कोई भेदभाव किसी के साथ नहीं करती, सबको उसका अधिकार मिले और यही अधिकार देने के लिए और समीक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री के निर्देश पर आज वे यहां पर आए हैं।

**21 राहत शिविरों में प्रभावित परिवारों के रहने की व्यवस्था**

मुख्यमंत्री ने बताया कि वाराणसी के 16 वार्डों में 567 परिवार प्रभावित हैं, जिनमें 2,486 नागरिक रह रहे हैं और 21 राहत शिविरों में इन सभी को रखने की व्यवस्था की गई है। सभी प्रकार की सुविधाएं वहां उपलब्ध करवाने के साथ ही यहां पर बचाव के लिए 48 नाव, एनडीआरएफ, पीएसी और जल पुलिस की टीम भी 24 घंटे उन क्षेत्रों में सक्रिय की गई हैं। बाढ़ से बचाव के लिए मेडिकल शिविर लगाए जा रहे हैं। जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं हैं, उन्हें आयुष्मान कार्ड और मुफ्त में दवा भी उपलब्ध कराई जा रही है। 1,129 किसान ऐसे हैं, जिनकी 131 हेक्टेयर भूमि जलमग्न हुई है। उसका सर्वे करवाया जा रहा है। सर्वे करवाने के बाद उनको भी हम राहत सामग्री उपलब्ध करवाने का काम करेंगे। ये सभी कार्य इसीलिए संभव हो पाया है, क्योंकि काशी ने देश की संसद में एक सुयोग्य प्रतिनिधि सांसद बनाकर भेजा है। यह हमारा सौभाग्य है कि काशी के सांसद पूरे देश को प्रधानमंत्री के रूप में नेतृत्व दे रहे हैं।

**डबल इंजन की सरकार आपके साथ खड़ी**

सीएम ने आश्वस्त किया कि आपदा की इस घड़ी में आप अकेले नहीं हैं। डबल इंजन की सरकार आपके साथ खड़ी है और हर प्रकार का सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे हर नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाया जा सके। 24 घंटे कंट्रोल रूम के माध्यम से एक-एक गतिविधि की जानकारी लेकर हर जरूरतमंद तक उसकी आवश्यकता के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य डबल इंजन की सरकार करेगी।

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

## राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन




**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री श्री गोवर्धन सेवा समिति के तत्वावधान में गोल्डन पब्लिक स्कूल, बहजोई में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और जन्मोत्सव से संबंधित मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। विद्यालय परिसर में पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय एवं धार्मिक वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की आकर्षक रूप-सज्जा कर सभी का मन मोह लिया। भक्ति गीतों, सांस्कृतिक नृत्यों तथा विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की खुशी मनाई। अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों का आनंद लिया और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान श्री श्री गोवर्धन सेवा समिति के सदस्यों ने भी सहभागिता की। समिति के सदस्य आशुतोष भोले, रूपक वार्ष्णेय, संजय कुमार बजाज, संजय ट्रांसपोर्ट, विशाल कुमार, अंकुर, आकाश, सोनू, तनुज, अतुल, हर्ष कुमार, सुनील ब्रेड और राजेश कुमार डब्बू सहित गोल्डन पब्लिक स्कूल का शिक्षक स्टाफ मौजूद रहा।

आयोजकों ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं शिक्षाओं से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने आयोजन की सराहना की।

## डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के बाराचंवर ब्लाक के अध्यात्मपुरम, ढोटारी स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकगण ने केक



काटकर एक-दूसरे को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजेंद्र कुमार सिंह, निदेशक प्रमोद कुमार सिंह एवं समस्त शिक्षकगण ने ज्ञानदायिनी मां सरस्वती तथा भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, शिक्षाविद और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि गुरु की महिमा अपरंपार है। गुरु की कृपा से व्यक्ति जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। भगवान श्रीकृष्ण, अर्जुन, चंद्रगुप्त मौर्य और स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों के जीवन में भी गुरु का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने गुरुजनों का सम्मान करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर गुरुजनों के सम्मान में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र कुमार ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदेशक प्रमोद कुमार सिंह, विश्वकर्मा प्रसाद, यशपाल सिंह, राजेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, गोवर्धन पासवान, कमलेश यादव, जंगली पटेल, उपेंद्र भार्गव, सुरेश राजभर, माया चौहान सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निगोहां थाने में काफी धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई!

विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर निगोहां थाने में थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। जन्माष्टमी को लेकर पूरे थाना परिसर को रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया था। रात होते ही रोशनी से जगमगाता थाना परिसर लोगों के आकर्षण का केंद्र बना







रहा।कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनकी लीलाओं से जुड़े विभिन्न प्रसंगों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। भक्ति गीतों, धार्मिक प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मौजूद लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरा थाना परिसर भक्तिमय माहौल में नजर आया।जन्माष्टमी कार्यक्रम में निगोहां क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर सहभागिता की। आसपास के गांवों से भी लोग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। जैसे-जैसे रात बढ़ती गई, थाना परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई।भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा परिसर गूंज उठा। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने को देखते हुए थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार की ओर से व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई थीं। प्रसाद वितरण, श्रद्धालुओं की आवाजाही और कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी लगातार सक्रिय रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।थाना परिसर की आकर्षक सजावट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और बेहतर व्यवस्थाओं को देखने के लिए लोगों में खासा उत्साह रहा। स्थानीय लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि थाना परिसर में इस तरह के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होने से पुलिस और आमजन के बीच आपसी संवाद और विश्वास मजबूत होता है।क्षेत्रवासियों ने जन्माष्टमी कार्यक्रम के सफल आयोजन और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार की प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि जिस तरह से बड़े स्तर पर कार्यक्रम की तैयारियां की गईं और आने वाले लोगों के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, वह सराहनीय रहा।

जन्माष्टमी के अवसर पर निगोहां थाना परिसर में देर रात तक उत्सव का माहौल बना रहा। रंग-बिरंगी रोशनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भक्ति संगीत और श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस मौके पर निगोहा पूर्व प्रधान सुरेंद्र दीक्षित, पूर्व प्रधान दीनू बाजपेई, समाज सेवी विकास सिंह, विनोद वर्मा, ग्राम प्रधान अभय कांत दीक्षित, निगोहा प्रेस क्लब अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, सचिव राघवेंद्र सिंह, प्रशांत त्रिवेदी, सुनील त्रिवेदी, हिमांशु रावत, अरुण सिंह, आरिफ मंसूरी, मंडल अध्यक्ष ललित सिंह, सुजीत गुप्ता, सौरभ सिंह,अशोक मिश्रा, चाँद खान, मोइन खान, प्रेस क्लब के महामंत्री प्रदीप द्विवेदी, समाजसेवी नवीन मिश्रा, पत्रकार धीरज तिवारी, विवेक कुमार, सूरज तिवारी, शनि पांडेय, राम जी राजपूत, अभिलाष दीक्षित, भवरेश्रर चौरसिया,सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने कालभैरव और बाबा विश्वनाथ की चौखट पर मत्था टेका

### प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और लोक कल्याणे के लिए मुख्यमंत्री ने की पूजा-अर्चना

समाज जागरण

वाराणसी, 5 सितम्बर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी कोतवाल बाबा कालभैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन कर देश औरे प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री शनिवार को 'काशी कोतवाल' बाबा कालभैरव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा कालभैरव के चरणों में शीश नवाकर उन्होंने लोक कल्याण और उत्तर प्रदेश की समृद्धि के लिए मंगल कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया तथा प्रदेश और देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं लोक कल्याण की प्रार्थना की।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर डालिम्स सनबीम स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया पर्व

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर, गाजीपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भक्ति एवं उत्सव का सुंदर वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम में किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी कान्हा और राधा के मनमोहक वेश में सजकर पहुंचे, जिसने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

समारोह के दौरान केक कटिंग का आयोजन भी किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक दही हांडी फोड़ने की रस्म में भाग लिया, जिसने पूरे वातावरण को आनंद और उमंग से भर दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कारागार में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर आधारित नाट्य प्रस्तुति रही। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय के



माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा को जीवंत किया और दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। समारोह ने बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों, सामूहिक सहभागिता और उत्सवधर्मिता की भावना को और मजबूत किया।

यह शानदार आयोजन में शिक्षिका अंजली राय, नेहा राय, पूजा सिंह, श्वेता यादव, विनीता चौधरी एवं शिक्षक शेषनाथ यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली गाजीपुर में शिक्षक दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं को आकर्षक ढंग से सजाकर शिक्षकों के प्रति सम्मान, प्रेम एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ केक काटा तथा उन्हें उपहार भेंट कर गुरुजनों के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। कक्षाओं में आयोजित इस आत्मीय कार्यक्रम से शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच स्नेह और सम्मान का रिश्ता और भी मजबूत हुआ।

शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय में ह्यशिक्षक बनकर विद्यार्थियों ने निभाई शिक्षकों की भूमिकाह्न कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विद्यालय के शिक्षकों को अपना रोल मॉडल मानते हुए उनकी भूमिका का अनुकरण किया और पूरे दिन शिक्षक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और



आत्मविश्वास के साथ प्रतिभाग किया। कक्षा 9 की छात्रा परी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के मुख्य प्रबंध निदेशक प्रो. आनंद सिंह एवं प्रबंध निदेशक प्रो. सानंद सिंह ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण, परिश्रम एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह ने भी सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थी ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं जीवन-मूल्यों को भी आत्मसात करते हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ए. एन. उपाध्याय ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके निरंतर प्रयासों और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने के साथ-साथ उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साह, प्रेम, सम्मान एवं आत्मीयता से सराबोर रहा। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में किए गए विभिन्न प्रयासों ने शिक्षक दिवस समारोह को यादगार बना दिया।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम मोहनलालगंज कोतवाली में काफी धूमधाम से मनाया गया....

विवेक कुमार
समाज जागरण संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर मोहनलालगंज कोतवाली परिसर भव्य सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और मनमोहक झांकियों से जगमगा उठा। पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ सजाई गईं भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों पर आधारित झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। शाम होते ही विद्युत झालरों की रोशनी से पूरा कोतवाली परिसर दूधिया रोशनी में नहा उठा और देर रात तक लोगों के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा।कोतवाली परिसर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनके बाल स्वरूप और विभिन्न लीलाओं से जुड़े प्रसंगों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कहीं नन्हे कान्हा का मनमोहक बाल स्वरूप श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रहा था तो कहीं फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजे झूले में विराजमान लड्डू गोपाल की झांकी भक्तों को भावविभोर कर रही थी। झांकियों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग को विशेष रूप से सजाया गया था, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।झांकियों के आसपास की गई सजावट और विद्युत प्रकाश व्यवस्था ने उनकी खूबसूरती को और बढ़ा दिया। रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और आकर्षक सजावटी सामग्री से सजा कोतवाली परिसर किसी धार्मिक आयोजन स्थल की तरह नजर आ रहा था। भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियों को देखने के लिए क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने झांकियों के दर्शन किए और पुलिसकर्मियों द्वारा की गई भव्य सजावट की जमकर सराहना की।जन्माष्टमी के अवसर पर कोतवाली परिसर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। देर रात



जन्मोत्सव के समय माहौल और भी भक्तिमय हो गया। परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। इस दौरान पुलिसकर्मियों और क्षेत्रीय लोगों ने मिलकर पर्व की खुशियां साझा कीं।आयोजन को भव्य रूप देने में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह सहित कोतवाली के पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिसकर्मियों ने अपनी ड्यूटी के साथ धार्मिक आयोजन की तैयारियों में भी उत्साहपूर्वक योगदान दिया।

जन्माष्टमी आयोजन में क्षेत्र की कई जानी-मानी हस्तियों ने भी पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की झांकियों के दर्शन किए। भाजपा नेता सर्वेश पाण्डेय, मोहनलालगंज चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम, पूर्व विधायक अमरीश सिंह पुष्कर, समाजसेवी ब्रजेश यादव, जबर यादव, पत्रकार एकता वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह भंडारी, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, शिव बालक गौतम, निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, रोहित दीक्षित, हिमांशु रावत और अरुण सिंह धीरज तिवारी सनी पांडेय, विवेक कुमार राजेश मिश्रा सूरज तिवारी अभिलाष राम जी राजपूत सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।लोगों ने कोतवाली परिसर में सजाई गई झांकियों और आकर्षक विद्युत सजावट की सराहना करते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों द्वारा धार्मिक पर्व को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाना सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का सकारात्मक संदेश देता है।आयोजन के दौरान कोतवाली परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह मुस्तैद रही। पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर लगातार सक्रिय रहे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।इस दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक यशवंत सिंह, उप निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा, श्याम राज सिंह, उप निरीक्षक अतुल सिंह, संजय सिंह, परवेज आलम, आशीष कुमार, अनूप सिंह, हर्षित गुप्ता उप निरीक्षक सुधा सिंह, राम सागर गुप्ता, सौरभ सिंह, शिवकुमार सिंह, सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।इसके अलावा कांस्टेबल मनोज यादव, दीपेंद्र सिंह, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार, संजीव कुमार, विकास जायसवाल, किशन जायसवाल,युवराज यादव, आशीष कुमार और प्रदीप यादव सहित कोतवाली का समस्त पुलिस स्टाफ आयोजन में मौजूद रहा।

भव्य झांकियों, आकर्षक सजावट और भक्तिमय वातावरण के बीच मोहनलालगंज कोतवाली में मनाया गया जन्माष्टमी पर्व क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

## उदय नारायण राय के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे घोसी सांसद राजीव राय

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के मोहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के गोंडी निवासी उदय नारायण राय उम्र 70 वर्ष का हार्ट अटैक के कारण दिनांक 27 अगस्त गुरूवार को निधन हो गया।शोक संवेदना प्रकट करने वाले लोगों का शनिवार से पहुंचने का क्रम जारी है। घोसी सांसद राजीव राय ,इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शताब्दी अध्यक्ष व सपा नेता एस पी पांडेय,पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. कल्पनाथ राय के पौत्र व भाजपा नेत्री सीता राय के पुत्र अनंत राय।



डीसीएसके पीजी कॉलेज मऊ के छात्र संघ अध्यक्ष पद्मेश तिवारी, स्नातक एम एल सी देवेंद्र सिंह जी के प्रतिनिधि भदीड़ मऊ निवासी माखन सिंह, प्रधान बरबोझी बबलू सिंह, प्रधान देवलास अभिषेक यादव, श्याम बहादुर राय राजापुर, दिनेश राय गुड्डू प्रोपराइटर बिनायक प्रोडक्ट ,भाजपा किसान मोर्चा गाजीपुर अध्यक्ष कृष्णानंद राय, मेरठ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मयंक राय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से डॉ गौरव राय, असिटेंट कमिश्नर सेल टैक्स नोएडा प्रशांत राय, एपीओ मऊ प्रशांत राय, जोगा निवासी जेपी राय, जोगा निवासी राजेश राय, क्षेत्र पंचायत सदस्य जोगा गोलू श्रीवास्तव, मऊ से सांसद घोसी प्रतिनिधि प्रभात राय, संतोष राय, आशुतोष शाही, अमित सिंह, सुधीर सिंह , जहूराबाद सपा नेता अविनाश विद्यार्थी, सैदपुर से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रत्याशी अजीत विधायक, समेत ढेर सारे लोगों ने गोंडी पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट किया। मृत्युंजय राय ने बताया की त्रयोदशाह एवं श्रद्धांजलि का कार्यक्रम 8 सितंबर दिन मंगलवार को आयोजित किया जाएगा।

## सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल गाजीपुर में शिक्षक दिवस का भव्य व दिव्य आयोजन, गूँजा गुरु-महिमा का जयघोष

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

ज्ञान, संस्कार और अनुशासन की त्रिवेणी सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और अगाध श्रद्धा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती तथा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के समक्ष पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ। यह गरिमामयी कार्य विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी, उपप्रधानाचार्य आवेश कुमार , रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुवंशी तथा अनुभवी काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिससे पूरा सभागार ज्ञान के प्रकाश से आलोकित हो उठा। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के बाद छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। के.जी. के नन्हे-मुन्ने फूल जैसे बच्चों के मनमोहक, दिल को छू लेने वाले समूह नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। वहीं वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हृदयस्पर्शी स्वागत गीत, भाव-विभोर कर देने वाली गुरु वंदना और जोश से भरे समूह नृत्य ने वातावरण को पूरी तरह से गुरु-भक्ति और देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। इसके बाद वहां उपस्थित सभी शिक्षक गण को विद्यार्थियों द्वारा सुभता और संपन्नता का प्रतीक पौधा और आकर्षक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।





प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह ने सामाजिक शिल्पकारों को संबोधित करते हुए कहा कि "शिक्षक समाज का वह शिल्पकार है जो कच्ची मिट्टी को सुंदर आकार देता है। वह केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि बच्चों में संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और चरित्र निर्माण के बीज भी बोता है। एक सच्चा शिक्षक अंधकार में प्रकाश की किरण है, जो आशा जगाता है, कल्पनाशक्ति को पंख देता है और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव रखता है।"

समारोह का समापन प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी के सारगर्भित, ज्ञानवर्धक और प्रेरणाप्रद भाषण से हुआ। उन्होंने कहा -_"माता-पिता जन्म देते हैं, पर शिक्षक जीवन जीना सिखाता है। शिक्षक की गोद में ही एक साधारण छात्र भी असाधारण व्यक्तित्व बनता है। वह हमें सिर्फ पढ़ाता नहीं, बल्कि जीने की कला, समाज के प्रति जिम्मेदारी और मानवता का गुण मन मस्तिष्क में स्थापित करता है।

उन्होंने सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधक डॉक्टर प्रीति सिंह को हृदय से धन्यवाद देते हुए तथा सभी अतिथिगण शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी छात्रों से आह्वान किया कि इस पावन दिवस पर अपने गुरुओं के प्रति हृदय की गहराइयों से कृतज्ञता, सम्मान, प्रेम और आभार व्यक्त करें।


सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान छात्रों के चेहरों पर अदम्य उत्साह और शिक्षकों के प्रति अटूट श्रद्धा और सम्मान* स्पष्ट रूप से झलक रहा था। यह भव्य आयोजन गुरु-शिष्य परंपरा की अमर ज्योति का प्रतीक बन गया। अंत में यह पंक्ति चरितार्थ हुई -गुरु बिना ज्ञान नहीं, ज्ञान बिना सम्मान नहीं।

समारोह का समापन करतल ध्वनि और गुरुजनों के जयघोष के साथ हुआ। इस भव्य कार्यक्रम के साक्षी सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुवंशी आवेश कुमार अमित कुमार सिंह अवनीश कुमार राय प्रतिमा कुशवाहा समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण बने' उत्कृष्ट संचालन का कार्य स्कूल कैप्टन कृष मिश्रा ने किया'

## पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर को फोन पर जान से मारने की मिली धमकी.....

समाज जागरण संवाददाता

मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व समाजवादी पार्टी विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर को फोन पर जान से मारने की धमकी बीती शुक्रवार की देर रात अज्ञात व्यक्ति ने पूर्व विधायक के मोबाइल फोन पर कॉल कर उन्हें धमकाया। फोन पर मिली धमकी के बाद पूर्व विधायक ने आलमबाग थाने में लिखित तहरीर देकर मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन से उचित सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की है।जानकरी के मुताबिक बीती शुक्रवार की देर रात करीब 2:56 बजे पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर के मोबाइल फोन पर 8318008951 नंबर से कॉल आई। कॉल रिसीव करने पर दूसरी तरफ मौजूद व्यक्ति ने धमकी देते हुए कहा तुमको मैं ऊपर पहुंचाऊंगा। पूर्व विधायक ने जब कॉल करने वाले से उसका नाम और पहचान पूछी तो उसने दोबारा धमकी दी और फोन काट दिया।अचानक देर रात इस तरह की धमकी मिलने से पूर्व विधायक और उनके समर्थकों में चिंता का माहौल है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद विधानसभा क्षेत्र राजनीतिक गलियारों में भी चचाओं का दौर शुरू हो गया है।



गो० 09936292689

सेवा में,
प्रभारी निरीक्षक महोदय
कोतवाली आलमबाग लखनऊ

विषय–मुझे अनजाने नम्बर 8318008951 से मिली जान से मारने की धमकी के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि मैं अम्ब्रीश सिंह पुष्कर पूर्व विधायक 176 मोहनलालगंज लखनऊ का हूँ। मैं आपके थाना क्षेत्र आलमबाग में म.न. 554/1068 भीम नगर बाबू कुंज बिहारी वार्ड में निवास करता हूँ।

आज रात समय 2:56 प्रातः पर एक अनजान मो० नं० 8318008951 से मेरे मो० नं० 9936292689 पर कॉल आता है और मुझे धमकी दी जाती है कि तुमको मैं ऊपर पहुँचाऊँगा। मेरे पुनः पूछने पर कि तुम कौन बोल रहे हो तो पुनः मुझे यही धमकी कि तुमको मैं ऊपर पहुँचाऊँगा कह कर फोन काट दिया जाता है।

महोदय मैं एक सम्मानित जनप्रतिनिधि हूँ। देर सबेर अपने निर्वाचन क्षेत्र में बना रहता हूँ और बहुत ही लोकप्रिय व्यक्ति हूँ तथा वर्ष – 2027 में होने वाले विधान सभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार होने की प्रबल सम्भावना है।

ऐसी स्थिति को देखते हुए कोई भी विपक्षी मेरी जान–माल की हानि पहुँचा सकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि मेरी शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए दोषी व्यक्ति का पता लगाकर उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करें तथा मुझे सरकारी सुरक्षा उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(अम्ब्रीश सिंह पुष्कर)

पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बताया कि वह 176-मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं और वर्तमान में भी क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। वह जनसमस्याओं को लेकर लोगों से मिलते हैं और जनहित से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाते रहे हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो रही हैं।पूर्व विधायक ने आशंका जताई कि उनकी लगातार क्षेत्रीय सक्रियता के चलते उन्हें राजनीतिक रूप से डराने या दबाव बनाने के उद्देश्य से धमकी दी गई हो सकती है। हालांकि धमकी देने वाला व्यक्ति कौन है और उसने किस वजह से फोन किया, इसका वास्तविक कारण पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।पूर्व विधायक ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि जिस मोबाइल नंबर से उन्हें धमकी दी गई, उसकी सर्विलांस और तकनीकी जांच कराई जाए। कॉल करने वाले की तत्काल पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपनी सुरक्षा को देखते हुए आवश्यक सरकारी सुरक्षा मुहैया कराने की भी मांग की है।

अब पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान करने और धमकी के पीछे की वजह का पता लगाने की है। मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच और अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास करेगी।फिलहाल घटना को लेकर पूर्व विधायक की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस की कार्रवाई और जांच पर सभी की निगाहें टिकी हैं। वही आलमबाग इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर फोन नंबर की जांच पड़ताल की जा रही है।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**




गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

### चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

### प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



### किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.



### दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

### गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयां को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




### सही क्वालिटी के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटी के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

### सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला तो वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

### चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती है. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हीं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

### खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

### ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेस्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

### अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयां धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.